संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार 04 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 152 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को नई दिल्ली में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) मुख्यालय के नए कार्यालय भवन का उद्घाटन किया।

# सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करके पाक को आठ घंटे में घुटनों पर ला दिया: सीडीएस

## सीडीएस जनरल अनिल चौहान पुणे नें सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के रक्षा एवं रणनीतिक विभाग की ओर से 'फ्यूचर वार एंड वारफेयर' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित किया

**वॉर**

**हमने सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि हमने 7 मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। उन्होंने कहा कि किसी भी मिलिट्री ऑपरेशन में नुकसान होना महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि सफलता लक्ष्य पाने से आंकी जाती है। उन्होंने कहा कि तकनीकी मापदंडों के आधार पर विशेष डेटा निकाल कर इस संघर्ष में हुए नुकसान की जानकारी साझा की जाएगी। सीडीएस जनरल अनिल चौहान पुणे में सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी के रक्षा एवं रणनीतिक विभाग की ओर से 'फ्यूचर वार एंड वारफेयर' विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पिछले दिनों सिंगापुर में दिए गए बयान की चर्चा अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि उन्होंने कहा कि हमने सात मई को सर्जिकल स्ट्राइक शुरू करने के दिन ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। इसके बाद जब पाकिस्तान की तरफ से बयानबाजी हुई, तो हमने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान हम पर हमला करता है, सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करता है, तो हम जवाबी हमला करेंगे, उन पर और भी जोरदार हमला करेंगे। सिंगापुर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की तरफ से हुए नुकसान के बारे में पूछे जाने पर सीडीएस ने कहा कि जब मुझसे हमारी तरफ से हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं है। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। मान लीजिए आप क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने जाते हैं और आप किसी तरह से जीत जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका सवाल नहीं रह जाता है। मापदंडों के आधार पर हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और कितने रडार नष्ट किए।

### उनके आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था

हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि 10 मई को रात करीब 1 बजे उनका (पाकिस्तान का) लक्ष्य भारत को 48 घंटे में घुटने टेकने पर मजबूर करना था। जबकि हमने केवल आतंकी ठिकानों पर ही हमला किया था।

### बताये गये लक्ष्यों से अधिक लक्ष्यों पर किया हमला

**ऑपरेशन** 'सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने उन पाकिस्तानी ठिकानों को भी निशाना बनाया था, जिनके बारे में हवाई हमलों के बाद भारतीय वायु सेना या डीजीएमओ ने नहीं बताया था। पाकिस्तान ने 18 मई को कई देशों को सौंपे गए अपने डोजियर में माना है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय मिसाइलों और ड्रोनों से पाकिस्तान में कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है। डोजियर में साफ तौर पर दिखाया गया है कि भारत ने पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरांवाला, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमला किया। पाकिस्तान के एक आधिकारिक डोजियर से पता चला है कि भारत ने अपने बताए गए लक्ष्यों की तुलना में कम से कम सात अधिक लक्ष्यों पर हमला किया।

### ऑपरेशन सिंदूर ने इतिहास रच दिया



**सीडीएस** ने कहा कि उन्होंने सोचा था कि ऑपरेशन 48 घंटे तक चलेगा, जो करीब 8 घंटे में ही खत्म हो गया और फिर उन्होंने फोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जहां तक हवाई युद्ध का सवाल है तो ऑपरेशन सिंदूर ने इतिहास रच दिया। विरोधी के खिलाफ सफल ऑपरेशन किए गए, जिससे सटीकता और आक्रामक इरादे के साथ अंदर तक लगातार ऑपरेशन करने में भारत की क्षमता साबित हुई है। यह एक बड़ी उपलब्धि थी कि हम विरोधी के हवाई रक्षा नेटवर्क को भेदने में सक्षम थे। सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता की अस्थायी समाप्ति है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि हम लंबे समय तक संघर्ष में नहीं पड़ना चाहते थे। हमने ऑपरेशन पराक्रम में अपना अनुभव देखा है। हम लगभग नौ महीने तक वहां रहे। इसमें बहुत अधिक खर्च होता है, सब कुछ बाधित होता है। सीडीएस ने कहा कि जहां तक पाकिस्तानी पक्ष का सवाल है तो मैं दो अनुमान लगा सकता हूं। पहला, वे बहुत लंबी दूरी पर तेजी से चीजें खो रहे थे और उन्होंने सोचा कि अगर यह कुछ और समय तक जारी रहा तो और अधिक नुकसान होने की संभावना है और इसलिए उन्होंने टेलीफोन करके सीजफायर का प्रस्ताव रखा।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद और कपिल मिश्रा मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में वायु प्रदूषण शमन योजना 2025 के शुभारंभ के दौरान।

## पंजाब में पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब के तरनतारन जिले के रहने वाले एक व्यक्ति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की गतिविधियों से संबंधित संवेदनशील जानकारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा कर रहा था। पुलिस ने एक मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसमें ऐसी जानकारी थी, जिसे उसने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों (पीआईओ) के साथ साझा किया था। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस-पंजाब से मिली सूचना के आधार पर तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आईएसआई और गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था।

## भारत का पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत को बनाने के लिए समझौता



**करार**

**जीआरएसई ने नॉर्वे की कंपनी कोंग्सबर्ग के साथ एक समझौते पर किए हस्ताक्षर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत का पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत (पीआरवी) बनाने के लिए कोलकाता की फर्म गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने नॉर्वे की कंपनी कोंग्सबर्ग के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब भारत के लिए स्वदेशी रूप से पहला ध्रुवीय अनुसंधान पोत (पीआरवी) बनाने का रास्ता साफ हो गया है। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि 2 जून को ओस्लो, नॉर्वे में समुद्री व्यापार मेले नॉरशिपिंग के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ये एमओयू भारत की कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड और नॉर्वे की कोंग्सबर्ग कंपनी के साथ किए गए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल की उपस्थित थे। मंत्रालय के मुताबिक जीआरएसई और नोग्सबर्ग के बीच यह समझौता भारत के जहाज निर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि इसे पीआरवी विकसित करने के लिए डिजाइन विशेषज्ञता प्राप्त होगी। साथ ही राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र की आवश्यकता को ध्यान में रखा जाएगा, जो इसका उपयोग ध्रुवीय और दक्षिणी महासागर क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों के लिए करेगा। केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल नोर-शिपिंग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नॉर्वे की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। साथ ही वे डेनमार्क की भी यात्रा करेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक समुद्री क्षेत्र के नेताओं के साथ समुद्री संबंधों को और मजबूत करना है।

## बाढ़ व लैंडस्लाइड से नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में 37 लोगों की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**इम्फाल।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में 29 मई को मानसून ने दस्तक दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी मानसून वहीं ठहरा हुआ है। इसके चलते मणिपुर, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और सिक्किम में तेज बारिश हो रही है। नॉर्थ-ईस्ट राज्यों में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 36 लोगों की मौत हो चुकी है। असम के 22 जिलों में 5.35 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं और अब तक 11 लोगों की मौत हुई है। 15 नदियां उफान पर हैं। सड़क, रेल और बोट सर्विस प्रभावित है। कुल 165 राहत शिविरों में 31 हजार 212 लोग ठहराए गए हैं। उत्तरी सिक्किम के लाचेंग-चुंगथांग कस्बों में लैंडस्लाइड के कारण फंसे 1678 टूरिस्ट्स रेस्क्यू किए गए। इसमें 36 लोगों को ठअक्र की टीम ने हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया। 100 से ज्यादा अभी भी यहां फंसे हैं। मंगन जिले में बाढ़ को आपदा घोषित किया गया है। 31 मई की शाम जिले के छातेन में मिलिट्री कैंप पर लैंडस्लाइड में 3 जवानों की मौत हुई थी। लापता 6 जवानों की तलाश जारी है। इधर, बिहार के सीवान में सोमवार को आंधी-बारिश के बाद दीवार-पेड़ गिरने से अलग-अलग इलाकों में 2 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। जयपुर में भी दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 38 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

## आईएएस को विकसित भारत के निर्माण में सहयोग का आह्वान



**संबोधन**

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आईएएस भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी (आईएएस) विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपने काम में प्रौद्योगिकी और नवाचार का उपयोग करना चाहिए ताकि वे अधिक कुशल और पारदर्शी प्रशासन प्रदान कर सकें। राष्ट्रपति मुर्मु ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 127वें प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने काम में निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखनी चाहिए। अधिकारियों को अपने अधिकारों का उपयोग सहानुभूति, निडरता और निष्पक्षता के साथ करना चाहिए। विकसित भारत के निर्माण में आईएएस अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## आतंकवाद के खिलाफ है विश्व को एकता की आवश्यकताः ओम बिरला



**टीम एक्शन इंडिया**
**लिस्बन।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता है और सभी देशों को मिलकर इस वैश्विक खतरे के खिलाफ साझा रणनीति बनानी चाहिए। उन्होंने इसे वैश्विक शांति और मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत की प्रगति और सामाजिक सौहार्द को बाधित करने का प्रयास था, जिसे सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत विफल किया। बिरला ने ये विचार पुर्तगाल गणराज्य की असेंबली के प्रेसिडेंट जोस पेड्रो अगुइर-ब्रैंको के साथ बैठक में रखे।

## रक्षा मंत्रालय ने मीडिया को एडवाइजरी जारी की

### वायुसेना की गतिविधियों, उपलब्धियों और बलिदानों को दिखाने के प्रयासों की सराहना



**एडवायजरी**

**सेना और नदाके परिवारों से आधारिक अनुमति के बिना मीडिया उनकी स्टोरी नहीं बनाए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारियों और उनके परिवारों की निजता को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को मीडिया को एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि कहानियों या साक्षात्कारों के लिए सेवारत या सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों के घरों या परिवारों से तब तक मिलने से परहेज करें, जब कि आपको स्पष्ट रूप से आमंत्रित न किया गया हो या आधिकारिक चैनलों से अनुमति न मिली हो। एडवाइजरी में कहा गया है कि उनके घरों के पते, परिवार की तस्वीरों या ऐसी कोई भी जानकारी जो लोगों के लिए जरूरी नहीं है, उन्हें प्रकाशित और प्रसारित न करें। सैनिकों के परिवार की निजता का सम्मान करें। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय मीडिया द्वारा भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की गतिविधियों, उपलब्धियों और बलिदानों को दिखाने के प्रयासों की सराहना करता है। मीडिया की भूमिका लोगों को जानकारी देने और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति समझ बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण है। हाल ही में जारी ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की भूमिका रही है।

## रेशनलाइजेशन कमीशन ने सौंपी मुख्यमंत्री नायब सैनी को 18 रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ः**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यहां आयोजित एक बैठक के दौरान रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा के अध्यक्ष श्री राजन गुप्ता, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा 18 रिपोर्टों का पहला सेट प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों के पुनर्गठन की सिफारिश करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इन निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को स्वीकार करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को कमीशन की रिपोर्टों के कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पांच विभागों को पायलट आधार पर लिया जाना चाहिए।

**भूमि आवंटन**

### प्रत्येक परिवार को गृह निर्माण के लिए तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी

## मुख्यमंत्री ने 89 पौंगडैम विस्थापितों को भूमि के कागजात प्रदान किए



**हिमाचल प्रदेश**

**सीएम ने आश्वासन दिया कि शेष विस्थापित परिवारों को भी निकट भविष्य में भूमि आवंटित की जाएगी।**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमलाः**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के देहरा विधानसभा क्षेत्र के हरिपुर में कार्यक्रम के दौरान 89 पौंगडैम स्थापितों को भूमि आवंटन के प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के समक्ष स्थानीय विधायक ने पौंगडैम विस्थापितों के मामले की पुरजोर वकालत की। यह परिवार गत 50 वर्षों से विस्थापन का दंश झेल रहे हैं और उन्हें अपने दस्तावेज प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब उन्हें उनका अधिकार प्रदान कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष विस्थापित परिवारों को भी निकट भविष्य में भूमि आवंटित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक परिवार को गृह निर्माण के लिए 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र का पिछले 25 वर्षों तक कांग्रेस के किसी विधायक ने प्रतिनिधित्व नहीं किया। अहंकार के भाव में आकर एक निर्दलीय विधायक ने लोकतंत्र का अपमान करते हुए विधायक पद से इस्तीफा दे दिया और 11 माह पहले उप-चुनाव में जीत दर्ज कर कमलेश ठाकुर को इस विधानसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व का अवसर प्राप्त हुआ। देहरा क्षेत्र कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। देहरा के दौरे के दौरान नंदपुर की दो लड़कियों ने मुझे अवगत करवाया कि बरसात में यहां आवागमन का कोई साधन उपलब्ध नहीं होता था। मैं आप सभी को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस वर्ष दिसम्बर तक नंदपुर पुल का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# कुरुक्षेत्र में अब शिक्षा और कौशल का नया अध्याय शुरू : जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** अपने संसदीय कार्यकाल का पहला साल पूरा होने पर, कुरुक्षेत्र के सांसद जिन्दल ने 'नवीन अवसर' सेंटर ऑफ मल्टी-स्किलिंग एंड ओपोर्च्युनिटीज के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक केंद्र युवाओं और महिलाओं को कौशल विकास, करियर मार्गदर्शन और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। कुरुक्षेत्र अब शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक नए, महत्वपूर्ण अध्याय की शुरूआत कर रहा है। 'नवीन अवसर' पहल के तहत, नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने देश की कई प्रतिष्ठित संस्थाओं और कुछ प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इन सांझेदारियों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार करना है। इन समझौतों के तहत, प्रशिक्षणार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ और बीमा जैसे तेजी से




बढ़ते क्षेत्रों में आधुनिक कौशल सिखाए जाएँगे। इसके साथ ही, उन्हें विदेशी भाषाओं का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो वैश्विक रोजगार के अवसरों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि कुरुक्षेत्र के युवा न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धी बन सकें। 'नवीन अवसर' का लक्ष्य केवल हुनर सिखाना नहीं, बल्कि हर युवा को आत्मनिर्भर और सफल बनाना है।

इस मल्टी-स्किलिंग सेंटर में केवल तकनीकी प्रशिक्षण ही नहीं दिया जाएगा, बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों को मशरूम खेती जैसी नवाचार-आधारित आजीविका योजनाओं से भी जोड़ा जाएगा। यह कदम ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने कहा - 'नवीन अवसर' सेंटर ऑफ मल्टी-स्किलिंग एंड ओपोर्च्युनिटीज केवल एक स्किलिंग सेंटर नहीं है, बल्कि यह हमारे युवाओं और बहनों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की एक नई शुरूआत है।यह वह मंच है, जहां हुनर को पहचान मिलेगी, सपनों को दिशा मिलेगी, और मेहनत को सम्मान मिलेगा। मेरा संकल्प है–हर हाथ को हुनर मिले, हर सपने को दिशा मिले।कुरुक्षेत्र की मिट्टी ने मुझे अवसर दिए, अब मेरा कर्तव्य है कि मैं यहां के हर नागरिक को बेहतर अवसर लौटाऊं। यह पहल उसी संकल्प की पहली ईंट है–जो हमारे क्षेत्र को समृद्धि, सम्मान और स्थायी विकास की राह पर ले जाएगी। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के किसानों को उन्नत खेती और तकनीक से रूबरू कराने के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने हाल ही में किसान मेले का आयोजन भी किया था, जिसमें कुरूक्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों के किसानों और किसान संगठनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। कंपनियों के नाम जिनके साथ एमओयू किया गया कल्टस एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी सर्विस, एजुजोब एकेडमी/2 सीआओएमएस, आईटी-आईटी सैक्टर स्किल काउंसिल, 21सीसी एजुकेशन, इंडीक एआई/विद्या एआई, स्किलवैरी, डीएचईवाईए कैरियर मैटर्स, मैजिक बिलियन, ग्लोबल नर्स फोर्स, वीएन ऑर्गेनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, एक्सईएन एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड आदि।

# नागरिक अस्पताल में पहुंची नई एक्सरे मशीन मरीजों को मिलेगी सुविधा

**सोनीपत:** जिला नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सक सुविधा उपलब्ध हो उसके लिए अस्पताल प्रबंधन अपने स्तर पर कदम उठाने का काम कर रहा है। अस्पताल में नई एक्सरे मशीन पहुंची है। जिसे जल्द स्थापित कर मरीजों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवा दिया जायेगा। हालांकि अस्पताल में मौजूद समय में एक मशीन पहले स्थापित है। साथ ही पोर्टेबल मशीन भी प्रबंधन के पास मौजूद है। प्रबंधन के पास एक मशीन डिजिटल तो एक मशीन सीडीआर है। डिजिटल मशीन को ओपीडी के मरीजों को लिए इंस्टाल किया जाएगा, जबकि सीडीआर मशीन को ओटी के लिए इंस्टॉल किया जाएगा। अस्पताल में दो मशीनें होने से मरीजों को राहत मिलेगी। बता दें कि नागरिक अस्पताल में हर रोज दो हजार के करीब मरीजों की ओपीडी संख्या है। जिसमें से हड्डी विभाग व फिजियोथेरेपिस्ट ओपीडी की संख्या पांच सौ के करीब प्रतिदिन है। प्रबंधन की तरफ से अस्पताल में एक्सरे की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध करवाई जा रही है। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष, सहित ओपीडी में एक्सरे के लिए चिकित्सक लिखते है। मौजूदा समय में अस्पताल के एक्सरे विभाग में एक ही मशीन स्थापित है जो ऑनलाइन प्रणाली पर कार्य करती है। कई बार ऑनलाइन प्रणाली में तकनीकी खराबी आ जाती है। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया। जिसके बाद अस्पताल में एक्सरे मशीन पहुंची है। जिसे आगामी दिनों में एक्सरे विभाग में स्थापित किया जायेगा।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलफाम उर्फ डब्बू, पुत्रः मो. हारून, पताः कल्लू प्रधान का मकान, गांव कोंडली, दिल्ली** ने **FIR No. 326/2010, U/s 186/353/332/395 IPC, पुलिस थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गुलफाम उर्फ डब्बू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्षित कर दिया गया है कि उक्त **गुलफाम उर्फ डब्बू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 326/2010, U/s 186/353/332/395 IPC, पुलिस थाना न्यू अशोक नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **गुलफाम उर्फ डब्बू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सुशांत चंगोत्रा
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
पूर्वी, कमरा नं. 30
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6800/ED/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरिओम**, पुत्रः **रामाश्रय**, निवासः **30, गली नं. 29, शिव विहार, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 421/21, U/S 188/269/270/34 IPC & 12/9/55 G. Act , थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **हरिओम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरिओम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 421/21, U/S 188/269/270/34 IPC & 12/9/55, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरिओम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती कोमल गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 03
रूम नं. 292, पश्चिम जिला
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7036/OD/2025 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश कुमार पुत्र ब्रंची पंडित पताः झुग्गी–10, ब्लॉक शमशान घाट के पास गीता कॉलोनी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 379/2016 धारा 3/4/9/55 दिल्ली जुआ अधिनियम के तहत** थानाः मंडावली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 379/2016 धारा 3/4/9/55 दिल्ली जुआ अधिनियम के तहत थानाः मंडावली, दिल्ली के उक्त मुकेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सचिन
न्यायिक दण्डाधिकार प्रथम श्रेणी–03
पुर्वी जिला, कोर्ट नं.16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6378/ED/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82(2)(ii)Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **बादल पुत्रः श्री विजेन्दर, पताः** मकान नं. झुग्गी नं. 32, वाई ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली, **FIR No. 177/2019, U/s 392/452834 IPC,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बादल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बादल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 177/2019, U/s 392/452834 IPC,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **बादल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6980/OD/2025
(Court Matter)


# इग्नू ने हिंदी और ओडिया में एमबीए प्रोग्राम किया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपतः** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्विद्यालय (इग्नू) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्मपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अब इग्नू ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हिंदी और ओडिया भाषा में एमबीए कोर्स शुरू किया है। मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) करने के इच्छुक छात्र अब हिंदी और ओडिया भाषा में भी कोर्स कर सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने हिंदी और ओडिया भाषा में एमबीए कार्यक्रमों की शुरूआत कर दी है। इग्नू द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने के लिए इग्नू ने इन कार्यक्रमों को शुरू किया। यह पहल ई-कुंभ परियोजना के तहत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के साथ मिलकर की गई है। क्षेत्रीय भाषाओं में एमबीए



कार्यक्रम पेश कर इग्नू ने पेशेवर शिक्षा को छात्रों के लिए सुलभ बनाया है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव मृत्युंजय बेहरा ने कहा कि यह पहल शैक्षिक समानता की दिशा में मील का पत्थर है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने पर जोर दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव ने इसे शैक्षिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इग्नू की कुलपति ने कहा कि भाषा अब शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा संख्या: 11-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 02.06.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में संपर्क तार का प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 11,40,24,093.36/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 7,20,100/- |
| 4 | प्री–बिड कॉन्फ्रेंस की तारीख और समय | 10.06.2025 (11:30 बजे) |
| 5 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 12.06.2025 (10:30 बजे) से 26.06.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 26.06.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

1640/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08251506 | प्रोक्यूर्मेंट ऑफ रिले क्यू एन ए 1 | 2459 नग | 25-06-25 |
| 02 | 08245829 | सप्लाई ऑफ रिलायबिलिटी इम्प्रूवमेंट किट | 36 सेट | 30-06-25 |
| 03 | 02255025 | डीजल इंजन लीड एसिड स्टारटर बैटरीज | 235 सेट | 30-06-25 |
| 04 | 19252604 | 1-1/4 इंच कट ऑफ एंगल कॉक | 3472 नग | 30-06-25 |
| 05 | 09252589B | प्राइमरी ब्रेक बीम असेंबली | 181 नग | 30-06-25 |
| 06 | 14250838C | रेफ्रिजरेंट गैस क्लोरोडीफ्लूओरो मीथेन | 8179 किलो ग्राम | 01-07-25 |
| 07 | 07250246 | फ्लेक्सबल केबल | 150 नग | 01-07-25 |
| 08 | 07250203 | फ्लेक्सबल केबल | 150 नग | 01-07-25 |
| 09 | 04240040 | आयल सर्वो प्रेस 150 आर आर | 43890 लीटर | 07-07-25 |
| 10 | 16250538 | ब्रेक रिंगगिंग किट | 52 सेट | 10-07-25 |
| 11 | 15255102 | सी एन सी सरफेस व्हील | 1 नग | 14-07-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 20/2025–2026 दिनांक 03.06.2025 1644/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 25/26 दिनांकः 03.06.2025

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस. ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 70253501 | पीयू बेस्ड जेनसन ब्लू | 79639 लीटर | 30.06.2025 |
| 2 | 70253003 | एम. एस. वैल्डिंग एलेक्ट्रोडेस क्लास ए1 | 631437 मीटर | 01.07.2025 |
| 3 | 70253502 | पैंट एनामेल जेनसन ब्लू | 25622 लीटर | 25.07.2025 |
| 4 | 64255138 | ऐअर कंडीशनर यूनिट फॉर ट्रैक मशीन | 21 नग | 02.07.2025 |
| 5 | आरसी6कोर5025 | सिगनलिंग केबल साइज 6 कोर x 1.5 एस क्यू एम एम | 537 कि.मी | 10.07.2025 |
| 6 | आरसी48 ओएफसी5025 | 48 आर्मर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल | 800 कि.मी | 14.07.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। **965/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना सं0:** JHS/Br/L/2025-26/06 **दिनांक:** 31.05.2025

### ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

उप मुख्य इन्जी/ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 25.06.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

**निविदा नं.:** Br-JHS-2025-06 **अनुमानित मूल्य (रू):** ₹ 15,23,88,444.54

**कार्यों का विवरणः** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना खंड के बिजरौठा, जखौरा और दैलवारा में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं में कमी की पूर्ति के लिए रैंप के साथ 03 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान।

**बयाने की रकम (रू):** ₹ 9,12,000/- **निविदा बंद की तिथिः 25.06.2025**

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधारः** स्टील पुलों/फुट ओवर ब्रिज का फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन/लांचिंग का कार्य। **कार्य समापन की अवधिः** 08 महीना

**नोटः-** **(1)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर **समय 15.00 बजे** तक निविदा बंद की तिथि **दिनाक 25.06.2025** तक उपलब्ध है। **(2)** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(3)** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि सलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **(4)** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **(5)** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान या बैंक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **(6)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(7)** आनलाइन निविदा **दिनांक 25.06.2025 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **957/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# बाग लगाकर बढ़ाएं आमदनी, सरकार दे रही है 70 फीसदी तक सब्सिडी

**टीम एक्शन इंडिया/कमाल हुसैन**

**पानीपतः** बागवानी को अपनाकर किसान अपनी अतिरिक्त आमदनी सुनिश्चित कर सकते हैं। बागवानी खेती का ऐसा तरीका है, जिसमें फसलों के साथ साथ फलों के उत्पादन से भी आमदनी की जा सकती है। सरकार भी किसानों को बागवानी के प्रति जागरूक करने के लिए भरसक प्रयास कर रही है और बाग लगाने पर किसानों को 70 प्रतिशत तक सब्सिडी भी दी जा रही है। जिला बागवानी अधिकारी डॉ. शार्दुल शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी विभाग के माध्यम से कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के जरीए बागवानी को अपनाकर किसान अतिरिक्त आमसुनिश्चित कर सकते हैं। किसानों को बागवानी विभाग की योजनाओं के अनुसार बाग लगाने पर 70 प्रतिशत तक सब्सिडी भी दी जा रही है। सरकार की योजना के अनुसार जिला में किसानों को बाग लगाने पर 43 हजार रुपए प्रति एकड़ व सब्जी लगाने पर 15 हजार रुपए से 25 हजार 500 रुपए प्रति एकड़ तक का अनुदान दिया जा रहा है।

**बागवानी**

**जिला बागवानी अधिकारी डॉ. शार्दुल शर्मा ने बताया कि बागवानी विभाग कई योजनाएं चला रहा है**


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सत्येन्द्र जैन की मानहानि याचिका पर सांसद बांसुरी स्वराज ने दाखिल किया जवाब

## बांसुरी स्वराज ने अपने जवाब में सत्येंद्र जैन की याचिका को राजनीति से प्रेरित बताया

**मानहानि**

- स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने दलीलें सुनने के लिए अगली सुनवाई 4 जुलाई को करने का आदेश दिया।






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट में मंगलवार को भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की ओर से दायर आपराधिक मानहानि याचिका खारिज करने के मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब दाखिल किया। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने इस मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के लिए अगली सुनवाई 4 जुलाई को करने का आदेश दिया।
मंगलवार को सुनवाई के दौरान बांसुरी स्वराज की ओर से पेश वकील मान्या हसीजा और टी इलैयारासु ने कहा कि उन्होंने सत्येंद्र जैन की याचिका का जवाब 30 मई को ही दाखिल कर दिया था। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने दलीलें रखने के लिए समय देने की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 4 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सेशंस कोर्ट ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 7 मार्च को नोटिस जारी किया था। 20 फरवरी को एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने सत्येंद्र जैन की याचिका खारिज करने का आदेश दिया था।
मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई के दौरान बांसुरी स्वराज ने अपने जवाब में सत्येंद्र जैन की याचिका को राजनीति से प्रेरित बताया था। सुनवाई के दौरान बांसुरी स्वराज की ओर से पेश वकील ने कहा था कि जैन की ओर से लगाए गए आरोप दिल्ली में विधानसभा चुनाव की वजह से लगाए गए हैं। उन्होंने कहा था कि इस मामले में जैन न्यायिक हिरासत में भी रहे हैं। याचिका में कहा गया था कि बांसुरी स्वराज ने 5 अक्टूबर 2023 को टीवी चैनल पर प्रसारित एक इंटरव्यू में उनकी छवि खराब करने वाले बयान दिए थे। इस बयान में बांसुरी स्वराज ने सत्येंद्र जैन को भ्रष्ट और फर्जी करार दिया था। ये बयान झूठे थे जिसका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं था।सत्येंद्र जैन ने याचिका में कहा था कि बांसुरी स्वराज का ये बयान उन्हें बदनाम करने के लिए दिया गया था। इस बयान के जरिये बांसुरी स्वराज बेजा राजनीतिक लाभ लेना चाहती थीं। इस इंटरव्यू को लाखों लोगों ने देखा। इससे उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई। सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति रखने और मनी लांड्रिंग के मामले चल रहे हैं।

# कैट-मेटा ने व्यापार सखी कार्यक्रम किया लांच, महिला व्यापारियों को सशक्त बनाने की पहल

**व्यापार**

- एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में इस कार्यक्रम में 150 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया




### व्यापार सखी कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं

सात भारतीय भाषाओं में स्थानीय स्तर पर अनुकूलित डिजिटल प्रशिक्षण, डिजिटल स्टोरफ्रंट स्थापित करने और प्रबंधन के लिए व्यावहारिक कार्यशालाएं, प्रमुख शहरों और उभरते व्यापारिक नगरों में कौशल विकास सत्र, वित्तीय स्वतंत्रता और समावेशी उद्यमिता पर विशेष बल है।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देशभर में समावेशी आर्थिक विकास और महिला-उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने मंगलवार को मेटा के साथ संयुक्त रूप से व्यापार सखी कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य देशभर में महिला व्यापारियों को डिजिटल टेक्नोलॉजी के जरिए अपने व्यापार को सशक्त बनाना है। नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक महिला उद्यमियो ने भाग लिया तथा अपने अनुभव, विचार और उद्यमिता की यात्रा की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिला उद्यमिता विजन के तहत शुरू किया गया ह्यव्यापार सखी कार्यक्रम महिला उद्यमियों, विशेषकर छोटे शहरों और ग्रामीण भारत की महिलाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस पहल के जरिए महिलाओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे अपने व्यापार को बढ़ा और विस्तारित कर सकें। खंडेलवाल ने कहा कि कैट देशभर के संभावित खरीदारों से महिला उत्पादकों को जोड़ने के लिए एक मैचमेकिंग प्रणाली विकसित करेगा, जिससे उनके उत्पादों को नई बाजार संभावनाएं और व्यापक दृश्यता मिलेगी। इस अवसर पर मेटा इंडिया के वाइस प्रेजिडेंट एवं पब्लिक पॉलिसी हेड शिवनाथ ठुकराल ने इस पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि व्यापार सखी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नारी शक्ति और महिला-नेतृत्व वाले विकास के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा सदन का दौरा कर वहां चल रहे नवीनीकरण और आधुनिकीकरण कार्यों का जायजा लिया।

# घर से 10 किलोमीटर दूर अवैध निर्माण की याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने घर से 10 किलोमीटर दूर अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए दायर याचिका पर एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता का कानूनी या मौलिक अधिकार उसके आवास से 10 किलोमीटर दूर किसी भी गतिविधि से स्पष्ट रूप से प्रभावित नहीं होता है। कोर्ट ने कहा कि याचिका गलत उद्देश्य से दायर की गई है और इस पर विचार नहीं किया जा सकता। उक्त टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याचिकाकर्ता को चार सप्ताह के भीतर 50 हजार रुपये की धनराशि दिल्ली हाई कोर्ट एडवोकेट वेलफेयर ट्रस्ट में जमा कराने का आदेश दिया। याचिका खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता के आवास से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित संपत्ति में हो रही किसी भी निर्माण गतिविधि से याचिकाकर्ता का कोई भी कानूनी या मौलिक अधिकार किसी भी तरह प्रभावित नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जिसमें वादी का कोई सीधा हित नहीं है। यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता का संबंधित संपत्ति से कोई संबंध नहीं है। वसंत विहार निवासी याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने महरौली में अवैध और अनाधिकृत निर्माण गतिविधि देखी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि एक इमारत में छठी मंजिल तक निर्माण पूरा हो चुका है।

# नई दिल्ली बार एसोसिएशन के चुनाव में फर्जीवाड़ा के आरोप पर याचिका दायर

**याचिका**

- याचिकाकर्ता ने प्रॉक्सिमिटी कार्ड का डेटा भी पेश करने की मांग की
- आरोप है कि बिना प्रॉक्सिमिटी कार्ड स्कैन कराए डाले गए वोट
- गत 21 मार्च को नई दिल्ली बार एसोसिएशन के चुनाव हुए थे




### आरोप है कि बिना प्रॉक्सिमिटी कार्ड स्कैन कराए डाले गए वोट

बार चुनाव में मतदान में फजीर्वाड़े का आरोप लगाते हुए कहा गया था कि 21 मार्च को चुनाव के दौरान जिन अधिवक्ताओं के प्रॉक्सिमिटी कार्ड स्कैन नहीं हुए, उन्हें भी मतदान करने की अनुमति दी गई थी। 21 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के साथ ही एनडीबीए के चुनाव हुए थे। हालांकि, चुनाव में फर्जी तरीके से हुए मतदान करने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गई थी। चुनाव में एनडीबीए अध्यक्ष पद पर नागेंद्र कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमन वर्मा, उपाध्यक्ष नवनीत पंवार व सचिव पद पर तरुण राणा समेत अन्य ने जीत दर्ज की थी।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नई दिल्ली बार ऐसोसिएशन के चुनाव में मतदान के दौरान फजीर्वाड़ा का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गई है। इस याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से पेश किए गए रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के लिए हाई कोर्ट रजिस्ट्री को आदेश दिया है। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने निर्देश दिया कि 21 मार्च को हुए चुनाव की वीडियोग्राफी के साथ ही रिटर्निंग आफिसर को सौंपे गए घोषणा पत्र संबंधित रिकॉर्ड को संरक्षित रखा जाए। याचिकाकर्ता ने प्रॉक्सिमिटी कार्ड का डेटा भी पेश करने की मांग की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर को प्रॉक्सिमिटी कार्ड का डेटा भी पेश करना चाहिए। रिटर्निंग ऑफिसर की तरफ से कोर्ट को सूचित किया गया कि संबंधित डेटा हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के पास है।

# महापौर की ग्रीन बकरीद मनाने की अपील, कहा- खुले में कुरबानी पर होगी कार्यवाही

**बकरीद**

- दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने इको-फ्रेंडली बकरीद मनाने की अपील की।



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को पर्यावरण और पशु संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इको-फ्रेंडली बकरीद मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खुले में या अवैध तरीके से कुबार्नी देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने कहा कि पशुओं की सार्वजनिक कुबार्नी रोकी जानी चाहिए। यदि निर्धारित स्थानों के बाहर कुबार्नी की जाती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि खुले में अथवा गैरकानूनी रूप से की गई कुबार्नी पर कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की ओर से गाजीपुर का "स्लॉटर हाउस" खुला रहेगा। जिन्हें कुबार्नी देनी है, वे अधिकृत "स्लॉटर हाउस" का उपयोग करें। अवैध रूप से कुबार्नी करने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त कदम उठाएगा। सिंह ने कहा कि ग्रीन बकरीद मनाकर भी ईद मनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बकरीद पर कुबार्नी के स्थान पर इबादत और दान के माध्यम से त्योहार मनाएं।

# ब्रह्मपुरी में मस्जिद विस्तार पर एमसीडी की कार्रवाई



**कार्रवाई**

- ब्रह्मपुरी में मस्जिद विस्तार का निर्माण सील
- निगम ने पुलिस की मदद से की कार्रवाई
- गलत नक्शे से निर्माण का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** ब्रह्मपुरी गली नंबर-12 में मस्जिद विस्तार के निर्माण स्थल को सील कर दिया गया है। नगर निगम के शाहदरा उत्तरी जोन की टीम ने पुलिस के सहयोग से सोमवार को सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दिया। निगम के मुताबिक, यहां बने ढांचे को ध्वस्त भी कराया जाएगा। उसके लिए अधिक पुलिस बल मांगा गया है। गली नंबर-12 में 75-75 गज के दो भूखंडों को जोड़ कर उस पर गली नंबर-13 की मस्जिद को विस्तार देने के लिए पिलर बनाए गए थे। अल मतीन वेल्फेयर सोसायटी यह काम करा रही थी। गत मार्च में गली नंबर-12 में रह रहे हिंदू परिवारों ने इस निर्माण को अवैध बताकर विरोध करते हुए अपने घरों के बाहर ह्यमकान बिकाऊ हैह्न लिख कर पोस्टर चस्पा कर दिए थे।
लोगों का आरोप था कि जानबूझकर निर्माण कराकर हिंदू परिवारों को पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है। इन परिवारों का कहना था कि जिस जगह मस्जिद विस्तार किया जा रहा है, उससे 100 मीटर की दूरी पर पुराना शिव मंदिर है। इसके पास मस्जिद बनेगी और उसका गेट खुलेगा तो किसी न किसी दिन विवाद खड़ा होगा।
त्योहारों पर भीड़ जुटेगी तो दोनों ही समुदाय के लोगों को दिक्कत होगी। उस वक्त इस मामले में निगम ने भी स्पष्ट किया था कि इसका नक्शा तथ्य छिपाकर स्वीकृत कराया गया था। नक्शे के आवेदन में निर्माण आवासीय श्रेणी का बताया गया था। सच सामने आने पर फरवरी मध्य में निर्माण कार्य रुकवा दिया गया था। विरोध होने के बाद इसका नक्शा भी निरस्त किया दिया गया था। साथ ही निर्माण को ध्वस्त करने के लिए भी नोटिस दिया गया था।

# दिव्यांग लड़की का अपहरण कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**अपराध**

- दिव्यांग लड़की का अपहरण कर हत्या
- पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार
- आरोपी ने दुष्कर्म के बाद की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस ने दिव्यांग लड़की का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या करने वाले बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी कार्रवाई के दौरान पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी है। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया है।
आरोपी ने पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म किया था। लड़की के शोर मचाने पर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। कालिंदी कुंज थाना क्षेत्र के मदनपुर खादर एक्सटेंशन में 31 मई को घर की छत पर सो रही 22 वर्षीय दिव्यांग लड़की का अपहरण कर लिया गया था। अपहरण के बाद बदमाश ने लड़की की हत्या कर दी थी। फिर उसका शव सुनसान जगह पर फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। 2 जून की रात पुलिस को सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी राजपाल कालिंदी कुंज के पुश्ता रोड पर आने वाला है। तुरंत पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई।
जैसे ही आरोपी पुश्ता रोड पर आया तो उसने पुलिस को देखा। उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसमें एक गोली एसआई शुभम चौधरी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया। राजपाल ने दुष्कर्म के इरादे से युवती का अपहरण किया था। पीड़िता ने विरोध किया तो उसने उसकी हत्या कर दी।

# 'वनतारा' मॉडल पर विकसित किया जायेगा प्राणी संग्रहालय को





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऐतिहासिक चिड़ियाघर को नए और आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में स्थित राष्ट्रीय प्राणी उद्यान को अब गुजरात के जामनगर स्थित 'वनतारा' मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इसे निजी कंपनी ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर जामनगर को सौंपा जाएगा। राष्ट्रीय प्राणी उद्यान ने जूलॉजिकल जोनल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता जंगली जानवरों के बाहरी संरक्षण, बचाव और पुनर्वास तथा स्वास्थ्य और कल्याण के लिए होगा।

# ऑटो चालक ने टैक्सी को टक्कर मारी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर एक ऑटो चालक ने लापरवाही से ऑटो चलाते हुए सड़क किनारे खड़ी टैक्सी को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में बैठा यात्री घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है, उसकी पहचान शाहबाद मोहम्मदपुर निवासी राजकुमार के रूप में हुई है। घायल यात्री की पहचान यूपी के बुलंदशहर निवासी गौरव कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल तुगलक रोड पुलिस मामला दर्ज कर लिया है।

# सिरफिरे युवक ने छात्रा का मर्डर कर शव महरौली के जंगल में जलाया




**हत्या**

- आरोपी ने उसे जहांगीरपुरी से बुलाया और चाकू से गोद डाला। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। एक सिरफिरे युवक ने छात्रा की मर्डर कर शव महरौली के जंगल में जला दिया। मृतक बीए प्रथम वर्ष की छात्रा घर से कॉलेज जाने की बात कर रविवार को निकली थी। आरोपी ने उसे जहांगीरपुरी से बुलाया और चाकू से गोद डाला। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया है।
जानकारी के अनुसार, दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित जंगलों में एक सिरफिरे युवक अर्शकीरत (22) ने रविवार दोपहर डीयू की छात्रा (18) महक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इसके बाद युवती की लाश को जलाने की भी कोशिश की। पुलिस के मुताबिक परिवार के कहने पर युवती के दूरी बनाने से नाराज हत्यारोपी ने वारदात को अंजाम दिया। सोमवार को शव बरामद करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि रविवार को सुबह 8.00 बजे घर से कॉलेज जाने की बात कर महक निकली थी। दोपहर करीब ढाई बजे अर्श के पिता ने महक की मां प्रीति के मोबाइल पर कॉल कर बताया कि उनकी बेटी ने दो युवक बुलवाकर उनके बेटे को चाकू मारे हैं। पीछे से अर्श की आवाज आई कि उसने भी महक को चाकू मारे हैं। पूछने पर आरोपी ने कुतुबमीनार के एक पार्क में चाकू मारने की बात बताई। अर्श के खुलासे के बाद परिवार बुरी तरह डर गया। बेटी का मोबाइल भी बंद आ रहा था। प्रीति अपने पति राकेश को लेकर महरौली थाने पहुंची। वहां उन्होंने बेटी की गुमशुदगी और अर्श के पिता ने जो उन्हें सूचना दी वह खबर भी दी।

**एक साल पहले हुई थी दोस्ती**

महक डीयू एसओएल से बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। उसकी शनिवार और रविवार को क्लास होती थी। अर्श रानीबाग इलाके में रहता था। वह भी डीयू एसओएल में प्रथम वर्ष का छात्र है।

# रेशनलाइजेशन कमीशन ने मुख्यमंत्री को सौंपी 18 रिपोर्ट

**रिपोर्ट**

रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा के अध्यक्ष राजन गुप्ता द्वारा 18 रिपोर्टों का पहला सेट प्रस्तुत किया गया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को यहां आयोजित एक बैठक के दौरान रेशनलाइजेशन कमीशन, हरियाणा के अध्यक्ष राजन गुप्ता, आईएएस द्वारा 18 रिपोर्टों का पहला सेट प्रस्तुत किया गया। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों के पुनर्गठन की सिफारिश करने के लिए रेशनलाइजेशन कमीशन का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए इन निकायों की दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। कमीशन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को स्वीकार करते हुए, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को कमीशन की रिपोर्टों के कार्यान्वयन के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए पांच विभागों को पायलट आधार पर लिया जाना चाहिए। हरियाणा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई, खान एवं भूविज्ञान, बागवानी और शहरी स्थानीय निकाय शामिल हैं।

**अन्य 23 विभागों की कवायद अंतिम चरण में :** आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में 16 विभाग-विशिष्ट रिपोर्ट और दो सामान्य रिपोर्ट शामिल हैं। 16 रिपोर्ट में सभी इंजीनियरिंग विभागों के साथ-साथ परिवहन, शहरी स्थानीय निकाय, कृषि, उच्च शिक्षा और अन्य शामिल हैं। श्री राजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि 5 रिपोर्टों का एक और सेट लगभग पूरा हो चुका है और कुछ दिनों के भीतर प्रस्तुत किया जाएगा। अन्य 23 विभागों के संबंध में कवायद अंतिम चरण में है।

## आयोग ने निम्नतम स्तर के कार्यालयों से लेकर विभागीय प्रमुखों तक विभागों का किया पुनर्गठन

**रेशनलाइजेशन** कमीशन के अध्यक्ष राजन गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आयोग की रिपोर्ट का उद्देश्य उन विभागों के निम्नतम स्तर को पूर्ण रूप से सशक्त बनाकर विभागीय दक्षता में सुधार करना है, जो मुख्य रूप से जनता से संवाद करते हैं, ताकि वे अधिक उत्तरदायी और जवाबदेह बन सकें। कमीशन ने निम्नतम स्तर के कार्यालयों से लेकर विभाग प्रमुख के कार्यालय तक सभी विभागों का पुनर्गठन किया है। इसने प्रत्येक कार्यालय स्तर की आवश्यकताओं के अनुसार उनके कर्तव्यों की प्रकृति के आधार पर आईटी और अन्य तकनीकी कर्मचारियों सहित उपयुक्त जनशक्ति की सिफारिश की है। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में प्रत्येक स्तर पर अतिरिक्त क्षमता के प्रावधान शामिल हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विभाग अतिरिक्त कार्यभार को प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकें।
आधुनिक तकनीकी उपकरणों के व्यापक उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रत्येक स्तर पर उपयुक्त आईटी कर्मियों की नियुक्ति पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कमीशन ने मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली से संबंधित अपनी रिपोर्ट में इस प्लेटफॉर्म के पूर्ण पुनर्गठन की सिफारिश की है।
इसने सिफारिश की है कि एच आर एम एस में विभागों के भीतर प्रत्येक कार्यात्मक और स्थापना कार्यालय के लिए स्वीकृत पद शामिल होने चाहिए। इससे कर्मचारियों की प्रभावी नियुक्ति सहित मानव संसाधन के सुचारू प्रबंधन में सुविधा होगी।

**कमीशन ने 21 विभागों में मौजूदा 1,04,980 पदों के मुकाबले 1,05,832 पदों के सृजन की संस्तुति की:** आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 88 नगर निगमों, परिषदों और समितियों के साथ-साथ 179 सरकारी कॉलेजों में से प्रत्येक के लिए संशोधित संरचना की संस्तुति की। इसमें मौजूदा सिंचाई विभाग को दो अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करके बाढ़ नियंत्रण के लिए एक स्वतंत्र जल निकासी और भूजल पुनर्भरण विभाग के निर्माण का भी प्रस्ताव किया गया। रिपोर्ट में कई विभागों में नए संस्थानों की स्थापना और अनावश्यक संस्थानों को बंद करने का सुझाव दिया।

## हरियाणा सरकार ने प्रशासनिक सचिवों के समक्ष लगाए लिंक अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति के चलते या किसी अन्य कारण से प्रशासनिक सचिवों की अनुपस्थिति में सम्बन्धित विभागों के कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा इस आशय की एक अधिसूचना जारी की गई है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग के मामले में विकास एवं पंचायत विभाग के प्रशासनिक सचिव को लिंक अधिकारी-1 और पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के प्रशासनिक सचिव को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है। विकास एवं पंचायत विभाग के मामले में पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के प्रशासनिक सचिव लिंक अधिकारी-1 और सेवा विभाग के प्रशासनिक सचिव लिंक अधिकारी-2 होंगे। पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग के मामले में सेवा विभाग के प्रशासनिक सचिव को लिंक अधिकारी-1 और विकास एवं पंचायत विभाग के प्रशासनिक सचिव को लिंक अधिकारी-2 का दायित्व सौंपा गया है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मामले में सहकारिता के प्रशासनिक सचिव लिंक अधिकारी-1 और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रशासनिक सचिव लिंक अधिकारी-2 होंगे। सहकारिता विभाग के मामले में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रशासनिक सचिव को लिंक अधिकारी-1 और मत्स्य पालन विभाग के प्रशासनिक सचिव को लिंक अधिकारी-2 बनाया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### इग्नू ने हिंदी और ओड़िया भाषा में एमबीए प्रोग्राम किया शुरू

**चंडीगढ़।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विष्वविद्यालय(इग्नू) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत हिंदी और ओडिया भाषा में एमबीए कोर्स शुरू किया है। विष्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) करने के इच्छुक छात्र अब हिंदी और ओडिया भाषा में भी कोर्स कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इग्नू द्वारा इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के अुनसार उच्च शिक्षा को सुलभ और समावेशी बनाने के लिए इग्नू ने इन कार्यक्रमों को शुरू किया। यह पहल ई-कुंभ परियोजना के तहत अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के साथ मिलकर की गई है। क्षेत्रीय भाषाओं में एमबीए कार्यक्रम पेश कर इग्नू ने पेशेवर शिक्षा को छात्रों के लिए सुलभ बनाया है। भाषा अब शिक्षा में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने बताया कि इग्नू की इस पहल से हजारों इच्छुक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचेगा।

### हरियाणा के युवाओं को मिलेगी होम-स्टे की नि:शुल्क ट्रेनिंग: गौरव गौतम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी जी की घोषणा के अनुरूप, राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए एक नई पहल शुरू की गई है, जिसके तहत उन्हें होम-स्ट की नि:शुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें अपने घरों के कमरों को गेस्ट हाउस के रूप में किराए पर देकर अतिरिक्त आमदनी अर्जित करने में सक्षम बनाना है। इस योजना को युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा सरकार के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए श्री गौरव गौतम, राज्य मंत्री, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग ने बताया कि पहले यह योजना केवल पंचकूला, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम और फरीदाबाद जिलों के युवाओं के लिए लागू थी, लेकिन अब इसे पूरे हरियाणा राज्य के 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए विस्तारित किया गया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 थी, जिसे बढ़ाकर अब 6 जून 2025 कर दिया गया है।

### स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने आज यहां कुरुक्षेत्र, अंबाला और कैथल जिलों के महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (डीजीएचएस) और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया और सुधार के लिए रोडमैप तैयार किया गया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने तीनों जिलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने रिक्त पदों, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और कार्यक्षमता, बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण को प्रभावित करने वाले अन्य प्रमुख विभागीय मुद्दों पर विस्तृत फीडबैक लिया। उन्होंने एंबुलेंस की उपलब्धता, संबंधित उपकरणों और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली। मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को रिक्त पदों, विशेष रूप से डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को भरने के लिए भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खराब उपकरणों की तुरंत मरम्मत की जाए या उन्हें बदला जाए तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि स्वच्छ और रोगी-अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा सके। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सरकार के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। लोगों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में किसी भी जिले को पीछे नहीं रहना चाहिए।
जवाबदेही और समय पर कार्रवाई जरूरी है। मंत्री ने जिला स्तरीय स्वास्थ्य संकेतकों की भी समीक्षा की और नियमित निगरानी, बेहतर डेटा रिपोर्टिंग और अंतर-विभागीय समन्वय के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। डीजीएचएस और सीएमओ ने विस्तृत अपडेट साझा किए और मंत्री के निदेर्शों को लागू करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## एससी कर्मचारियों के लिए आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा सिविल सचिवालय के अनुसूचित जाति के कर्मचारियों के लिए आईएएस अधिकारी श्री विजयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन किया है। यह कमेटी अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को रोजगार या सेवा तथा सुरक्षा प्रदान करने सम्बन्धी शिकायतों की सुनवाई करेगी। इस कमेटी का गठन राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग की सिफारिश के अनुसरण में किया गया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार आईएएस अधिकारी विजय सिंह दहिया, सुशील सारवान, श्री प्रदीप दहिया तथा एचसीएस अधिकारी श्रीमती वर्षा खंगवाल इस कमेटी के सदस्य होंगे। यह कमेटी सेवा मामलों में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों की शिकायतों की जांच करेगी। इनमें आरक्षण रोस्टर का रखरखाव न करना और आरक्षित रिक्तियों को न भरना, पदोन्नति/वरिष्ठता/एम.ए.सी.पी./.ए.सी.पी. में भेदभाव, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति न करना, ए.पी.ए.आर./ए.सी.आर./ डाउनग्रेडिंग, सेवा से बर्खास्तगी/निष्कासन, स्थानान्तरण/नियुक्ति में भेदभाव, पेंशन सबंधी लाभों से इन्कार और बकाया वेतन का भुगतान आदि मामले शामिल हैं।

## चौटाला की मदद से डबवाली का मोहित बना आईपीएल का हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए उन्हें खेल से जोड़ना जरूरी है और युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए हमारे ही युवाओं का उन्हें प्रेरित करना बेहद जरूरी है। इसी तरह के एक अच्छे अभियान को आगे लेकर बढ़े रहे हैं जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला। दरअसल, दिग्विजय की मदद से डबवाली के मोहित इंडियन प्रीमियर लीग का हिस्सा बने हैं। हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर पड़ने वाले गांव भारूखेड़ा के युवा मोहित ने आईपीएल में अपनी गेंदबाजी की रफ्तार दिखाई। मोहित को नेट बॉलर के रूप में अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों को गेंद फेंकने का मौका मिला।



आईपीएल से लौटे मोहित ने बताया कि दिग्विजय चौटाला ने उन्हें ट्रायल देने के लिए प्रेरित किया था।
उन्होंने बताया कि जब नेट बॉलर के रूप में ट्रायल देने के लिए वे दिल्ली गए थे, तो वहां दिग्विजय चौटाला ने उनकी पूरी सहायता की। मोहित बताते है कि दिग्विजय की प्रेरणा से उनका ट्रायल गुजरात टाइटंस में हुआ और उन्हें आईपीएल जैसा बड़ा प्लेटफार्म मिला। मोहित की कामयाबी पर दिग्विजय चौटाला ने खुशी जताते हुए कहा कि वे खुद एक स्पोर्ट्स मैन हैं और उनका लक्ष्य है कि हमारे क्षेत्र से अच्छे खिलाड़ी आगे बढ़े।दिग्विजय बताते है कि जैसे ही उन्हें मोहित के बारे में पता चला तो उन्होंने मोहित को ट्रायल देने के लिए कहा और मोहित ने भी उनकी बात मानी।
मोहित के गुजरात टाइटंस का हिस्सा बनने से उन्हें खुशी है कि उनके इलाके का युवा आगे बढ़ रहे है। दिग्विजय ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई जीतनी है तो खेल ही एकमात्र विकल्प है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए जेजेपी और इनसो ने समय-समय पर गांव-गांव में युवाओं को किक्रेट किट, जिम के सामान का वितरण व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है और बेहतर परिणाण आज हमें देखने को मिल रहे है।

## भारत का चुनाव आयोग वीटीआर साझा करने की प्रक्रिया को करेगा अपग्रेड

**चंडीगढ़।** भारत के निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग अब अनुमानित मतदाता मतदान प्रतिशत रुझानों पर समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली शुरू कर रहा है। यह नई प्रक्रिया पहले की मैनुअल रिपोर्टिंग विधियों से जुड़े समय अंतराल को काफी कम करेगी। यह पहल समय पर सार्वजनिक संचार सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसे मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने विभिन्न अवसरों पर रेखांकित किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 49एस के वैधानिक ढांचे के तहत, पीठासीन अधिकारियों (पीआरओ) को मतदान एजेंटों को दर्ज किए गए मतों का विवरण देते हुए फॉर्म 17सी प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिन्हें उम्मीदवारों द्वारा नामित किया जाता है और मतदान समाप्त होने पर मतदान केंद्र पर मौजूद होते हैं। जबकि यह कानूनी आवश्यकता अपरिवर्तित बनी हुई है, वीटीआर ऐप को अपडेट करने की प्रक्रिया, जो अनुमानित मतदाता मतदान प्रतिशत रुझानों के बारे में जनता को सूचित रखने के लिए एक सुविधाजनक, गैर-वैधानिक तंत्र के रूप में विकसित हुई थी, को तेजी से अपडेट सुनिश्चित करने के लिए सुव्यवस्थित किया जा रहा है। इस नई पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी अब मतदान के दिन हर दो घंटे में नए ईसीआईएनईटी ऐप पर सीधे मतदाता मतदान दर्ज करेंगे, ताकि अनुमानित मतदान रुझानों के अद्यतन में लगने वाले समय को कम किया जा सके। इसे निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर स्वचालित रूप से

## मुख्यमंत्री से मिले रामबिलास शर्मा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर आवास पर हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री रामबिलास शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अटेली विधानसभा क्षेत्र से सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। रामबिलास शर्मा ने मुख्यमंत्री की जनहितैषी नीतियों की सराहना की तथा अटेली क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित अपने सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने सभी सुझावों के शीघ्र क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की प्रगति के लिए किए जा रहे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं।

## हरियाणा में कोरोना के 47 मरीज, 25 मरीज स्वस्थ




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा में कोरोना मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। राज्य में अभी तक 72 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें 47 एक्टिव मरीज हैं। सभी होम आइसोलेट हैं। अब तक 25 लोग ठीक हो चुके हैं। झज्जर में मंगलवार को 2 नए मामले सामने आए हैं। महिला और उसकी 2 साल की बेटी पॉजिटिव मिली हैं। महिला के पति गुरुग्राम में नौकरी करते हैं। सोनीपत में रेलवे कर्मचारी की पत्नी पॉजिटिव पाई गई हैं। महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। वह अपने पति के साथ सामान्य जांच के लिए दिल्ली के अस्पताल में गई थी। सबसे ज्यादा मामले में गुरुग्राम और फरीदाबाद में हैं। गुरुग्राम में अब तक 28 मामले सामने आ चुके हैं, इनमें से 16 एक्टिव हैं। इसी तरह फरीदाबाद में 21 मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें 10 एक्टिव हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अभी हरियाणा में अपनी टेस्टिंग शुरू नहीं की है। संदिग्ध मरीजों को रैपिड एंटीजन टेस्ट और आर टी पी सी आर टेस्ट कराया जा रहा है। गुरुग्राम की डिप्टी सी एम ओ डॉ. जेपी रजलीवाल ने बताया कि जिले में मिले सभी मरीजों की हालत स्थिर है। गाइडलाइंस के अनुसार होम आइसोलेशन में रखा गया है।
स्वास्थ्य विभाग ने इन मरीजों के संपर्क में आए लोगों की ट्रेसिंग शुरू कर दी है, ताकि वायरस के संभावित प्रसार को रोका जा सके। जिले में संदिग्ध मरीजों की रैपिड एंटीजन टेस्ट और आर टी पी सी आर टेस्ट कराए जा रहे हैं। फरीदाबाद में आए सभी केसों में अभी तक ओमिक्रॉन वैरिएंट की मौजूदगी पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि फिलहाल जेएन-1 या किसी अन्य नए वेरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है। वे कोरोना से बचाव को लेकर सतर्क रहें।

## मेयर ने की पॉलीथिन बैग में सामान ना बेचने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत करते हुए नगर निगम मेयर राजीव जैन ने बस अड्डे के निकट दुकानदारों, रेहड़ी वालों एवं क्रेताओं को पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत जूट के बैग वितरित किये और भविष्य में पॉलीथिन के बैग में सामान ना बेचने की अपील की। स्वच्छता पखवाड़ा आगामी 21 जून तक चलेगा।
राजीव जैन ने कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग जंहा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है वंहा पर्यावरण को भी खराब करता है। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन के कारण सड़कों पर कचरा दिखाई दता है, सीवेरज जाम




हो जाते हैं और आवारा घूमने वाले पशु पॉलीथिन खाकर मर जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसी अभियान के तहत शहर में सड़कों, नालों की सफाई तथा जनता को जागरूक करने के अभियान भी चलेंगे। मेयर ने कहा कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस भी मनाया जायगा जिसमे पेड़ लगाएं अभियान, नुक्कड़ नाटक तथा जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। राजीव जैन ने कहा कि स्वच्छता केवल निगम या सरकार की जिम्मदारी नहीं है बल्कि हर नागरिक को स्वच्छता को जीवन का अंग बनाना होगा। कार्यक्रम में पार्षद हरि सैनी, सुरेंद्र नय्यर, भारत भूषण, सत्यनारायण मेहरा और अशोक बागड़ी आदि मौजूद रहे।

**जागरूकता**

राजीव जैन ने कहा कि पॉलीथिन का प्रयोग स्वास्थ्य की हानि और पर्यावरण को भी खराब करता है।

## कर्मचारियों में डिजिटल क्षमता बढ़ाने के लिए लांच किया ई-लर्निंग पोर्टल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने और ई-गवर्नेंस को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अत्याधुनिक ई-लर्निंग पोर्टल लॉन्च किया है। यह पहल ई-ऑफिस के उपयोग और अन्य डिजिटल मॉड्यूल पर संरचित, सुलभ और विभाग-विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करेगी। सभी प्रशासनिक सचिवों को लिखे पत्र में, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा है कि हर विभाग और संगठन को पोर्टल एक्सेस और कर्मचारी पंजीकरण के प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करना होगा। विभागों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उनके कर्मचारी समय पर ई-ऑफिस प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू करें। कर्मचारी अपने एचआरएमएस (मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली) कोड और एक सुरक्षित ओटीपी-आधारित प्रणाली का उपयोग करके पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं। यह पोर्टल प्रशिक्षण प्रगति की रीयल टाइम ट्रैकिंग की अनुमति देता है। विभागाध्यक्ष यह देख सकते हैं कि उनके कर्मचारियों ने प्रशिक्षण शुरू किया है या पूरा किया है, जबकि मुख्य सचिव सभी विभागों में समग्र प्रगति की निगरानी करेंगे। हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (हारट्रॉन) द्वारा विकसित, इस ई-लर्निंग पोर्टल का उद्देश्य एकीकृत ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी विभागों में सीखने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके कर्मचारियों में डिजिटल क्षमता को बढ़ाना है। शुरू में ई-ऑफिस उपयोग मॉड्यूल की विशेषता वाले इस पोर्टल को लचीलेपन के साथ डिजाइन किया गया है ताकि इसमें विभिन्न विभागों के प्रशिक्षण मॉड्यूल की विस्तृत श्रृंखला को समायोजित किया जा सके। इन मॉड्यूल को विशिष्ट विभागों या संगठनों के लिए तैयार किया गया।

## तटबंधों को नहीं किया गया मजबूत, घग्घर नदी में भरा पानी : सैलजा

### सिरसा जिला में घग्गर नदी पांच बार दिखा चुकी है तबाही का मंजर, हजारों एकड़ फसल हो गई थी बर्बाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लगभग हर साल बरसात में घग्घर नदी में बाढ़ का खतरा बना रहता है, कई बार भयावह हालात पैदा हुए है। वर्ष 2023 में फतेहाबाद और सिरसा में घग्घर नदी में आई बाढ़ और रंगोई नाला के उफान से भारी तबाही हुई थी, हजारों हैक्टेयर फसल बर्बाद हो गई थी। इस बार घग्घर में पानी आ चुका है पर सिंचाई विभाग न तो तटबंध मजबूत कर पाया और न ही साफ सफाई करवा पाया, अगर भविष्य ने संभावित बाढ़ से कोई नुकसान



होता है तो अधिकारी अपनी गलती मानने के बजाए एक ही बात कहेंगे कि तटबंधों में चूहों द्वारा बिल बनाने से ही तटबंध टूटे। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि घग्गर नदी पंजाब सीमा से जाखल के पास हरियाणा में प्रवेश करती है। फतेहाबाद जिले में घग्गर नदी लगभग 84 किलोमीटर लंबी बहती है। सिरसा जिले में से गुजरने वाली घग्गर नदी की 90 किलोमीटर लंबाई है। इस नदी में बरसात के दिनों में जलस्तर बढ़ता है, कई बार बाढ़ से दोनों ही जिलों में हालात बिगड़ जाते है। घग्घर नदी की सफाई और उसके तटबंधों की मजबूती के लिए हर साल की ओर से बजट आता है। विभाग की टीम घग्घर नदी क्षेत्र में तटबंधों का निरीक्षण करती है जहां पर उसके तटबंध कमजोर दिखाई देते है वहां पर मरम्मत कराई जाती है, नदी के अंदर साफ सफाई करवाई जाती है और यह कार्य मानसून से पूर्व करवाया जाता है पर अभी तक ऐसा कुछ किया गया है दिखाई नहीं दे रहा है, जबकि घग्घर नदी में पानी बढ़ना शुरू हो गया है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि घग्घर नदी में जलस्तर बढ़ने पर कमजोर तटबंध टूट जाते है और फसलें तबाह हो जाती है और कभी कभी बाढ़ से हालात बिगड जाते है तब विभाग हाथ मलता हुआ रह जाता है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान किसान का ही होता है। सांसद ने कहा कि घग्घर के साथ लगने वाले खैरंका, झोपड़ा, मुसाहिबवाला, रंगा, लहंगेवाला, पनिहारी, ढाणी दिलबाग सिंह, कर्मगढ़, नागौकी, फरवांई कलां, बूढ़ाभाणा, नेजाडेला कलां व ओटू तक दर्जन भर गांव है जहां बाढ़ आने पर नुकसान की संभावना अधिक रहती है। जब बारिश का पानी आएगा तो घग्घर नदी के टूटने का खतरा बढ़ जाता है।
नदी की सफाई की जाए तो बाढ़ के संभावित खतरे को टाला जा सकता है।

# राहुल गांधी के चंडीगढ़ दौरे को लेकर दी प्रतिक्रिया, आसानी से नहीं बनेगा संगठन

तलखी

▶▶ चाचा अभय सिंह चौटाला के तलख तेवरों पर भी दिया तलखी भरा जवाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत सिंह चौटाला मंगलवार को नूंह विधानसभा के गांव अड़बर पहुंचे। अकबर गांव में जननायक जनता पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ता उमर मोहम्मद का कई दिन पहले बीमारी के बाद देहांत हो गया था। जिसके परिजनों को सांत्वना देने के लिए मंगलवार को दोपहर बाद करीब 3 बजे पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला नूंह पहुंचे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि ऊपर वाले ने अपने चरणों में बुलाया है। मैं ऊपर वाले से दुआ करता हूं कि परिवार को ताकत दे, दुख की घड़ी में हमारे संगठन को भी क्षति हुई है। मैं मानता हूं कि अगली पीढ़ी इस प्रकार से उनके नक्शे कदम पर चलते हुए पार्टी कार्य को और अच्छी तरह से क्रियान्वित करेगी।



पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी के हलका प्रधानों की नियुक्ति हो चुकी है। आगामी 5 जून को रोहतक में पार्टी के सभी नवनियुक्त हल्का प्रधानों की बैठक ली जाएगी। आगामी 10 जून से पूरे प्रदेश भर में सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाया जाएगा। पार्टी के अंदर नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा और जो साथी भटक गए थे या विधानसभा चुनाव में दूसरे रास्ते पर चले गए थे, उनको भी वापस पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा।

पूर्व उप मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चंडीगढ़ दौरे को कहा कि आखरी संगठन मानता हूं। फूलचंद मुलाना के समय में कांग्रेस का संगठन बना था। अगर इतनी सद्बुद्धि आएगी तो जरूर बन जाएगा, लेकिन मुझे नहीं उम्मीद, अभी तो आ रहे हैं। कई बार आ चुके हैं । अगर बनेगा, नहीं बनेगा यह तो कांग्रेस का भविष्य कांग्रेस ही जानती है।

ऑपरेशन सिंदूर पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओछी सोच, ओछी शब्दावली ने मुझे लगता है हर भारतीय को शर्मिंदा किया है। चाहे वह कर्नल सोफिया कुरैशी के ऊपर टिप्पणी की बात हो, चाहे हमारी माताएं - बहनें जिन्होंने अपने सुहाग को खोया है। उनके ऊपर उनके सांसदों की टिप्पणी की बात। इनकी ओछी सोच को दर्शाता है। अब घर - घर सिंदूर बांटना यह जो काम शुरू किया है। यह दिखाता है कि इनको तो एक राजनीतिक लाभ लेने में हर चीज के अंदर स्वाद आता है।

इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उनका मुखर होना कोई नई बात नहीं है। कोई आज से नहीं पिछले 7 सालों से मैं कहता हूं कि नॉन सीनियर पॉलिटिशियन है। मुझे नहीं लगता की राजनीति के अंदर इस तरह की सोच किसी व्यक्ति को आगे लेकर जा सकती है।

# पुलिस चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा तथा अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर लगाम कसना है: डबास

चेकिंग अभियान

▶▶ सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गोहाना ट्रैफिक पुलिस ने पूरे मई माह में चलाया सघन चेकिंग अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोहाना ,** नरेश शर्मा
सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गोहाना ट्रैफिक पुलिस ने पूरे मई माह में चलाया सघन चेकिंग अभियान, नियम अवहेलना करने वाले कुल 834 वाहन चालकों के चालान कर कूल 6 लाख 90 हजार रुपए का किया जुमार्ना। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार माह मई में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह क्ढर, अऊक्क्ष के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के कुशल नेतृत्व में गोहाना ट्रैफिक पुलिस की सभी टीमों ने गोहाना के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों, शहर के विभिन्न चौक-चौराहों व सबडिवीजन स्तर पर भी पूरे महीने एक स्पेशल चैकिंग अभियान चलाया है। इस दौरान पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों के उल्लंघन करने पर माह मई में कुल 834 वाहन चालकों के मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान कर वाहन चालकों को ट्रैफिक व लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करने के बारे में जागरूक किया। ब्लैक फिल्म प्रयोग कर रहे कार चालकों की ब्लैक फिल्म भी हटाई गई। मई माह में किये गये चालानों का विवरण इस प्रकार से है बुलेट पटाखा के 20, ब्लैक फिल्म के 06, शराब पीकर गाड़ी चलाने के 16, ट्रिपल राइडिंग के 80, लेन परिवर्तन के 323, गलत दिशा में गाड़ी चलाने के 22, अवैध लाल नीली बत्ती के 09, मानको पर खरी न उतरने वाली स्कूल बसों के 11 चालान व अन्य सड़क नियमों का पालन न करने के 336 चालान कर कुल छह लाख नब्बे हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है।

इस अभियान के दौरान पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के साथ-साथ संदिग्धों की तलाशी भी ली। चैकिंग के दौरान हाईवे पर नाकाबंदी कर आने - जाने वाले वाहनों और संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों से पूछताछ की गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लंबे समय से गोहाना पुलिस लोगों को ट्रैफिक नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है। पुलिस की ओर से नाकाबंदी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। सबसे अधिक ध्यान वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने वालों पर है। इसके अतिरिक्त बिना नंबर की बाइकों व पटाके बजाने वाले बुलेट मोटरसाईकिल पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है। लोगों को भी पुलिस की ओर से अपील की जा रही है कि वह अपने वाहनों के सभी दस्तावेज साथ रखें।

# कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल को लगाने को लेकर मुस्लिम समाज में रोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल को लगाने को लेकर मुस्लिम समाज में भारी रोष है। इस बारे में मुस्लिम समाज के जिला प्रधान सैयद अहमद खान के द्वारा उपायुक्त अम्बाला को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें यह कहा गया है कि रविदास बस्ती (नजदीक जैन कॉलेज के पीछे) पत्ती कलालां हदबस्त नं. 51 जो कि कागजों में लगभग 5 एकड़ भूमि है। जिसकी मलकीयत हरियाणा (पंजाब) वक्फ बोर्ड द्वारा कब्रिस्तान के लिए स्थाई रूप से आरक्षित है। इस जगह पर लगभग 100 वर्षों से कब्रिस्तान बना हुआ है जोकि चालू हालत में है। यहां पर हमारे पूर्वजों की कब्रें हैं। पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा



कब्रिस्तान में पेयजल ट्यूबवेल लगाने की तैयारी की जा रही है। पब्लिक हेल्थ विभाग ने अवैध रूप से इस कब्रिस्तान की भूमि पर ट्यूबवेल लगाने मशीन, पाईपें, ईंटे व अन्य समान कब्रिस्तान की भूमि पर लाकर रख दिया गया है। जो सरासर गलत है और मुस्लिम समाज के अधिकारों का हनन है व मुस्लिम समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। इस बारे हमारी कमेटी अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन सोसायटी (रजि., स्थापना 1980) व अम्बाला के मुस्लिम समाज के लोगों ने इस मामले में ज्ञापन के माध्यम से उठाया है। उनका कहना है कि यह उनके ईमान का हिस्सा है और हमारी पवित्र किताब कुरआनें करीम में इस बात का जिक्र है कि कब्रिस्तान का एहतराम करो क्योंकि यह पाकीजा स्थान है। यहां पर हमारे बुजुर्ग, मासुम बच्चे, बड़े नौजवान, औरतें जो इस दुनियां को अलविदा कह चुके हैं।

# दूसरे के दस्तावेज लगा रजिस्ट्री कर लगाया 50 लाख का चूना

**पुन्हाना/टीम एक्शन इंडिया**
पुनहाना में एक युवक द्वारा दूसरे के दस्तावेज लगाकर रजिस्ट्री कराकर एक परिवार के साथ धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। फजीवाड़े का शिकार हुए समीम निवासी शादीपुर हालाबाद पेमा रोड पुन्हाना ने बताया की बीते वर्ष चार दिसंबर 2024 को आठ कनाल दो मरला जमीन उन्होंने पिनगवां कस्बे के ढाणा रोड पर खरीदी थीं। जिसको चीकू उर्फ पंकज ने अपने भाई धीरज के दस्तावेज लेकर उसकी जमीन को धीरज बनकर उन्हें 50 लाख रुपये में बेच दिया। रजिस्ट्री कराने के कुछ दिन बाद जब वह तहसील अपने काम से गया था तो वहां एक धीरज नाम का असली युवक मिला, जिसने बताया था फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई गई थी। जिस जमीन की रजिस्ट्री आपके नाम कराई गई है वो जमीन मेरी है।

# महेश मेहता को सर्वसमति से चुना गया प्रधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की मंथली मीटिंग रखी गई मीटिंग का संचालन संजीव मलिक ने किया और अध्यक्षता राहुल कंबोज ने की इसमें मुख्य रूप से स्टेट के नेता नरेश मेहला यूनिट प्रधान राजीव राठी और इंद्री ब्लॉक के प्रधान सेंटी कंबोज भी शामिल हुए जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं और आने वाले प्रोग्राम विशेष तौर पर 9 जुलाई की हड़ताल में शामिल होने पर चर्चा की गई है। .और प्रमोशन और ट्रांसफर होने के कारण सब सब यूनिट इंद्री के कुछ पद खाली हो गए थे। जिनको आज सर्व सहमति से भर दिया गया है जिसमें प्रधान के पद पर महेश मेहता को चुना गया है और सह सचिव के पद पर प्रिंस कंबोज और सौरभ को चुना गया है इसके बाद उप प्रधान पर अमन कंबोज और वरिष्ठ प्रधान पर अंकित मेहला और प्रेस सचिव सतेन्द्र और विजय और रोहित और अमित एक्टिव मेंबर चुने गए हैं इस मीटिंग में निम्न कर्मचारी भी मौजूद रहे मौजूद राजेश, बिरजू, अंकित,संजय, अमित विनोद आदि।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस बुलेट पटाके बजाने वाले चालकों व बिना नम्बर प्लेट वाली मोटर साईकिल चालकों के खिलाफ करेगी कड़ी कार्यवाई: डीएसपी



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** शहर में इन दिनों बड़ी तेजी से बिना नम्बर की प्लेट लगी काफी मोटर साईकिल घूम रही है। उनके पास को भी कागजात नहीं है बिना नम्बर प्लेट की ये मोटर साईकिल ज्यादातर आपरधिक घटना में इनका इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे की अपराधी बड़े आसान तरीके से अपराध करके चले जाते है। पुलिस ने इन बुलेट मोटरसाइकिल चालकों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालो के खिलाफ सख्त अभियान शुरू का कर दिया है। पुलिस ने इस संबंध में एक विशेष अभियान भी शुरू किया है, जिसमें यातायात नियमों की अवहेलना करने और पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट मोटरसाइकिल चालकों पर अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है। इंद्री के डीएसपी सतीश कुमार ने बताया की शहर में जो भी व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटर साईकिल व बुलेट पटाके बजाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया हुआ पुलिस लगातार नाके लगाकर सभी बुलेट पटाके बजाने वाले व बिना नम्बर प्लेट वालो की मोटर साईकिल को इम्पाउंड किया जा रहा है। दर्जनों बुलेट को तो इम्पाउंड भी कर दिया है दर्जन भर मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट वाली मोटर साइकिलों को भी इम्पाउंड कर दी गयी है।बुलेट मोटरसाइकिल चालकों पर अंकुश लगाने काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कहा की जो भी व्यक्ति कानून की अवहेलना करेगा उसके खिलाफ पुलिस कड़ी कार्यवाई करेगी।

### सेफ टीम का जागरूकता अभियान जारी, प्राइवेट एजुकेशन संस्थान में छात्राओं को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार) /टीम एक्शन इंडिया**
टीम ने महिलाओं को दी ट्रिप मोनिटरिंग सेवा की जानकारी । जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीमों द्वारा शिक्षण संस्थानो मे महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। महिला पुलिस की टीमों द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बच्चों व महिलाओं को समझाया जाता है कि बच्चे हर छोटी बड़ी बातें अपने माता-पिता से हर रोज सांझा करें ताकि कोई अनहोनी न हो।दिनांक 03 जून 25 को सेफ सिटी की टीम ने प्राइवेट एजुकेशन संस्थान कुरुक्षेत्र सैक्टर-10 में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस की टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। लड़कियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है। उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्तिशक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें।

### सहेली से मिलने गई मकान मालकिन चोर उठा ले गए 5 लाख के गहने और नकदी

**कैथल (नसीब सैनी )** कैथल के कस्बा ढांड में एक मकान की मालिक महिला अपनी किसी सहेली से मिलने के लिए गई हुई थी। पीछे से चोर मकान से करीब 5 लाख रुपए के गहने और नकदी चोरी कर ले गए। इस दौरान जब वह वापस आई तो घर पर सामान बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मकान मालकिन सीमा ने पुलिस को बताया कि वह अपनी माता तारो के साथ रहती है।1 जून को वह अपने दो बच्चों के साथ अपनी सहेली के घर पिहोवा गई थी और वहीं पर रुक गई थी। रात को उसकी मां तारो देवी खाना खा कर उसके घर के पास बड़े भाई के घर शाम को चली गई और वहीं पर सो गई। जब वह 2 जून को घर पर आई तो देखा कि मेन गेट पर तो लाता लगा था, लेकिन अंदर कमरों का ताला टूटा हुआ पाया।

# भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन को मिली एक और बड़ी जिम्मेदारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के निदेर्शानुसार भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा "संकल्प से सिद्धि मोदी सरकार" के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चौपाल कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक को उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के प्रभारी की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन का नूँह निवास पर पहुंचनें पर भाजपा कार्यकताओं ने उनका फूलमालाओं व पार्टी के जोरदार नारों के साथ भव्य स्वागत किया।

जाकिर हुसैन ने इस बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली व भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद व आभार जताया है।
जाकिर हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रधानमंत्री काल के सफल 11 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं और इन 11 वर्षों में देश ने दुनिया में विकास व उन्नति में अलग ही पहचान बनाई है।

# ठेकेदारों और सिंचाई अधिकारियों का गठजोड़ बाढ़ राहत कार्यों पर भारी

लेट लतीफी

▶▶ बाढ़ राहत कार्यों की लेट लतीफी प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की धड़कने बढ़ा रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुना नगर (धर्म बीर)-**
30 जून से बरसात की सीजन शुरू हो रहा है मानसून भी इस बार समय से लगभग 15 दिन पहले पहुंचने का अनुमान लगाया रहा है। ऐसे में बाढ़ राहत कार्यों की लेट लतीफी प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारियों की धड़कने बढ़ा रहा है वही आमजन भी अपने जान माल की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखाई दे रहा है।
पिछले बरसात ही सीजन में हजारों एकड़ गन्ने, धान और पॉपुलर की फसल बाढ़ की चपेट में आ गई थी। बाढ़ की विभीषिका के चलते हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि भी भूमि कटाव का शिकार बनी थी। बलबीर सिंह, राजीव कुमार, राजेश, जय भगवान, जोगिंदर, मनमोहन सिंह , असलम और जावेद आदि किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा हर साल बाढ़ राहत कार्य के लिए करोडों रुपये खर्च किए जाते हैं परन्तु अधिकारियों द्वारा भूमि कटाव सीमेंट और कंक्रीट की जगह पत्थरों के स्टड लगाए जाते है जो ज्यादा पानी के बहाव को रोक नहीं पाते हैं इसके साथ ही यमुना नदी के साथ लगते गांव मे यमुना नदी से पत्थरों को उठा कर प्रयोग किया जाता है
जिससे सरकार को जहा खनन के रूप में मिलने वाले राजस्व की हानि होती है वहीं जल्दबाजी के कारण छोटे पत्थरों का भी प्रयोग किया जाता है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कम से कम 18 किलो से लेकर 40 किलो तक के पत्थरों का प्रयोग करने की अनुमति है जबकि अधिकांश साईट पर छोटे पत्थरों का भी जमकर प्रयोग किया जा रहा है।
जिले में पत्थर के खनन के लिए वैध खनन ब्लॉक चालू न होने से विभाग पत्थर की कमी से जूझ रहा है वही यमुना नदी के साथ लगते एरिया में यमुना नदी से पत्थर चुराकर अवैध रूप से पत्थर लगाने के आरोप भी ठेकेदारों पर लग रहे हैं। हाल ही में इको सेंसेटिव जोन कलेसर से पुलिस द्वारा पत्थर चुराते दो ट्रैक्टर ट्रालियों को कब्जे में लिया गया है।

**खनन घाट सक्रिय न होने से पत्थर की कमी से जूझ रहा है सिंचाई विभाग**

बरसात का सीजन सर पर आने के बावजूद बाढ़ राहत कार्यों में देरी का मुख्य कारण जिले में पत्थर के लिए खनन घाट का सक्रिय न होना है जिले में जो अधिकतर खनन घाट चल रहे हैं वह केवल रेत का खनन करते हैं। यदि विभाग चाहे तो पत्थर को जिले के बाहर से भी मंगवा कर काम पूरे किए जा सकते हैं विभाग ने कुछ साल पहले भी रेलवे के माध्यम से मोटे पत्थर मंगा कर काम पूरा किया है। ऐसे ठेकेदार द्वारा पत्थरों को पूरा करना किसी चुनौती से काम नहीं है।

**विभाग के लिए अवैध खनन से जुटाए पत्थरों की जांच करना भी चुनौती**

-सिंचाई विभाग के ठेकेदारों पर अवैध खनन के जरिए पत्थर पूरा करने के आरोप लग रहे हैं। कलेसर के इको सेंसेटिव जोन में यमुना नदी से उठाकर पत्थर लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है
जिस पर सिंचाई विभाग के अधिकारी जांच करने की बात कह रहे हैं।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित


**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र (प्रदीप कुमार )**
विश्व साइकिल दिवस पर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिदेर्शों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र जिले में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सबसे प्रथम पुलिस लाइन से पीपली, सेक्टर 2 ३ ५ जिंदल सिटी, पलवल ग्राम, राजकीय महिला महाविद्यालय पलवल, खेड़ी राम नगर, चनारथल



रोड, ब्रह्मसरोवर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, बिरला मंदिर, सेक्टर 13 नए बस अड्डे और मुख्य मार्गों पर साइकिल यात्रा निकाली। वे आज 40 किलोमीटर से अधिक साइकिल पर चले और लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वे डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 3 पहुंचे वहां पर डॉ. मीनाक्षी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत एक सप्ताह का शिविर लगा हुआ था। विद्यालय की प्राचार्या गीतिका जसूजा ने कार्यक्रम के लिए बधाई दी। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस पर सभी को स्वस्थ जीवन के लिए सबसे प्रथम साइकिल का प्रयोग करना चाहिए।

# छीनाझपटी करके महिला से बाली छीनने के 2 आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र/ पिहोवा 3 जून (प्रदीप कुमार)**
जिला पुलिस ने छीनाझपटी की वारदात को सुलझाते हुए महिला से बाली छीनने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने छीनाझपटी की वारदात को सुलझाते हुए साहिल व राहुल वासीयान पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जानकारी
देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 31 मई 25 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में भट्ट माजरा वासी महिला ने बताया कि वह अम्बाला रोड पेहवा पर मारुति




एजेंसी के सामने फ्रूट की रेहडी लगाती है। दिनांक 31 मई को समय करीब 12 बजे मोटरसाईकिल सवार दो लडके उसकी रेहडी पर आए। उनमे से एक लड़का मोटरसाईकिल पर बैठा रहा व दूसरे लडके ने उससे फल मांगे। जब वह उसको फल देने लगी तो वह लडका उसके कानों से सोने की बाली छीनकर अपने साथी के साथ मोटरसाईकिल पर बैठकर भाग गया।

# कारगिल वीर शहीदों के परिजनों को सेना की तरफ से किया गया सम्मानित

**शाहाबाद मारकंडा :3 जून (प्रदीप कुमार)**
देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों को याद करते हुए कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सेना की ओर से कारगिल युद्ध में शहीदी देने वाले जवानों के परिजनों को सम्मानित किया गया। सेना के जवान शहीदों के घर पहुंचे और उनके परिजनों को सम्मान दिया। नैब सूबेदार बेअंत सिंह और हवलदार हरविन्द्र सिंह ने बताया कि इस कड़ी में कारगिल के शहीद लैस नायक गुरमेल सिंह और शहीद सिपाही मंजीत सिंह को उनकी वीरता,



साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण के लिए नमन किया गया और उनके परिजनों को सम्मान सौंपा गया। शहीद लैस नायक गुरमेल सिंह और शहीद सिपाही मनजीत सिंह जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था और आज भी उनकी शहीदी अपने गाँव और रेजिमेंट के लिए प्रेरणा हैं। नैब सूबेदार बेअंत सिंह ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की अमूल्य धरोहर है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी शहादत को हमेशा याद रखें और नई पीढ़ी को उनके साहस की कहानियाँ सुनाते रहें।

## संपादकीय

# दुनिया को सब दिखाया, पर खुद से क्या छिपाया?

**यदि** सब कुछ उजागर कर दिया जाए, तो बचेगा क्या? यह सवाल एक धारदार खंजर है, जो हमारे समय के दिल को चीरता है और हमें उस खोए हुए मैं की तलाश में भटकने को मजबूर करता है, जो कभी हमारी आत्मा की आवाज था। सोशल मीडिया का यह युग हमें एक ऐसी भूलभुलैया में ले आया है, जहाँ हर कदम पर हम अपनी निजता, अपनी संवेदनाओं और अपने वजूद को बेचकर बस एक चमकती छवि बनकर रह गए हैं। यह चकाचौंध हमें लुभाती है, लेकिन हर बार जब हम अपनी जिंदगी का एक टुकड़ा दुनिया के सामने परोसते हैं, हम अपने भीतर की उस अनमोल शांति को, उस ह्यमैंह्न को, थोड़ा और गंवा देते हैं। हर सुबह अब सूरज की किरणों से नहीं, स्मार्टफोन की नीली रोशनी से शुरू होती है। आँखें खुलते ही हम इंस्टाग्राम की रील्स, ट्विटर के ट्रेंड्स और व्हाट्सएप के स्टेटस में डूब जाते हैं। स्टेटिस्टा (2023) के अनुसार, भारत में 50 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, और औसतन हर व्यक्ति दिन के 2.5 घंटे से ज्यादा इस आभासी दुनिया में बिताता है। हमारी जिंदगी अब एक परफेक्ट पोस्ट, एक वायरल रील या एक ट्रेंडिंग हैशटैग बनकर रह गई है। हम क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं, कहां घूमते हैं—यह सब दुनिया को दिखाना जरूरी हो गया है, लेकिन हमारी आत्मा की चुप्पी, हमारे भीतर का खालीपन, वह कहीं गुम हो गया है। हमारी भावनाएँ अब कैमरे के लेंस से छनकर ही सामने आती हैं, और हमारा सच एक फिल्टर के पीछे छिप जाता है। सोशल मीडिया ने हमें यह सिखाया है कि हमारी कीमत हमारी छवि में है, न कि हमारे वास्तविक होने में। एक परफेक्ट सेल्फी, सही कैप्शन और सैकड़ों लाइक्स—यही अब हमारी पहचान बन गई है। प्यू रिसर्च सेंटर (2022) की एक स्टडी बताती है कि 64% किशोरों का आत्मसम्मान सोशल मीडिया पर उनकी छवि से प्रभावित होता है। हमारी खुशियाँ अब लाइक्स की गिनती पर टिकी हैं, और हमारा दुख तब तक अधूरा है, जब तक वह दुनिया की सहानुभूति न बटोर ले। रिश्ते, जो कभी दो दिलों की फुसफुसाहट में बसते थे, अब स्टोरीज और प्रोफाइल पिक्चर्स की कैद में हैं। प्यार, दोस्ती, दुख—सब कुछ अब एक ह्यपोस्टह्न बनकर रह गया है। यह सिर्फ युवाओं की कहानी नहीं। बच्चे, जो अभी दुनिया को समझने की उम्र में हैं, टिकटॉक और यूट्यूब शॉर्ट्स के ट्रेंड्स में खोए हैं। बुजुर्ग, जो पहले परिवार की चौपाल पर कहानियाँ सुनाते थे, अब व्हाट्सएप ग्रुप्स में फॉरवर्ड्स भेजने में उलझे हैं। जर्नल ऑफ सोशल एंड क्लिनिकल साइकोलॉजी (2021) में प्रकाशित एक शोध बताता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग चिंता, अवसाद और आत्मसम्मान में कमी का कारण बनता है। फिर भी, हम इस मायाजाल से बाहर निकलने को तैयार नहीं। हम सब इस आभासी दुनिया के कैदी बन चुके हैं, जहाँ हर कोई ट्रेंड करना चाहता है, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि इस दौड़ में हम अपनी आत्मा को कहाँ छोड़ आए हैं। हमारी संस्कृति में एकांत को सदा से एक मूल्य माना गया है। गीता में कहा गया है, आत्मा का साक्षात्कार एकांत में ही संभव है। लेकिन आज एकांत को कमजोरी समझा जाता है।

# भारत सरकार से टकराते पुराने राजघराने

राकेश अचल

> "आपको बता दें कि राजस्थान हाईकोर्ट ने इसे सरकारी संपत्ति मानते हुए राजघराने के दावों को खारिज कर दिया था। राजघराने के सदस्यों ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। टाउन हॉल के अलावा चार मुख्य इमारतों को भी सरकारी संपत्ति घोषित किया गया है। लेकिन जयपुर राजघराने ने हार नहीं मानी और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने राज्य सरकार से कहा कि जब तक मामला लंबित है तब तक कार्रवाई को आगे न बढ़ाया जाए। अगली सुनवाई दो महीने बाद होगी। याचिकाकर्ता चूंकि राजघराने से हैं, इसलिए उनकी ओर से देश के नामचीन वकील मुकदमे लडते हैं। जयपुर राजघराने के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे हैं। हरीश साल्वे पूर्व में सालिसिटर जनरल रह चुके हैं। उनकी फीस भी कम से कम 10 लाख रुपया होती है।"

**देश** में पुराने राजघराने अपनी संपत्ति भारत सरकार को देने के आठ दशक बाद भी उसे भूले नहीं हैं और राजघरानों की पुरानी संपत्ति हासिल करने के लिए देश की तमाम छोटी बडी अदालतों में भारत सरकार से कानूनी लडाई लड़ रहे हैं। इन राजघरानों के मौजूदा वारिसान या तो सत्तारूढ दल के साथ हैं या विपक्ष में। राजनीति में रहकर ये पुराने राजघराने जनता की सेवा करने की आड में अपनी संपत्ति को हासिल करने या उसे बचाकर रखने का काम कर रहे हैं।

ताजा मामला जयपुर राजघराने का है. जयपुर राजघराने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जयपुर के ऐतिहासिक टाउन हॉल (पुरानी विधानसभा) को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने राजमाता पद्मिनी देवी समेत जयपुर राजपरिवार के सदस्यों की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया।

आपको बता दें कि राजस्थान हाईकोर्ट ने इसे सरकारी संपत्ति मानते हुए राजघराने के दावों को खारिज कर दिया था। राजघराने के सदस्यों ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। टाउन हॉल के अलावा चार मुख्य इमारतों को भी सरकारी संपत्ति घोषित किया गया है। लेकिन जयपुर राजघराने ने हार नहीं मानी और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया.सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने राज्य सरकार से कहा कि जब तक मामला लंबित है तब तक कार्रवाई को आगे न बढ़ाया जाए। अगली सुनवाई दो महीने बाद होगी।

याचिकाकर्ता चूंकि राजघराने हैं इसलिए उनकी ओर से देश के नामचीन वकील मुकदमे लडते हैं। जयपुर राजघराने के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे हैं हरीश साल्वे पूर्व में सालिसिटर जनरल रह चुके हैं। उनकी फीस भी कम से कम 10 लाख रुपया होती है। 69 साल के हरीश साल्वे ने दलील दी है कि यह मामला कानूनी पेचीदगियों से भरा हुआ है। उन्होंने इस मामले में संविधान के अनुच्छेद 362 और 363 में पूर्व शासकों और रजवाड़ों के विशेषाधिकार का जिक्र किया। हरीश साल्वे ने जोर दिया कि रजवाड़ों के विभिन्न कॉन्ट्रैक्ट हैं और आप इन राज्यों के इतिहास को तो जानते हैं। यह एक संधि तब हुई थी जब संघ तो पक्ष भी नहीं था, यह तो जयपुर और बीकानेर जैसे शासकों के बीच हुई थी। साल्वे की दलीलों पर कोर्ट ने कहा कि तो आप भारत संघ को बिना पक्ष बनाए कैसे किसी संपत्ति




का विलय कर सकते हैं? ऐसे में तो पूरा जयपुर आपका हो जाएगा। अगर ऐसा होता है तो राजस्थान का हर शासक सभी सरकारी संपत्तियों पर अपना दावा करेगा। ये रियासतें कहेंगी कि सारी संपत्तियां उनकी ही हैं। कोर्ट ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि भारत संघ इस कॉन्ट्रेक्ट का पक्षकार नहीं था तो संविधान का अनुच्छेद 363 भी लागू नहीं होगा। राजघराने के पक्षकार साल्वे ने कहा कि हम यथास्थिति चाहते हैं। राज्य के वकील ने जवाब देने के लिए 6 सप्ताह की मोहलत मांगी है और दलील दी कि कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया जाए। कोर्ट ने नोटिस जारी किया जिसे राज्य के वकील ने स्वीकार कर लिया है। आपको बता दूं कि साल 1949 में महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय और भारत सरकार के बीच हुए समझौते के तहत टाउन हॉल समेत कुछ संपत्तियां सरकारी उपयोग के लिए दी गई थीं। इसके बाद जब साल 2022 में गहलोत सरकार के ने जब संपत्ति पर म्यूजियम बनाने का फैसला किया तो शाही परिवार ने आपत्ति जताई। 2014 से 2022 तक कई नोटिस और शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद शाही परिवार ने सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर कर संपत्ति पर कब्जा, रोक और मुआवजे की मांग की। राज्य सरकार ने अनुच्छेद 363 का हवाला देकर मुकदमा खारिज करने की मांग की, जिसे ट्रायल कोर्ट ने ठुकरा दिया। लेकिन हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलट दिया था और राज्य सरकार के हक में फैसला सुनाया था।

हाईकोर्ट के फैसले को राजघरानों के सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। तथ्य ये है कि 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, 562 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ। सरदार वल्लभभाई पटेल और वी.पी. मेनन की अगुआई में, इन रियासतों ने विलय पत्रों पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उन्होंने रक्षा, विदेशी मामले और संचार जैसे विषय भारत सरकार को सौंप दिए।

**प्रिवी पर्स और विशेषाधिकार:** 1971 में, भारत सरकार ने 26वें संविधान संशोधन के माध्यम से राजघरानों के प्रिवी पर्स और अन्य विशेषाधिकार को समाप्त कर दिया। इससे कई राजघरानों ने कानूनी चुनौतियां पेश कीं। राजघरानों कुछ उल्लेखनीय विवादों में ग्वालियर, जम्मू और कश्मीर, हैदराबाद, और अन्य रियासतों से संबंधित संपत्ति, भूमि सुधार, और मुआवजे के मुद्दे शामिल हैं। उदाहरणतः जम्मू और कश्मीरः महाराजा हरि सिंह के वंशजों और सरकार के बीच संपत्ति और अधिकारों को लेकर विवाद। चल रहे हैं। मैसूर के वाडियार परिवार और सरकार के बीच महलों और अन्य संपत्तियों के स्वामित्व को लेकर लंबे समय से मुकदमे चल रहे हैं। हैदराबाद निजाम के वंशजों और भारत सरकार के बीच आभूषणों, संपत्ति, और ट्रस्ट फंड्स को लेकर विवाद, जिनमें से कुछ मामले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंचे। ग्वालियर के सिंधिया राजघराने ने तो राज्य सरकार पर दबाव बनाकर अपनी बहुत सी सरकारी हो चुकी संपत्ति को न सिर्फ दोबारा हासिल करा लिया बल्कि बहुत सी संपत्ति से सरकारी दफ्तर तक हटवा दिए। सिंधिया राजघराने और सरकार के बीच मुकदमों का इतिहास मुख्य रूप से भारत की आजादी के बाद की अवधि से जुड़ा है, खासकर जब 1947में विलय के बाद, रियासतों के शासकों के विशेषाधिकार (जैसे प्रिवी पर्स, शाही उपाधियाँ, और संपत्ति का स्वामित्व) एक प्रमुख मुद्दा बन गया। भारत सरकार और सिंधिया राजघराने के बीच जय विलास पैलेस, भूमि, और अन्य संपत्तियों के स्वामित्व को लेकर विवाद उत्पन्न हुए। 971 में, भारत सरकार ने संविधान में 26वां संशोधन किया, जिसने राजाओं के विशेषाधिकार और प्रिवी पर्स (निजी भत्ता) को समाप्त कर दिया। यह कदम जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अन्य नेताओं की नीति का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य राजशाही को पूरी तरह खत्म करना और लोकतांत्रिक समानता स्थापित करना था। ग्वालियर के तत्कालीन महाराजाधिराज माधवराव जिवाजीराव सिंधिया ने इस संशोधन को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी। सिंधिया राजघराना पहला ऐसा परिवार था जिसने इस कानून के खिलाफ मुकदमा दायर किया, जिसमें तर्क दिया गया कि प्रिवी पर्स और संपत्ति उनके निजी अधिकार हैं और सरकार का यह कदम असंवैधानिक है।

**न्यायालय का फैसला:** सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि विशेषाधिकारों का उन्मूलन संविधान के समानता के सिद्धांत के अनुरूप है। इसने सिंधिया राजघराने और अन्य पूर्व शाही परिवारों के लिए एक बड़ा झटका साबित हुआ। सिंधिया परिवार और सरकार के बीच ग्वालियर के जय विलास पैलेस, भूमि, और अन्य संपत्तियों के स्वामित्व को लेकर लंबे समय तक विवाद चला। कुछ संपत्तियों को निजी घोषित किया गया, जबकि अन्य को सार्वजनिक उपयोग (जैसे संग्रहालय) के लिए सरकार के अधीन किया गया।

**विरासत और कर मुद्दे:** संपत्ति के मूल्यांकन, विरासत कर, और प्रबंधन को लेकर भी मुकदमे हुए। उदाहरण के लिए, ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके परिवार ने संपत्ति के विभाजन और कराधान से संबंधित मामलों में कानूनी कदम उठाए। आपको याद होगा कि सिंधिया राजघराने की विजयाराजे सिंधिया, माधवराव सिंधिया और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे परिवार के सदस्यों ने राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई, पहले कांग्रेस और बाद में कुछ सदस्यों ने भाजपा का साथ दिया। इस राजनीतिक जुड़ाव ने भी संपत्ति और विशेषाधिकारों से जुड़े मुकदमों को प्रभावित किया, क्योंकि सरकार के साथ उनके रिश्ते समय-समय पर तनावपूर्ण रहे। आज जय विलास पैलेस का एक हिस्सा संग्रहालय के रूप में खुला है, जबकि दूसरा हिस्सा सिंधिया परिवार के निजी निवास के रूप में उपयोग होता है। संपत्ति से जुड़े कुछ मामले अभी भी समय-समय पर अदालतों में उठते हैं।आने वाले दिनों में आप जयपुर और ग्वालियर के अलावा देश के तमाम राजघरानों को भारत सरकार से ही नहीं बल्कि डबल इंजन की तमाम सरकारों से टकराते देखेंगे।

## कविता

### सांस की कीमत पूछी गई

साँस-साँस को मोहताज किया,
जीवन को नीलाम किया।
मासूम थी, बस एक साल की,
फिर भी व्यवस्था ने इनकार किया।

"वेंटिलेटर चाहिए?" – पूछा गया,
"सिफारिश है?" – तौल कर कहा।
दोपहर से लेकर रात तलक,
बच्ची की साँसों ने दस्तक दी हर पल।

कभी सिस्टम की फाइल में अटकी,
कभी डॉक्टरों के मुँह के फेर में भटकी।
कंधे पर बैठी थी ममता की पुकार,
पर अस्पताल ने लगाया इंतजार।

गलियों में चीख गूंजती रही,
परदीवारें खामोश रहीं, मशीनें बंद पड़ी रहीं।
नही थी वो वोट, न पहचान की सिफारिश,
बस थी एक जान झ मासूम, बेगुनाह,
बेपरवाह।

सिस्टम का क्या दोष कहें?
यहाँ तो जिंदा रहने के लिए भी पहचान
चाहिए।
गरीब की बेटी हो या किसान का बेटा,
बिना जुड़ाव, बिना सत्ता – नहीं मिलता हक
जीने का।

\- डॉ. सत्यवान सौरभ

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता

हमें स्वतंत्रता अथक मेहनत एवं खून पसीना बहाने के बाद प्राप्त हुई है। स्वाधीनता के बाद हमारे संवैधानिक इतिहास में लोकतंत्र की संरचना को सर्वाधिक महत्व दिया गया है। इस महान लोकतंत्र की आस्था और विश्वास के कारण ही देश का मनोबल बहुत ऊंचा एवं गगनचुम्बी है हमें इस पर गर्व होना चाहिए और यही कारण है कि भारत में लोकतंत्र की आस्था तथा विस्वास के चलते ही ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर हमला किया और आतंकवादियों तथा उसके पोषक पालकों के छक्के छुड़ा दिए और भारत ने युद्ध में बड़ी सफलता पाई। भारतीय फौज के शौर्य और शक्ति का लोहा पूरी दुनिया में स्वीकार किया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारत में लोकतांत्रिक आस्था और गर्व पर विश्वास करने वाली 141 करोड़ जनता का बड़ा समर्थन है। देश की जागरूक जनता ने ऑपरेशन सिंदूर के संचालन में भारत सरकार और भारतीय तीनों सेना के अंगों का भरपूर समर्थन किया है, भारत के नागरिकों को भारतीय सेना के अदम्य साहस और वीरता पर गर्व है। हमें इन गौरवशाली पलों को अनंत काल तक बनाए रखना होगा और इसके साथ ही स्वाधीनता को भी चिरकाल तक अस्मिता की तरह संजोए रखने की आवश्यकता है। जातिभेद, रंगभेद और सामाजिक कुरीतियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति को और ताकतवर बनाना है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2025 तक यह प्रयास करती रही कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए,पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया है' वर्तमान में भारत की सामाजिक आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है। भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरूआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 131 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है। देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है। धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं।

## विचार

## मासूमियत की चीखें और हमारी चुप्पी: कब टूटेगा ये सन्नाटा?

**प्रो. आर के जैन अरिजीत, बड़वानी (मप्र)**

दुनिया तब तक निर्दोष नहीं कहलाएगी, जब तक किसी मासूम बच्चे की चीखें अंधेरे में गूंजती रहें और समाज चुपचाप आंखें फेर ले। बाल यातना और अवैध तस्करी हमारे समय का सबसे घृणित अपराध है, जो मानवता के माथे पर काले धब्बे की तरह उभरता है। क्या हम उस दुनिया का हिस्सा बनना चाहते हैं, जहां बच्चों की मासूम हंसी डर की सिसकियों में बदल जाए? जहां उनके सपनों के नन्हें कदमों को जंजीरों में जकड़ दिया जाए? 4 जून, बाल यातना एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस, हमें यही सवाल पूछता है और एक जवाब की मांग करता है – न केवल शब्दों में, बल्कि कर्मों में। आज विश्व भर में लाखों बच्चे शोषण, दमन और यातना का शिकार हो रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के 2020 के अनुमान के अनुसार, विश्व में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रम में फंसे हैं, और लाखों बच्चे तस्करी का शिकार होकर यौन शोषण, जबरन मजदूरी, सशस्त्र संघर्षों में सैनिक बनने, या घरेलू दासता जैसे अमानवीय हालातों में जीने को मजबूर हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट बताती है कि हर साल करीब 12 लाख बच्चे मानव तस्करी का शिकार बनते हैं, जिनमें से अधिकांश लड़कियां यौन शोषण के लिए तस्करी की जाती हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन मासूमों की चीखें हैं, जिनका बचपन छीन लिया गया है। ये बच्चे न केवल अपने अधिकारों से वंचित हैं, बल्कि उनकी पहचान, स्वतंत्रता और भविष्य भी कुचल दिए गए हैं। यह अपराध इतना कपटपूर्ण है कि यह अक्सर 'अदृश्य' रहता है। तस्कर संगठित गिरोहों के रूप में काम करते हैं, जो गरीबी, अशिक्षा और सामाजिक उदासीनता का फायदा उठाते हैं। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक-आर्थिक असमानता और जागरूकता की कमी व्यापक है, यह समस्या और भी गहरी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2022 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल हजारों बच्चे लापता हो जाते हैं, जिनमें से कई तस्करी के शिकार बनते हैं। कई बार माता-पिता, बेहतर भविष्य के वादे में धोखा खाकर, अपने बच्चों को दलालों के हवाले कर देते हैं। फिर वे बच्चे कभी वापस नहीं लौटते – सिवाय किसी अखबार के छोटे से कॉलम या पुलिस रिकॉर्ड की ठंडी फाइलों में। बाल तस्करी और यातना का यह घिनौना धंधा केवल कुछ अपराधियों तक सीमित नहीं है; यह एक वैश्विक तंत्र है, जो सीमाओं, संस्कृतियों और समाजों को लांघता है। यह अपराध हमारे आसपास, हमारे शहरों, गांवों और गलियों में पनपता है। गरीबी और बेरोजगारी इसकी जड़ें मजबूत करते हैं, जबकि अज्ञानता और उदासीनता इसे पनपने का मौका देती हैं। फिर भी, समाज का एक बड़ा हिस्सा इसे 'दूर की समस्या' मानकर चुप रहता है। लेकिन सच यह है कि जब तक हम इस सच को स्वीकार नहीं करते कि यह हमारी साझा जिम्मेदारी है, तब तक यह अंधेरा हमारी सभ्यता को निगलता रहेगा। इसके खिलाफ लड़ाई केवल कानूनों तक सीमित नहीं हो सकती। भारत में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस (पॉक्सो) एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, और मानव तस्करी निवारण अधिनियम जैसे कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका प्रभावी कार्यान्वयन अभी भी एक चुनौती है। कानून तभी सार्थक होते हैं, जब समाज उनकी भावना को अपनाए। इसके लिए हमें एक जागरूक, संवेदनशील और सक्रिय समाज की जरूरत है। हर स्कूल, हर पंचायत, हर मोहल्ले में यह संदेश गूंजना चाहिए कि कोई भी बच्चा बिकाऊ नहीं है। शिक्षा और जागरूकता इस लड़ाई का सबसे मजबूत हथियार हैं। जब हर व्यक्ति यह समझ लेगा कि बच्चों का शोषण केवल एक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ जंग है, तभी इसकी जड़ें कमजोर होंगी। आज के डिजिटल युग में बाल तस्करी ने नए रूप ले लिए हैं। इंटरनेट और सोशल मीडिया बच्चों को फंसाने का बड़ा जरिया बन गए हैं। साइबर अपराधी मासूमों को झूठे वादों, दोस्ती के जाल, या डराने-धमकाने के जरिए फंसाते हैं। यूनाइटेड नेशंस के अनुसार, ऑनलाइन बाल शोषण की घटनाएं पिछले एक दशक में दोगुनी हो गई हैं।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

## पनीर की पीड़ा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा:** हमारे मोहल्ले में एक पंडित जी रहते हैं—नाम नहीं लूंगा, क्योंकि नाम लेते ही वे आ जाते हैं और फिर कम से कम दो घंटे तक प्रवचन देते हैं कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई और उसमें पनीर का क्या योगदान है। पंडित जी ने अब प्रवचन देना बंद कर दिया है, अब वे पनीर ज्ञान बांटते हैं। कहते हैं—ह्लपनीर एक तत्व है, जैसे पंचतत्व—जल, अग्नि, वायु, आकाश और पनीर। एक दिन बोले, ह्लपनीर सबमें है, तुझमें है, मुझमें है, हरजीत की चाट में है, शर्मा जी के टिफिन में है। जो पनीर को पहचान गया, वह आत्मा को पहचान गया। मैंने कहा—पंडित जी, आत्मा तो कब की निकल चुकी है, अब पेट में गैस है। वो भी पनीर से। पंडित जी ने गुस्से से देखा, फिर बोले—इस अधम को भूतल पर पनीर की कृपा नहीं चाहिए। अब उनकी कृपा से मोहल्ले में एक नया मंदिर बन रहा है—श्री श्री पनीरेश्वर धामह्व। वहाँ हर मंगलवार को शाही पनीर आरती होती है। बर्फी के बदले पनीर का प्रसाद बंटता है। एक बार मैंने मजाक में कह दिया कि प्रसाद खट्टा था, तो मुझ पर गौग्रास का अपमान कहकर एफआईआर दर्ज हो गई। अब स्कूलों में भी यही हाल है। एक सरकारी स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षिका ने बताया—हमने बच्चों को विविधता का पाठ पढ़ाया है। मैंने पूछा—कैसे? उन्होंने जवाब दिया— बच्चों को पनीर की पाँच रेसिपी याद करवाई है—पनीर दो प्याजा, मटर पनीर, पालक पनीर, कढ़ाई पनीर और शाही पनीर। मैंने कहा—अरे देवी, ये विविधता नहीं, एकता में एकता है! शिक्षिका बोलीं—सर, नया पाठ्यक्रम आया है, राष्ट्रीय व्यंजन-निर्माण योजना। अब बच्चा रटता है—ह्यसबका स्वाद, एक पनीर, जैसे पहले रटता था ह्यसबका साथ, सबका विकास। एक बार एक बच्चा गलती से भिन्डी लिख आया। पूरा स्कूल उठ खड़ा हुआ। उसकी कॉपी को गंगाजल से शुद्ध किया गया। बच्चे को समझाया गया—ये देश का अपमान है। यहाँ पनीर बोलना ही देशभक्ति है। अब स्कूल में झंडा फहराते समय राष्ट्रगान के बाद पनीर वंदना गाई जाती है—पनीर तुंही महान, तेरे बिना न हो खान। एक दिन मैं एक पुराने मित्र के घर गया। देखा तो उनकी पत्नी रसोई में रो रही थीं। मैंने पूछा—क्या हुआ भाभीजी? वे बोलीं—हर दिन पनीर बना रही हूँ। अब तो हाथ कांपते हैं पनीर काटते-काटते। और सुनिए, वो तो हद कर दी इन साहब ने। मैंने पूछा—क्या? बोलीं—इन्होंने अपनी शादी की सालगिरह पर मुझे पनीर की साड़ी गिफ्ट की। मैंने देखा, साड़ी पर छोटे-छोटे पनीर के टुकड़े प्रिंट थे, और बॉर्डर पर लिखा था—पनीरलिशियस लव। मैं स्तब्ध। उनकी बेटी आई, बोली—चाचाजी, मेरा नाम अब पनीरिका रख दिया है।" अब मोहल्ले में शादियां नहीं होतीं, पनीर महोत्सव होते हैं।

## स्थानीय इतिहास खोज में इंजीनियर हेमन्त का योगदान

**प्रेम शर्मा**

स्थानीय इतिहास पर शोध संकलन और लेखन करना अत्यंत कठिन कार्य होता है। देश के लाखों लेखकों और बुद्धिजीवियों में चुनिंदा ही इस क्षेत्र में कुछ नया और खोजपूर्ण कार्य कर पा रहे हैं। इन्हीं चुनिंदा लोगों में जनपद बिजनौर उप्र के ग्राम फीना के रहने वाले इंजीनियर हेमन्त कुमार भी एक हैं। अपने गृह जनपद बिजनौर के इतिहास पर इन्होंने विगत पंद्रह वर्षों में इस प्रकार का अद्वितीय कार्य किया है जिसका उदाहरण सामान्यतया अन्यत्र कहीं सुनने देखने को नहीं मिलता। आपने गाँव तथा जिले के बारे में अधिकाधिक जानने की रूचि हेमन्त कुमार में किशोरावस्था से ही थी। इसी क्रम में आप आसपास के इतिहास की जानकारी जुटाते रहे। सन 2016 में आपने क्षेत्रीय इतिहास संकलन एवं लेखन अभियान की स्थापना की जिसका एक मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक पहुँचना भी था जो पुरानी और समसामयिक बातों को जानने और बताने में प्रवीण होते हैं विशेषकर दूर दराज के ग्रामीण लोगों तक संपर्क करना प्राथमिक उद्देश्य था।इस अभियान के अंतर्गत हेमन्त कुमार ने मात्र दस पंद्रह वर्षों में ही कई रिकार्ड कार्य कर नये मानक स्थापित किये। सन 2025 तक इन्होंने स्थानीय इतिहास से संबंधित छह पुस्तके लिखीं जिनके नाम इस प्रकार हैं। ग्राम फीना के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनकी संघर्ष गाथा, नूरपुर थाना तिरंगा केस के अमर बलिदानी परवीन सिंह और रिक्खी सिंह, कारगिल युद्ध के अमर बलिदानी नायक अशोक कुमार, अमर बलिदानी परवीन सिंह और रिक्खी सिंह की स्मृतियाँ, आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी स्मृतियां और पत्र तथा जनपद बिजनौर का परिचय शामिल है। इन पुस्तकों में आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़ी स्मृतियां और पत्र का विमोचन महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल तथा उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने हरिद्वार में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी वंशजों के राष्ट्रीय सम्मेलन में किया। कारगिल युद्ध के अमर बलिदानी नायक अशोक कुमार जनपद बिजनौर के किसी भी सैनिक पर लिखी गई पहली पुस्तक है। ग्राम फीना के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनकी संघर्ष गाथा फीना के सेनानियों पर लिखी गई पहली पुस्तक हैं।

## न्यूज फ्लैश

### नूंह में खाटू श्याम गोशाला के नाम पर ठगी: नाम बदल कर करता था बात, वॉट्सऐप प्रोफाइल पर लगाई गोमाता की फोटो

**पुन्हाना मनीष आहूजा/टीम एक्शन इंडिया**

जिले में साइबर ठगी के मामलों में कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। साइबर थाना पुलिस ने ऐसे ठग को गिरफ्तार किया है जो गोशाला और लक्की ड्रा के नाम पर लोगों से ठगी करता था। आरोपी मोईम ने अपना वर्चुअल नाम देवराज गुर्जर रखा हुआ है। इसी नाम के सहारे वह खाटू श्याम भक्तों के साथ भी ठगी करता था। उसके मोबाइल से ऐसे दर्जनों लोगों के साथ चेटिंग मिली है जो भक्ति वश उसकी बातों में आकर ठगी के शिकार हो रहे थे। पुलिस गहराई से पूरे मामले की तफ्तीश कर रही है। नाम बदला, वॉट्सऐप प्रोफाइल पर गोमाता का फोटो जानकारी के मुताबिक, पिनगवां के गांव बूबलहेड़ी का रहने वाला मोईम हिंदू नाम देवराज गुर्जर का उपयोग करके ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। उसके मोबाइल में देवराज गुर्जर समेत काफी लोगों के आधार कार्ड व पेनकार्ड के साथ क्यूआर कोड भी मिले हैं। मोबाइल देवराज गुर्जर के नाम से लॉगिन कर रखा था और प्रोफाइल पर गोमाता की फोटो लगा रखी थी। इसके साथ ही खाटू श्याम लक्की ड्रा के विज्ञापन, खाटू श्याम गोशाला समिति की पर्ची, ट्रांजैक्शन के स्क्रीन शॉट व इसके संबंध में दर्जनों लोगों के साथ वॉट्सऐप बातचीत और कॉल डिटेल भी मिली हैं। इसके साथ ही खाटू श्याम लक्की ड्रा के विज्ञापन, खाटू श्याम गोशाला समिति की पर्ची, ट्रांजैक्शन के स्क्रीन शॉट व इसके संबंध में दर्जनों लोगों के साथ वॉट्सऐप बातचीत और कॉल डिटेल भी मिली हैं। जिसमें यह सामने आया है कि आरोपी ने कई लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी के फोन से बरामद किए गए दो फर्जी सिम कार्ड राजस्थान के गिगोली निवासी दीपक नाम पर लिया गया है। अनपढ़ है साइबर ठग मोईम सब इंस्पेक्टर सूरज ने बताया कि 28 वर्षीय मोईम अनपढ़ है और कोई काम धंधा नहीं करता। वह फर्जी नाम के सहारे लोगों को विश्वास में लेकर उनके साथ ठगी करता है। इसकी गिरफ्तारी नूंह-तावडू रोड पर गांव सौंख से की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अभी तक कुल तीन लोगों से करीब 80 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके अलावा पुलिस ने दो और साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अल्ताफ निवासी गांव चाहलका, अश्फाक निवासी भूडबांस लहरवाड़ी के तौर पर हुई। इनके कब्जे से तीन मोबाइल व सिम कार्ड बरामद किए गए हैं। इनके मोबाइल से भी ठगी संबंधी प्रमाण मिले हैं। साइबर थाना पुलिस का कहना है कि तीनों आरोपियों का मोबाइल डाटा रिकवर करवाने के लिए इन्हें लैब भेजा जाएगा। प्राथमिक जांच में इनकी ठगी के शिकार कई लोगों की पहचान कर ली गई है।

### लोन फजीर्वाड़ा मामले में छह फर्जी किसानों और दो अधिकारों पर केस

**पुन्हाना मनीष आहूजा/टीम एक्शन इंडिया**

गुड़गांव सेंट्रल कापरेटिव बैंक में फर्जी किसानों के माध्यम से भूमि के झूठे दस्तावेज तैयार कर बैंककर्मियों के साथ मिलकर 54 फ्रजी किसानों ने दो करोड़ रुपये का चूना लगाया है। फर्जी किसानों और अधिकारियों द्वारा यह फजीर्वाड़ा वर्ष 2015-16 में किया गया था। मामला अदालत में जाने के बाद अब सुर्खियां बटोर रहा है। फजीर्वाड़े से पर्दा उठने पर बैंक द्वारा टीम गठित की गई थी। जिसमें दो अधिकारी संलिप्त पाए गए थे। उसके बाद यह - मामला अदालत में पहुंचा। अदालत के आदेश पर अब पुलिस ने छह फर्जी किसानों सहित बैंक के दो अधिकारियों के खिलाफ भी अलग अलग एफआइआर दर्ज कर ली हैं। अदालत द्वारा 15 के खिलाफ मामले दर्ज करने के आदेश दिए जा चुके हैं। पुन्हाना की दी गुड़गांव सेंट्रल कापरेटिव बैंक में हुए फजीर्वाड़े के मामले में बैंक के अधिकारी व किसान लंबे समय से भूमि के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर बैंक को चुना लगाकर लोगों से सांठगांठ कर लोन कराते थे। 54 फर्जी किसान और ब्रांच मैनेजर कासम खान एवं विकास अधिकारी लियाकत अली ने फर्जी लोन के नाम पर बैंक को
बैंककर्मियों के साथ मिलकर 54 फजी किसानों ने दो करोड़ रुपये का लगाया था चूना करीब दो से ढाई करोड़ रुपये का चूना लगाया है। बैंक द्वारा गठित कमेटी की जांच में पाया गया की फर्जी किसान व बैंक का मैनेजर कासम खान एवं विकास अधिकारी लियाकत अली सहित ये सभी लोग सांठगांठ कर भूमि के फर्जी दस्तावेज बनवाकर लोन कराते थे। इन को दिया गया था लोन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक प्रबंधक कासम अली व विकास अधिकारी लियाकत अली के साथ मिलीभगत करके टूंडलाका के रत्ती खानने ने चार लाख, लुहिंगाकलां के आबिद को पांच लाख का लोन दिया गया। इलियास निवासी शमशाबाद खुर्द को साढ़े चार लाख रुपये की राशि गैरकानूनी तरीके नाम पर दी गई। लुहिंगा कलां के आरिफ को पांच लाख का ऋण प्राप्त हुआ। जुम्मा को पांच लाख की राशी मिली थी। मजीद को तीन लाख का ऋण दिया गया था। कुल राशि 26 लाख 50 हजार रुपये बनती है।जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। कोर्ट के आदेश पर 6 अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। भरत सिंह, सिटी थाना प्रभारी पुन्हाना।

# शहर में बेसहारा पशुओं की समस्या का निकाला जाए स्थाई समाधान: उत्तम सिंह

**बैठक**

लघु सचिवालय के सभागार में बेसहारा पशुओं की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में शहर में बेसहारा पशुओं की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस समस्या के स्थाई समाधान निकालने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन स्थानों का चयन कर सर्वेक्षण करें, जहां बेसहारा पशुओं की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे स्थानों का सर्वे कर मैपिंग की जाए।
उन्होंने जिला की सभी 27 पंजीकृत और चार अपंजीकृत गौशालाओं का सर्वेक्षण करने के भी निर्देश दिए, ऐसी गौशालाओं में खाली पड़ी जगह का आंकलन कर उसमें शेड बनवाकर जगह कवर की जाए, ताकि बेसहारा पशुओं को रखने की क्षमता को बढ़ाया जा सके।
उपायुक्त ने नई गौशालाओं के निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों में भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निजी, गैर.सरकारी संगठनों ;एनजीओद्ध द्वारा संचालित गौशालाओं की भी जांच करने के निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे पशुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं या नहीं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करे और बेसहारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाए।
बैठक में पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. रुपिंदर ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा गत वर्ष अक्तूबर माह से अब तक लगभग 790 पशुओं को गौशालाओं में भेजा गया है और यह कार्य लगातार जारी है।
उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 27 पंजीकृत और चार अपंजीकृत गौशालाओं में 21,574 पशु मौजूद हैं और अन्य पशुओं को रखने के लिए भी गौशालाओं से संपर्क किया जा रहा है।
बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार, जिला के सभी नगरपालिका सचिव व पशुपालन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सीजेएम इरम हसन ने एमडीडी बाल भवन के सदस्यों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने आज मंगलवार को एम डी डी बाल भवन के सदस्यों के साथ एक बैठक की।सीजेएम इरम हसन ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक कैम्पेन श्साथीश के अंतर्गत जिला स्तर पर एक यूनिट बनाई गई है, जिसमें मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल संरक्षण यूनिट के साथ चार पैनल अधिवक्ता व चार पैरा लीगल वालंटियर भी शामिल है। इस यूनिट के सदस्य बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए कार्य करेगे।
इसी दौरान उन्होंने उपस्थित सदस्यों को यूनिट व एमडीडी बाल भवन के साथ कार्यरत स्वयंसेवियों के सौजन्य कैंपेन साथी के अंतर्गत जनहित में अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया, जिससे सभी बेसहारा बच्चे आधार कार्ड प्राप्त कर सकें।

## मोदी के नेतृत्व में देश बना विश्व की चौथी बड़ी सबसे अर्थव्यवस्था: प्रवीण लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल अनेक उपलब्धियों के साथ पूरा हो रहा है।

## घरों के गंदे पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**

नूंह जिले में घरों के गंदे पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में जमकर लाठी - डंडे और छतों से पथराव हुआ। इस झगड़े में एक पक्ष के करीब 5 लोगों को चोटें आने का समाचार मिला है। जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 18 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी अभी पुलिस गिरफ्तारी से दूर हैं। नूंह खंड के गांव चिलावली के रहने वाले महबूब ने बताया कि बीते 31 मई की सुबह वह अपने लड़के सकील के साथ अपने घर पर बैठे हुए थे। उसी दौरान पड़ोस के ही रहने वाले सद्दाम और



अरशद अपने हाथों में फरसा और लाठी - डंडा लेकर आए। आरोपियों ने कहा कि तुमने घर के पास नाली में गंदगी डाली है। जब सकील ने आरोपियों से गंदगी डालने से मना किया तो आरोपी सद्दाम ने अपने हाथ में लिया हुआ फरसा सकील के सिर पर मार दिया। जिससे वह लहूलुहान हो गया। परिवार के अन्य लोग जब बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने अपने परिवार के अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया और लाठी - डंडों से मारपीट की है। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उनके परिवार के लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। थोड़ी देर बाद आरोपी अपने घरों की छतों पर चढ़ गए और जमकर पथराव किया। पथराव में उनके घरों में रखा सामान टूट गया। वहीं घर में बैठी महिलाओं को भी चोट आई है। झगड़े को देख आस पास के लोग इकट्ठा हो गए, जिन्होंने हमलावरों से उन्हें बचाया।
महबूब के मुताबिक, पड़ोसियों ने बीच बचाव कर झगड़े को शांत करा दिया और पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने बताया कि उनके परिवार के करीब 5 लोगों को इस झगड़े में चोट आई है। उन्होंने बताया कि आरोपी दबंग किस्म के लोग हैं, जो आए दिन झगड़े की वारदात को अंजाम देते रहते हैं। इस झगड़े का एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग छतों से पथराव करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## शराब पीकर अपशब्द बोलने से रोका तो सिर पर मारी गंडासी

**कैथल (नसीब सैनी ) कैथल**

गांव करोड़ा में छह लोगों ने एक घर में घुसकर दो व्यक्तियों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने एक युवक को शराब पीकर अपशब्द बोलने से रोका था। इससे गुस्से में आए आरोपियों ने एक व्यक्ति के सिर पर गंडासी मार दी, जिससे उसका सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव करोडा निवासी कर्मचंद ने पूंडरी थाने में दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले रात 9 बजे वह और गांव का कर्मबीर दोनों उसके घर पर बैठे थे। थोड़ी देर बाद अमित शराब पीकर आया और उनको अपशब्द कहने लगा। उन्होंने उसको घर से बाहर करके अपने घर पर जाने के लिए बोला फिर अपने घर के गेट पर कुंडी लगा ली। 10 मिनट बाद अमित, उसका भाई मनीष सहित पूरा परिवार कुंडी खोलकर उनके घर में घुस गया।

**सिर में मारी गंडासी**

मनीष ने कर्मबीर के सिर पर गंडासी मार दी जिस से कर्मबीर का सिर फट गया और वह बेहोश होकर धरती पर गिर गया। वह उसे छुड़ाने गया तो आरोपी अमित व उसके पिता अजमेर ने उसे लाठियों से पीटा। परिवार के अन्य लोगों को आता देख आरोपी मौके से भाग गए।

## हकेवि के विद्यार्थियों ने डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में बाजी मारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मे आयोजित डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार व समकुलपति प्रोफेसर पवन कुमार शर्मा ने विभाग के दोनों विद्यार्थियों



को बधाई दी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के कौशल को निखारने में मददगार हैं। विद्यार्थियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भागीदारी करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी ही विश्वविद्यालय के अंबेस्डर हैं, विद्यार्थी ही अपनी उपलब्धियों से विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाते हैं। विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।
इसमें हकेवि के एम.ए. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी बेसिल बिजू की फिल्म भटठा को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। उन्हें पुरस्कार के रूप में बेसिल को 11000 रूपए, एक अवार्ड व सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। साथ ही विभाग की अंतिम वर्ष की छात्रा हिब्बा पीके को इस प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ है। हिब्बा ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वन्य जीवों पर अपने वृतचित्र का निर्माण किया है, जिसकी निर्णायक मंडल ने जमकर सराहना की। डॉ. अशोक कुमार ने विश्वविद्यालय कुलपति का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन से मिल रहे सहयोग के कारण ही विभाग विद्यार्थियों को फिल्म व कार्यक्रम निर्माण के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सफल रहा है।

## आर्य कॉलेज के छात्र नीतीश को राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में मिला प्रथम पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र नीतीश ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है क निबंध लेखन प्रतियोगिता उत्तर महाराष्ट्र के कवयित्री बहिणाबाई चौधरी विश्वविद्यालय, जलगांव द्वारा 9 मार्च को ऑनलाइन निबंध लेखन आयोजित करवाई गई थी जिसके परिणाम ३ जून को जारी हुए। जिसमें आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र नीतीश ने ऑनलाइन माध्यम से निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम



रोशन किया। प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारत से लगभग तीन हजार छात्रों ने भाग लिया था।
प्रबंधक समिति के महासचिव कमल किशोर ने कहा की आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र सभी प्रतियोगिताओं बढ़-चढ़ कर भाग लेते है और अपने माता-पिता व महाविद्यालय का नाम रोशन करते है कउन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज की प्रबंधक समिति का हर संभव यही प्रयास रहता है कि कॉलेज में पढने वाले सभी विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधाएं मुहया करवाई जाएं। महासचिव कमल किशोर ने इस शानदार उपलब्धि के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ-साथ पूरे आर्य कॉलेज परिवार को बधाई दी।
इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा उत्तर महाराष्ट्र के कवयित्री बहिणाबाई चौधरी विश्वविद्यालय, जलगांव द्वारा 9 मार्च को ऑनलाइन निबंध लेखन आयोजित करवाई गई थी जिसके परिणाम ३ जून को जारी हुए।

## यूपी की विवाहिता ने किया सुसाइड, शादी को हुआ था एक साल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव अराईपुरा में मंगलवार को एक 24 वर्षीय विवाहिता ने अपने घर के कमरे में पंखे के हुक से चुन्नी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की करीब एक साल पहले ही शादी हुई थी। सास ने बहू को फंदे से लटकता देखा तो पूरे घर में कोहराम मच गया। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या के आरोप लगाए हैं।
घटना की सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस के अनुसार मायके पक्ष के बयानों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## यमुनानगर में गैंगस्टर के खौफ से शराब ठेकेदार बोली में नहीं ले रहे हैं भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्म बीर )-**

यमुनानगर का शराब कारोबार इस वक्त गैंगस्टरो के खौफ से जूझ रहा है।
शराब ठेकेदार आबकारी विभाग द्वारा आयोजित की गई बोली में शराब के ठेकों की बोली लगाने से कतरा रहे हैं।
बीती 30 मई को यमुनानगर जिले के 25% शराब के ठेकों की ही बोली लगी थी। आबकारी विभाग द्वारा कल यानि 4 जून को दोबारा बोली निर्धारित की गई है।
वही यमुनानगर के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने शराब ठेकेदारों को बेवकूफ होकर शराब के ठेकों की बोली लगाने की अपील की है उन्होंने शराब ठेकेदारों से मीटिंग कर उनकी



सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया है।
उन्होंने जिले के शराब ठेकेदारों से अपील की कि आगामी नीलामी में बढ़चढ़ कर भाग लें। सभी ठेकेदारों को पूरी सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी। साथ ही ठेकेदारों की मांग पर उनके लाइसेंस बनाए जाने को भी स्वीकृति दी जाएगी। अपराधियों का उद्देश्य दहशत फैलाना होता है, इनसे घबराना नहीं है। घबराकर काम नहीं छोड़ना है, तभी इनके हौंसले पस्त होंगे। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमे अपराधियों का नेटवर्क तोड़ना हमारा उद्देश्य है, पुलिस का सहयोग करें, इनसे बिल्कुल भी घबराना नहीं है। जब तक ठेकों की नीलामी नहीं होगी, तब तक अधिक ध्यान देना है। जिस अनजान नंबर से कॉल आए, उसे उठाना नहीं है। यदि किसी को कॉल आई है और बात हुई है तो उसके बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें और उस नंबर को ब्लाक कराएं। किसी भी ठेकेदार को कोई दिक्कत आती है तो तुरंत उस बारे में बताएं, पुलिस आपके साथ है। अभी ठेकों की बोली 04 जून को होनी है। ऐसे में अतिरिक्त सावधानी बरतें और पुलिस का सहयोग करें और जिले में शांति व्यवस्था कायम रखें।

## दो नाबालिगों के मर्डर मामले में अनुसूति जाति आयोग पहुँचा कैथल के गांव बरटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल (नसीब सैनी )**

हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन रविंद्र बलियाला और सदस्य ने मंगलवार को गांव बरटा में पिछले दिनों हुए डबल मर्डर मामले में पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। आयोग ने परिजनों को घटना पर सांत्वना दी। साथ ही इस मामले में अब तक पुलिस-प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी ली। परिजनों ने पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई पर पूरी तरह से संतुष्टि जताई। जिस पर आयोग ने जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।
गांव बरटा में परिजनों से



मुलाकात के बाद लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में मीडिया से बातचीत में आयोग चेयरमैन रविंद्र बलियाला ने कहा कि गांव बरटा में एक दुखद घटना हुई है। जिसमें दो नाबालिगों का मर्डर हुआ था। इस मामले में आयोग ने संज्ञान लेते हुए आज गांव में जाकर परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही उनसे उनकी समस्याएं जानीं। आयोग को परिजनों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की हैं। साथ ही जिला प्रशासन ने पीड़ित परिजनों को समय पर सांत्वना राशि मुहैया करवाई है। इसके अलावा भी पुलिस-प्रशासन ने इस घटना में हर तरह से सहयोग किया है। जिस कारण परिजन पुलिस व सिविल प्रशासन की अब तक की कार्रवाई से पूरी तरह से संतुष्ट नजर आए।
परिजनों को आयोग ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके साथ-साथ पुलिस को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में भी गांव में पीड़ित पक्ष को यदि कोई परेशानी आती है तो उनकी तुरंत सुनवाई की जाए।
उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जहां-जहां भी अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों पर अत्याचार की बात सामने आती है, वहां हरियाणा सरकार द्वारा समय पर कार्रवाई की जा रही है। आयोग समय-समय पर संज्ञान लेकर घटनाओं की जानकारी लेता है। हरियाणा में इस मामले में संतोषजनक जवाब मिला है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को आयोग के पास अपनी शिकायत देनी है तो वह पंचकूला स्थित मुख्यालय में अपनी शिकायत दे सकता है। हरियाणा सरकार अनुसूचित जाति कल्याण के मामले में पूरी तरह से संवेदनशील है। इसी कारण पुलिस-प्रशासन द्वारा समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी सीमा ने विभाग द्वारा सांत्वना राशि देने के साथ-साथ अब तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

## संत कबीर दास जयंती समारोह को लेकर एडीसी की अध्यक्षता में बैठक

**सिरसा, (रणबीर खटक)**

संत कबीर दास जयंती के उपलक्ष्य में 11 जून को सिरसा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बता दें कि 11 जून को इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। बैठक में आयोजन संबंधी विभिन्न कार्यों पर चर्चा हुई और अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को जिम्मेवारियां सौंपी गई है। अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि



समारोह में हजारों की संख्या में लोग हिस्सा लेंगे, इसमें पार्किंग, पेयजल व किसी अन्य प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारियां की जा रही है। सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यों को समय पर पूरा करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक के अलावा समारोह स्थल का भी निरीक्षण करते हुए विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई।

न्यूज फ्लैश

## सुनील कुमार ने डाइट पलवल कुरुक्षेत्र में संभाला कार्यभार



**टीम एक्शन इंडिया**
**थानेसर:** सुनील पौलस्त्य हिन्दी प्राध्यापक ने डाइट पलवल में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। शहीद बलबीर सिंह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद के प्राचार्य भीमसेन,उप-प्राचार्य जितेन्द्र एवं स्टाफ सदस्यों,पूर्व हसला जिला प्रधान एवं प्राचार्य डॉ. दिनेश यादव ने उन्हें बधाई दी। मौके पर डाइट पलवल (कुरुक्षेत्र) के सीनियर लेक्चरर अपर्णा, जसविन्द्र सिंह, डॉ. बलवान सिंह, स्टाफ सेक्रेटरी संतराम, हरीश बंसल, तपेश शास्त्री, संजय मित्तल एवं सुदेश कुमारी मौजूद रहे।

## नशा इंसान ही नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को भी खा जाता है: प्रो. करतार सिंह धीमान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को ड्रग्स फ्री हरियाणा अभियान के अंतर्गत साइक्लोथॉन यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की अगुवाई आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने स्वयं की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा मुक्त जीवन शैली की ओर प्रेरित करना और स्वस्थ समाज निर्माण की चेतना को मजबूत करना रहा। साइक्लोथॉन यात्रा को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन का अहम योगदान रहा। खास बात ये रही कि सेक्टर-4 का रहने वाला 5 वर्षीय अगम भी अपनी साइकिल लेकर यात्रा में हिस्सा लेने पहुंचा। यात्रा विश्वविद्यालय परिसर से शुरू होकर सर्किट हाउस, पुलिस अधीक्षक आवास, कुरुक्षेत्र-पिपली मार्ग, नया बस स्टैंड, सेक्टर-7 मार्ग से होते हुए वापस विश्वविद्यालय पहुंची। इसमें विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी व शहर के समाजसेवी शामिल हुए। यात्रा में जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, साइकिल कोच पंजाब सिंह, सुरेंद्र कौर व पंकज कुमार का विशेष सहयोग रहा। यात्रा में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो से डॉ.अशोक कुमार वर्मा और पुलिस से सेवानिवृत्त कर्मचंद ने भी विशेष रूप से भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह सहरावत,आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) देवेंद्र खुराना, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ.) राजेंद्र सिंह चौधरी, प्रोक्टर प्रोफेसर राजा सिंगला और प्रो. मनोज तंवर मौजूद रहे।

# सीएम सैनी के नेतृत्व में 2030 तक कुरुक्षेत्र बनेगा विकसित: जिंदल

### हरियाणा प्रदेश को वर्ष 2035 तक विकसित राज्य में शामिल किया जाएगा

विकास

युवाओं को तकनीकी कोर्स करवाने को कौशल विकास केंद्र की जिंदल सिटी से शुरूआत की गई है।



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्यों को करवाते हुए सभी के सहयोग से वर्ष 2030 तक देश में सबसे पहले कुरुक्षेत्र लोकसभा संसदीय क्षेत्र को विकसित मनाया जाएगा। इसी तरह हरियाणा प्रदेश को वर्ष 2035 तक विकसित राज्य में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को तकनीकी कोर्स करवाने के लिए नवीन अवसर नवीन प्रयास कौशल विकास केंद्र की जिंदल सिटी कुरुक्षेत्र से शुरूआत की गई है। ये केंद्र 3 महीने में शुरू हो जाएगा। इसी तरह आज चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले बहलोलपुर आईटीआई को पीपीपी मोड आधुनिक बनाने को एमओयू साइन किया जाएगा। इसकी सफलता के बाद अन्य 17 आईटीआई को भी आधुनिक बनाने का काम किया जाएगा। सांसद नवीन जिंदल मंगलवार को कुरुक्षेत्र में कार्यकताओं के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पदाधिकारियों के साथ मिलकर एक साल में हुए विकास कार्यों पर चर्चा की। साथ ही खिलाड़ियों के कीट वितरण, युवतियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, गांवों में आंखें व स्वास्थ्य जांच शिविर, किसानों के लिए कृषि मेले जैसे कार्यों को एक वीडियो फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि युवाओं को नशे की बजाए खेलों का नशा करना चाहिए। खेलों के नशे को पूरा करने में युवाओं का सहयोग किया जाएगा। इसके लिए गांव स्तर पर जिम का सामान, खिलाड़ियों के लिए खेलों का सामान दिया जा रहा है। जो खेल ओलम्पिक में खेले जाते हैं, उनको बढ़ावा देने का काम किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण विषय युवाओं के रोजगार का है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल के क्षेत्र में आगे बढने.का रास्ता दिखाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि जब युवाओं के पास अपना कौशल होगा तो उन्हें नौकरी के पीछे नहीं बल्कि नौकरी खुद चलकर उनके पीछे आएगी। इसके अलावा जो युवा विदेश में जाना चाहते हैं, वहां पर उन्हें मजदूरी करने की बजाए अपने कौशल के अनुसार काम मिल सकेगा। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि इस समय लोकसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों पर काम चल रहा है। कैथल में भगवान परशुराम मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रगति पर है। ऐसे ही कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड रेलवे लाइन का काम पूरा हो चुका है, इस प्रोजेक्ट का हिस्सा थानेसर में प्लेटफार्म का कार्य बचता है। दीपावली से पहले इस एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन हो जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई रेलगाड़ियां का कुरुक्षेत्र में ठहराव सुनिश्चित करवाया गया है। जो वायदे किये गए थे, उनको पूरा करने करने का कार्य किया जा रहा है।

## छह दिवसीय बाल संस्कार कार्यशाला का शुभारंभ किया



कार्यशाला

छह दिवसीय बाल संस्कार कार्यशाला में लगभग 70 छात्र और छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया /दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा की तरफ से 6 दिवसीय बाल संस्कार कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यशाला के प्रथम दिवस पर सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य श्रीमती अंजलि मरवाह द्वारा मेहमानों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया । तत्पश्चात शाखा अध्यक्ष विजयंत बिंदल जी, महिला संयोजिका श्रीमती मानसी गर्ग, प्रांतीय महासचिव अतुल गोयल एवं विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंजलि मारवाह द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का आरंभ किया । उपस्थित सदस्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। इस बाल संस्कार कार्यशाला में लगभग 70 छात्र छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। शाखा सचिव बलजीत चावला ने इस कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों, मेहमानों , विद्यार्थियों तथा विद्यालय स्टाफ को भारत विकास परिषद के बारे में जानकारी दी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। इसके बाद बच्चों के विषय अनुसार ग्रुप बनाकर सुप्रसिद्ध मंच संचालक बृज शर्मा तथा शाखा सचिव बलजीत चावला ने मंच संचालन के बारे में जानकारी दी।

## डीएलएसए ने किया जिला जेल में बंदियों के स्वास्थय को योग शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**
**कुरुक्षेत्र:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में योग शिविर लगवाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला जेल में बंदियों को योगा करवाया गया। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा कैंपों का आयोजन करते हैं, ताकि बंदियों के स्वास्थ्य को लाभ मिल सके।

## विज की अगुवाई में अंबाला छावनी में विकास का रथ दौड़ रहा है सरपट

विकास

अंबाला छावनी में बनाए जा रहे अस्पताल में एक ग्राउंड फलोर, दो बेसमेंट तथा चार मंजिलें ऊपर होंगी।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज की अगुवाई में अंबाला छावनी में विकास का रथ सरपट दौड रहा है और इसी कडी में गत दिवस मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर परचेस कमेटी की बैठक में अंबाला छावनी के विकास के रथ को ओर गति प्रदान करने के लिए लगभग 56 करोड रूपए से बिजली के क्षेत्र में ढांचागत सुदृढीकरण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए अवसरंचना के निर्माण कार्यो को मंजूरी प्रदान की गई है। विज ने इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला छावनी में 100 बिस्तर का एक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने के लिए गत दिवस हाई पावर परचेस कमेटी की बैठक में 17 करोड रूपए की राशि को मंजूरी प्रदान की गई है ताकि अंबाला छावनी के निवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकें। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी में बनाए जा रहे अस्पताल में कुल 7 मंजिलें होगी जिनमें से एक ग्राउंड फलोर, दो बेसमेंट तथा चार मंजिलें ऊपर होंगी। इस अस्पताल में एक क्रिटिकल केयर यूनिट को बनाया जाएगा, जबकि यहां पर एक आपातकालीन वार्ड भी होगा जहां पर आपातकाल में मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसी प्रकार, अपर बेसमेंट में एमपीजीएस प्लांट रूम भी स्थापित होगा। ग्राउंड फलोर में केयर लैब, एक्सरे रूम, केन्द्रीयकृत नर्सिंग क्षेत्र, नर्सिंग स्टेशन इत्यादि होंगें। डॉक्टर कक्ष, नर्स कक्ष, प्रक्रिया कक्ष, एएचयू के साथ वार्ड, एलडीआर/बहुउद्देशीय नैदानिक क्षेत्र, बड़े वार्ड में उपकरण रखने की जगह और साफ-सफाई की सुविधा होगी। ऐसे ही द्वितीय तल पर आईसोलेशन कक्ष, सभी संक्रमित आइसोलेशन कक्षों में नेगेटिव दबाव होगा।

## इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखाधड़ी करने के 5 आरोपी गिरफ्तार



चीटिंग

उसने अपना खाता यूनियन बैंक में खुलवा लिया। और खाते से 50 हजार रुपये जमा इन्वेस्टमेंट किये।

**टीम एक्शन इंडिया/प्रदीप कुमार**
**कुरुक्षेत्र:** जिला पुलिस ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र पुलिस टीम ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोपी निपेंद्र कुमार वासी जापता जिला बिजनौर यूपी, हेमंत कुमार वासी करीमपुर जिला रामपुर यूपी, प्रवेश कुमार वासी बोवदवाला जिला मुरादाबाद यूपी, रोहित कुमार वासी देवीपुरा व हैदर अली वासी मुडिया पिस्तोर जिला उधमसिंह नगर उतराखंड को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना साइबर क्राइम कुरुक्षेत्र में दी अपनी शिकायत में नेत्रपाल वासी कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह मछली पालन का काम करता है। कुछ समय पहले उसकी फेसबुक पर एक अनजान आईडी से बात हुई जिसमे उसको बताया कि वह गोल्ड-माइनिंग में कम्पनी मे इन्वेस्टमेंट का काम करता है। अगर वह भी उनके साथ इन्वेस्टमेंट करे तो उसको काफी मुनाफा होगा। इसके लिए उसको एक अकाउंट खोलना होगा और जिसके द्वारा वह उसकी इन्वेस्टमेंट करके मुनाफा कमाएगा। उसने अपना खाता यूनियन बैंक में खुलवा लिया। उसने अपने खाते से पहले बार 50 हजार रुपये जमा इन्वेस्टमेंट किये।

## विद्यालय स्टाफ ने 37500 रुपए में पानी की टंकी व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत:** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी उजाले खां की प्राचार्या अनिता दुहन ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था तो थी लेकिन शुद्ध पेयजल की उचित व्यवस्था नहीं थी, परंतु विद्यालय के समस्त स्टाफ ने पहल करते हुए कहा कि जब विद्यार्थी विद्यालय में आते हैं तो हमारे अपने बच्चे हैं और हमने अपने बच्चों के लिए शिक्षा के साथ साथ उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए क्योंकि विद्याालय में पानी की व्यवस्था है लेकिन शुद्ध पेयजल नहीं है और हम अपने अंशदान से अपने विद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के स्वयं पहल करके यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे। समस्त स्टाफ ने 37500 रुपए में पानी की टंकी व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। विध्यालय की प्राचार्या अनिता दुहन ने कहा कि ऐसा पुनित कार्य गोहाना उपमंडल में पहली बार हुआ है। यह पहल अध्यापकों को अपनानी चाहिए। पानी की टंकी का लोकार्पण करते कर उन्होंने समस्त स्टाफ को धन्यवाद किया।

## पटाखों के निर्मा‌, भंडार‌पर लगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग, चंडीगढ़ द्वारा जारी निदेशों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं फोड पर पूरे वर्ष के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। ऐसे में यह आदेश सोनीपत जिला में भी लागू रहेंगे।
उन्होंने बताया कि यह प्रतिबंध पटाखों से निकलने वाली विषैली गैसों के कारण पर्यावरण को होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए लगाया गया है, ताकि वायु प्रदूषण को रोका जा सके और जनस्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।

## पसियाला में कृषि संकल्प अभियान का कार्यक्रम आयोजित



कृषि

किसानो को खेती में मशीनीकरण अपनाने, धान की सीधी बुवाई आदि अपनाने पर जोर दिया गया

**टीम एक्शन इंडिया /मनीष कुमार**
**अम्बाला:** राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक डॉ सुधीर सिंह ने विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव पसियाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और उन्होंने इस दौरान वैज्ञानिक एवं कृषक संवाद में भागीदारी की। उन्होंने सभी किसानों से बात करते हुए उनकी विभागीय योजना एवं अनुसन्धान योगी बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की जिसमे खास तौर से शहद उत्पादकों द्वारा शहद बेचने के लिए कोई प्लेटफॉर्म न मिलना तथा सूरजमुखी की बिक्री समय से न हो पाना इत्यादि विषयों पर खुलकर चर्चा की। उन्होंने किसानो को कृषि के साथ डेरी को अपनाकर अपनी आय बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अभियान में बोलते हुए किसानो को खेती में मशीनीकरण अपनाने, धान की सीधी बुवाई करने, प्राकर्तिक खेती, फसल विविधीकरण अपनाने पर जोर दिया। उनके साथ संयुक्त निदेशक, डॉ राजन शर्मा, प्रभारी डॉ बी एस मीणा, केवीके , कर्नल के अध्यक्ष डॉ पंकज कुमार सारस्वत, डॉ नरेश स्लोकर, डॉ दिवांश एवं केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल से डॉ लोकेश भी उपस्थित रहे। आज की टीम के नोडल अफसर डॉ विक्रम धीरेन्द्र सिंह एवं डॉ रमेश कुमार ने निदेशक का स्वागत किया। उन्होंने बताया की अम्बाला जिले के किसान इस अभियान से उत्साहित नजर आ रहे हैं। बागवानी विभाग से डॉ ऋतिक एवं उपासना सिंह ने निदेशक का टीम सहित अम्बाला के अभियान में मार्ग दर्शन करने और किसानो से रूबरू होने के लिए धन्यवाद किया।

## मंडलायुक्त ने ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया



सफाई

उन्होंने सिंचाई अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्रेनें या नाले में उनकी सफाई व्यवस्था के कार्य में तेजी लाएं।

**टीम एक्शन इंडिया/मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मंडलायुक्त अंशज सिंह ने अम्बाला शहर व अम्बाला छावनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ड्रेनों व नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए वास्तविता जांची। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम अम्बाला छावनी विनेश कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार व डीआरओ विकास कुमार मौजूद रहे।
मंडलायुक्त अंशज सिंह ने ड्रेनों की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए सबसे पहले माडल टाउन क्रासिंग के नजदीक एयरफोर्स क्षेत्र के नजदीक से गुजर रही ड्रेन/एयरफिल्ड की वास्तविकता जांची। उन्होंने मौके पर उपस्थित सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार से इस ड्रेन के माध्यम से किस-किस क्षेत्र की बरसाती पानी की निकासी होती है उसकी जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होने बलदेवनगर हाईवे के नजदीक ड्रेन की सफाई व्यवस्था की जानकारी हासिल करते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर सफाई व्यवस्था के कार्य में तेजी लाएं। मनमोहन नगर के नजदीक भी सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने सिंचाई विभाग व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बेहतर समन्वय बनाते हुए उनके क्षेत्र से सम्बन्धित जो भी ड्रेनें या नाले हैं, उनके सफाई व्यवस्था के कार्य में तेजी लाएं। सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि यहां पर सफाई व्यवस्था का कार्य 40 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है, 10 जून तक सफाई व्यवस्था के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। इसके उपरांत उन्होंने कबीरनगर के नजदीक भी ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में सैक्टर 7 के नजदीक रेलवे लाईन के पास जाकर वहां से गुजर रही ड्रेन की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने रेलवे विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे से सम्बन्धित जो ड्रेन/पुलिस का हिस्सा है वहां पर सफाई व्यवस्था का कार्य दुरूस्त करें ताकि बरसाती पानी की निकासी सुगमता से हो सके। इसके साथ-साथ उन्होंने इंद्रपुरी में भी रेलवे विभाग से सम्बन्धित जो ड्रेन है उसकी सफाई व्यवस्था कार्य को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रेलवे से आए सम्बन्धित अधिकारी ने मंडलायुक्त को आश्वस्त किया कि 15 जून तक रेलवे से सम्बन्धित जो ड्रेनें है उससे सम्बधित सफाई व्यवस्था के कार्य को करवा लिया जाएगा।

## शारीरिक कल्याण को अपनी दिनचर्या में योग को करें शामिल: डीसी अजय तोमर



**टीम एक्शन इंडिया /मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष विभाग द्वारा पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। नागरिक 9501131800 पर कॉल करके भी रजिस्ट्रेशन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि योग, एक प्राचीन अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को जोड़ता है, और दैनिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए योग विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उपकरण के रूप में विकसित हुआ है। दैनिक जीवन में योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संबंध का प्रतीक है। योग पारंपरिक कसरत के विपरीत, योग संतुलन, लचीलापन और मन की शांति को बढ़ावा देता है, जिससे आपके दैनिक जीवन में सामंजस्य पैदा होता है। तनाव कम करने से लेकर हृदय स्वास्थ्य में सुधार तक, योग ठोस परिणाम प्रदान करता है जिसे आप महसूस कर सकते हैं और देख सकते हैं। इसके अलावा अपनी दिनचर्या में बुनियादी योग आसनों को शामिल करने से मानसिक ध्यान और शारीरिक सहनशक्ति बढ़ती है। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में योग दिवस के आयोजन की व्यापक तैयारी करने और अधिक से अधिक लोगों को ऑनलाइन पंजीकरण के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए हैं।

# अभिभावक कम आयु के बच्चों को ना दे वाहन: एसपी अजीत सिंह

## निर्धारित आयु होने पर ही अभिभावक अपने बच्चों का लाईसैंस बनवाकर उन्हें वाहन चलाने की अनुमति

**यातायात**

**कम आयु के बच्चें पूर्णरूप से परिपक्व नहीं होते और ना ही उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी होती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत भापुसे ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने कम आयु के बच्चों को वाहन जैसे एक्टिवा, मोटरसाईकिल व कार इत्यादि सड़क पर चलाने हेतू ना दे। कम आयु के बच्चें पूर्णरूप से परिपक्व नहीं होते और ना ही उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी होती है। यातायात के नियमों की जानकारी ना होने के कारण छोटे बच्चे वाहनों को लापरवाही से चलाते है जिससे वह अपने तथा दूसरों के अमूल्य जीवन में जोखिम में डाल देते है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित आयु होने पर ही अभिभावक अपने बच्चों का लाईसैंस बनवाकर उन्हें वाहन चलाने की अनुमति दें। उन्होंन बतलाया कि यातायात के नियमों की पालना बारे बच्चों को जागरूक करने के लिए पुलिस की पाठशला के माध्यम से स्कुलों में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को जागरूक भी किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने वाहन चालकों से कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करते हुए सीट बैल्ट, जैबरा क्रासिंग, निर्धारित गति, उचित दूरी, लेन ड्राईविंग के नियमों की पालना करें व नशे की हालत में वाहन ना चलाए। दो पहिया वाहन चालक हैल्मेट का प्रयोग करें, अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी (एचएसआरपी) की नम्बर प्लेट ही लगाए और यातायात के अन्य नियमों की पालना करते हुए अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन को सुरक्षित रखें। यातायात के नियमों की पालना में अम्बालावासी पुलिस का पूर्ण सहयोग करें। यातायात नियमों की पालना करना एक सभ्य नागरिक की पहचान है।

# पहले दिन की भागवत कथा में हुआ भक्ति ज्ञान-वैराग्य एवं गोकर्ण कथा का वर्णन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** बचपन प्ले स्कूल में भागवत धर्म सेवा परिवार के तत्वावधान में चल रहे सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महा रुद्राभिषेक एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा महोत्सव के दौरान आचार्य गौरव दीक्षित महाराज के द्वारा भक्ति, ज्ञान-वैराग्य के बारे में बताया गया तथा धुंधकारी एवं गोकर्ण की कथा का वर्णन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी एवं निशा सैनी व कथा के मुख्य संयोजक मुकेश मेहता एवं निशु मेहता सपरिवार थे, जिन्होंने व्यास पूजा की। भक्ति, ज्ञान- वैराग्य के चरित्र के माध्यम से कथावाचक ने सभी श्रोताओं को बताया कि संसार दुखों का घर है। प्रभु की शरणागति ही जीवन के लिए एकमात्र सुखदाई है। धुंधकारी एवं गोकर्ण की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि गोकर्ण के पिता का नाम पंडित आत्मदेव और माता का नाम धुंधली था, इस प्रकार पंडित आश्रम देव के पुत्र का नाम धुंधकारी हुआ। उन्होंने बताया कि महात्मा जी के द्वारा दिए गए फल को गाय ने खा लिया था, इसलिए कुछ दिनों बाद गाय को भी एक पुत्र उत्पन्न हुआ, जिसके सभी अंग मनुष्य के जैसे थे, परंतु कान गाय के जैसे थे, इसलिए पंडित आत्मदेव ने उस पुत्र का नाम गोकर्ण रख दिया।इस अवसर पर स्कूल संस्थापक शेरसिंह सैनी, नरेश चेयरमैन, सुशील शर्मा, नरेश जोशी, राकेश सैनी, ब्राह्मण सभा प्रधान दिनेश वैद्य, आरपी शर्मा, परमानंद गर्ग, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी, राजेश गुप्ता, मोहनलाल गुप्ता, योगेश खोरीवाला, पार्षद अशोक सैनी, सुरेश खोरीवाला, प्रवीण दीवान, महेन्द्र खोरीवाला, ओमप्रकाश चनेजा, श्रीमोहन वशिष्ठ, कुलदीप शर्मा, सुनील यादव, संजय राठी, अश्वनी सोनी, राकेश शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### जिला पुलिस ने बीते मई माह के दौरान नशा तस्करों पर शिकंजा कसकर करोड़ो रुपए के मादक पदार्थ बरामद किए

**सिरसा..(रणबीर खटक)....** सिरसा पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों तथा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे है । जिला पुलिस द्वारा संपति विरुद अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों,अवैध असला धारकों व विभिन्न मामलों मे वांछित भगौड़ो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक सिरसा के निर्देश पर नशा तस्करों व संपति विरुध अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए करोड़ो रुपए के मादक पदार्थ बरामद किए है । मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत करीब एक माह की अवधि के दौरान 39 अभियोग दर्ज कर 48 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जा से 110 किलो 422 डोडा व चूरापोस्त जबकि 740 ग्राम 876 मिलीग्राम हेरोइन,एक किलो 704 ग्राम अफीम बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है । जिला पुलिस द्वारा बीते एक माह के दौरान अवैध असला धारकों के खिलाफ विशेष पखवाड़ा चलाकर 7 लोगों को काबू कर उनके कब्जा से 5 अवैध पिस्तौल तथा 8 जिंदा कारतूस व एक राईफल बरामद कर संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किए गए है । जिला पुलिस द्वारा बीते करीब एक माह के दौरान विभिन्न मामलों में वाछिंत भगौडो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया । इस अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा एक ईनामी सहित 11 भगौडो को काबू कर सम्बंधित अदालतों में पेश किए गए । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि नशे की काली कमाई करने वाले और गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। किसी भी सूरत में इन लोगों को बख्शा नहीं जाना चाहिए । पुलिस की जिम्मेदारी है कि वह समाज में अपराध पर अंकुश लगाए और लोगों को सुरक्षा प्रदान करें । जिला पुलिस ने आमजन से आह्वान किया है कि नशा तस्करों तथा अन्य गैर कानूनी कार्य करने वालों की सूचना बेझिझक होकर पुलिस को दें,ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके । उन्होंने कहा कि सिरसा में नशा तस्करों को पांव नही पसारने दिए जाएगें क्योकिं इनकी असली जगह जेल में है ।

### विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में शुरू होगा पीजी डिप्लोमा इन सेमीकंडक्टर डिवाइस पैकेजिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल (संतोष गर्ग)** । श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भारत सरकार के सेमी कंडक्टर मिशन से कदमताल करते हुए पीजी डिप्लोमा इन सेमीकंडक्टर डिवाइस पैकेजिंग शुरू करेगा। यह प्रोग्राम इस सत्र से शुरू होगा। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार की सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में वरीयता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। देश की कई बड़ी कंपनी इस क्षेत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं।

भारत दुनिया में सेमीकंडक्टर निर्माण की धुरी बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उल्लेख कई बार कर चुके हैं और केंद्र सरकार इस दिशा में बड़ी पहल कर रही है। इसी के दृष्टिगत श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सेमीकंडक्टर डिवाइस पैकेजिंग पर आधारित पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में भारत सरकार की प्रमुख परियोजनाओं से जुड़े कई और नए प्रोग्राम शुरू करने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से युवाओं को इंडस्ट्री के लिए जॉब रेडी बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन को क्रियान्वित करने की दिशा में ही विश्वविद्यालय में शीघ्र एक सेमीकंडक्टर लैब स्थापित करने की भी योजना है। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि पीजी डिप्लोमा इन सेमीकंडक्टर डिवाइस पैकेजिंग इंडस्ट्री 4.0 डिपार्टमेंट के अंतर्गत चलाया जाएगा।

इंडस्ट्री 4.0 डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने बताया कि यह अपने आप में एक यूनिक प्रोग्राम होगा। दिल्ली एनसीआर और राजस्थान में स्थापित सेमी कंडक्टर आधारित कई बड़ी कंपनी हमारे साथ हाथ मिलाने को तैयार हैं। वह इंडस्ट्री पार्टनर और प्लेसमेंट के लिहाज से हमारे लिए काफी कारगर सिद्ध होगी। प्रोफेसर कुलवंत सिंह ने बताया कि सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में भारत एक हब के रूप विकसित हो रहा है।

# बिजली संकट से जूझ रहा औद्योगिक क्षेत्र, उद्योगपतियों को नहीं मिल रही राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट ने उद्योगपतियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले एक साल से 220 केवीए का पावर हाउस ओवरलोड चल रहा है, जिसके चलते नए औद्योगिक कनेक्शन देने में बिजली विभाग को भारी कठिनाई हो रही है। इस कारण नई औद्योगिक इकाइयों की शुरूआत भी अधर में लटक गई है। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित 220 केवीए का पावर हाउस में 20 मेगावाट का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने की मांग काफी पहले ही रखी जा चुकी है, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस अमल नहीं हुआ है। जानकारी



के अनुसार हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड ट्रांसफार्मर की स्थापना के लिए बार-बार टेंडर निकाले जा रहे हैं, लेकिन एजेंसियों द्वारा तकनीकी शर्तें पूरी न कर पाने के कारण प्रक्रिया बार-बार अटक रही है।

-पेनल्टी का सता रहा डर

बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल के अनुसार बिजली निगम ने अभी करीब 10 फैक्ट्रियों को बिजली कनेक्शन दिए हैं, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र में इस समय लगभग 20 से अधिक फैक्ट्रियों अब भी ऐसी हैं जिन्हें बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहे। यदि वे बिजली कनेक्शन न मिलने की वजह से तय समय सीमा में उद्योग शुरू नहीं कर पाए तो उन्हें प्रोजेक्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट नहीं मिलेगा। जिसके बाद भारी भरकम जुमार्ने का प्रावधान है। ऐसे में उद्योगपतियों को पेनल्टी लगने का डर भी सता रहा है।

-बिजली मंत्री से मिलेंगे

एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि एसोसिएशन के प्रतिनिधि बिजली मंत्री अनिल विज से मिलकर स्थायी समाधान की मांग करेंगे। इससे पहले भी वह कई बाद निगम के उच्च अधिकारियों से मिल कर टेंडर के नियमों में बदलाव कर टेंडर लगाने की मांग कर चुके हैं, ताकि एजेंसी टेंडर लेकर जल्द से जल्द यहां ट्रांसफार्मर लगा सके, लेकिन कोई हल नहीं निकला है।

यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो क्षेत्र का औद्योगिक विकास रुक जाएगा और उद्योगपतियों का भरोसा डगमगा सकता है।

उन्हें उम्मीद है कि बिजली मंत्री से मिलने के बाद यह समस्या सुलझ जाएगी।

# छह जून को सीएम सैनी पलवल में, अनाज मंडी से करेंगे क्रोड़ों की योजनाओं का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल (संतोष गर्ग)** ।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 6 जून को पलवल की अनाज मंडी में "धन्यवाद रैली" को संबोधित करेंगे। यह जानकारी प्रदेश के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। रैली में मुख्यमंत्री क्षेत्रवासियों के लिए कई अहम विकास परियोजनाओं की घोषणा करेंगे, जिनकी अनुमानित लागत करोड़ों में होगी। राज्यमंत्री ने कहा कि यह दिन पलवल के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री स्वयं नगर परिषद पलवल सहित जिले के लिए बहुप्रतीक्षित योजनाओं की सौगात देंगे। यह रैली न केवल विकास का रोडमैप पेश करेगी, बल्कि प्रदेश सरकार की योजनाओं से लोगों को सीधे जोड़ने का माध्यम भी बनेगी।

मतदाताओं को कहेंगे धन्यवाद

सीएम सैनी इस रैली के माध्यम से पलवल के मतदाताओं का आभार व्यक्त करेंगे, जिन्होंने लोकतंत्र को सशक्त करने में अपनी भागीदारी निभाई। राज्यमंत्री गौरव गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। रैली की तैयारियों को लेकर राज्य मंत्री ने अनाज मंडी का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया और जिला प्रशासन को समयबद्ध तैयारी के निर्देश दिए।

## कपास की खेती को मिलेगी नई ताकत: क्रिस्टल क्रॉप ने लॉन्च किया अगली पीढ़ी का कीटनाशक जिवोरा

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**
भारत की प्रमुख कृषि-रसायन समाधान कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड (सीसीपीएल) ने आज अपने कीटनाशक पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए एक उन्नत शोध-आधारित कीटनाशक ह्लजिवोरा ह्व लॉन्च करने की घोषणा की।यह लॉन्च ऐसे समय में किया गया है जब भारत का फसल सुरक्षा बाजार 2025 में करीब 2.59 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2030 तक लगभग 3.21 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें 4.35 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धिदर दर्ज की जा रही है।अपने कारोबार को तेजी से बढ़ाने और इस क्षेत्र में अग्रणी स्थान बनाने के उद्देश्य से, सीसीपीएल ने जिवोरा को बाजार में उतारा है, जो खासतौर पर कपास की फसल में चूसक कीटों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए तैयार किया गया एक ह्यनई पीढ़ीह्ण का कीटनाशक है।जिवोरा से करीब 5 लाख एकड़ कपास की खेती को कवर करने और 5 लाख से अधिक किसानों से सीधे जुड़ने की उम्मीद है।इस लॉन्च के साथ, क्रिस्टल को अपने कीटनाशक पोर्टफोलियो में लगभग 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है।कंपनी इसे आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और हरियाणा जैसे प्रमुख राज्यों के बाजारों में पेश करेगी।

# स्कूली विद्यार्थियों ने हकेवि का किया शैक्षणिक भ्रमण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । स्कूली विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा विकसित करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जांट के विद्यार्थियों ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का शैक्षणिक दौरा किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उन्नत प्रयोगशाला परिवेश और प्रचलित शोध गतिविधियों से परिचित कराना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में विद्यार्थियों को



उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने और विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सतत सीखने के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों से आत्मविश्वास और जिज्ञासा के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान जैव प्रौद्योगिकी विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश देशमुख और डॉ. हुमीरा सोनाह ने विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं का अवलोकन कराया।

## शहरवासियों को बिजली कटौती से मिलेगी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** बिजली निगम शहर में 100 और 200 केवीए के पांच नए ट्रांसफार्मर लगाएगा। शहरवासियों को अघोषित बिजली कटौती, फ्यूज उड़ने और लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। गर्मी में बढ़ने वाले अतिरिक्त लोड को देखते हुए निगम की ओर से 8.95 लाख रुपये का बजट तैयार किया गया है। निगम की ओर से एक माह में सभी ट्रांसफार्मर शहर में लगाए जाएंगे। इसके लिए निगम की ओर से जहां-जहां ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे, वहां पर खंभे लगाने का भी काम शुरू कर दिया गया है। हर साल गर्मी के सीजन में शहर का बिजली लोड 15 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

# सरल पोर्टल बंद होने के कारण प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग परेशान

**परेशानी**

**सरल पोर्टल का मेंटेनेंस कराया जा रहा है। मंगलवार से पोर्टल नियमित रूप से चल सकता है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । लघु सचिवालय में सरल केंद्र में पोर्टल ठप्प पड़ने की वजह से प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इससे सबसे अधिक परेशानी सीईटी परीक्षा व कालेज दाखिले के लिए आवेदन करने वाले आवेदनकताओं को उठानी पड़ रही है। इसलिए सरल पोर्टल पर प्रमाण पत्र बनवाने वालों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रमाण पत्र बनवाने के लिए युवाओं ने बताया कि सीईटी में आवेदन के साथ जाति, आवास आदि प्रमाण पत्रों की आवश्यकता है। प्रवेश परीक्षाओं के अभ्यर्थी भी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन कर रहे हैं। इस समय कालेजों में भी प्रवेश के लिए प्रमाण-पत्र बनवाए जा रहे हैं। वह लगातार तीन दिनों से सरल केंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन लगातार तीन दिनों से सर्वर डाउन चल रहा है। वह सुबह सरल केंद्र पर पहुंचते और पोर्टल खुलने के इंतजार में पूरा दिन यहां बैठने को मजबूर हैं।

-चंडीगढ़ भेजी गई है सूचना: एसडीएम

गन्नौर के एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि पोर्टल पर तकनीकी खामियों की सूचना चंडीगढ़ में भेजी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

-अधिक आवेदन आने से बढ़ी समस्या

राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) में पता किया तो बताया जा रहा है कि सरल पोर्टल पर अधिक आवेदन आने के कारण तकनीको पोशानियां सामने आई।

पोर्टल का मेंटेनेंस कराया जा रहा है। मंगलवार से पोर्टल नियमित रूप से चल सकता है।

# ससुराल से लौटे युवक ने की आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल में ससुराल से लौटे युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक छह महीने से बेरोजगार था। युवक ने लव मैरिज की थी। वह अपनी पत्नी को मायके में छोडकर बीती रात को ससुराल से घर लौटा था और सीधे अपने कमरे में चला गया। सुबह जब वह बाहर नहीं आया तो उसकी दादी ने जाकर देखा, जहां वह पंखे से लटका मिला।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना करनाल के बकरा मार्केट इलाके की है। हर्षित सोमवार को अपनी पत्नी के साथ अंबाला स्थित ससुराल गया था। वहां से रात को करीब डेढ़ बजे लौटा। घर लौटते ही उसने अपनी दादी पार्वती को सिर्फ इतना कहा कि वह अपने कमरे में सोने जा रहा है।

दादी ने सोचा कि वह थका हुआ है, इसलिए ज्यादा कुछ नहीं पूछा। लेकिन सुबह जब वह 11 बजे तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो दादी को चिंता हुई। जब वह कमरे में गयी, तो अंदर का नजारा देख उनकी चीख निकल गई, हर्षित फंदे पर झूल रहा था।

हर्षित की दादी पार्वती ने बताया कि उसने अंबाला की लडकी से लव मैरिज की थी। शादी के बाद से वह अधिकतर समय ससुराल में ही रहता था और वहीं नौकरी की तलाश कर रहा था, लेकिन पिछले छह महीनों से बेरोजगार था। हर्षित की एक पांच महीने की बच्ची भी है।

# सुनैना चौटाला ने कांग्रेस को बताया दिशा विहीन पार्टी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल में इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नेशनल पार्टी तो जरूर है, लेकिन हरियाणा जैसे अहम राज्य में वह आज तक अपनी प्रदेश कार्यकारिणी तक नहीं बना पाई। चुनाव हो गए, लेकिन नेता प्रतिपक्ष तक तय नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि मुद्दा राहुल गांधी के हरियाणा आने का नहीं है, हरियाणा कांग्रेस की दिशा क्या है। आज प्रदेश की जनता कांग्रेस से पूरी तरह किनारा कर चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सुनैना



चौटाला ने भाजपा और मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सनातन का मुखौटा पहनकर असल मुद्दों से ध्यान भटका रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंदूर को लेकर जो बयान दिया और फिर उसे फोटो लगाकर प्रचारित किया गया, वो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों को न तो सिंदूर की कीमत पता है और न उसका महत्व। उन्होंने कहा कि हमारे देश का दुर्भाग्य है कि जो लोग आज सनातन धर्म के नाम पर सियासत कर रहे हैं, उन्हें बुनियादी समझ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा ऐसा है जिसे स्वाभिमानी और धर्म को मानने वाला कोई भी इंसान बर्दाश्त नहीं करेगा।

जेजेपी द्वारा ओपी चौटाला की तस्वीर लगाने की घोषणा पर सुनैना चौटाला ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि ओपी चौटाला सिर्फ एक नाम नहीं, हरियाणा की महान शख्सियत हैं। वे ऐसे मुख्यमंत्री रहे, जिन्होंने सबसे ज्यादा ग्रांट दी, महिला आयोग का गठन किया। मैं तो कहती हूं भाजपा को भी ओपी चौटाला की फोटो लगानी चाहिए, लेकिन बात सिर्फ तस्वीर लगाने की नहीं, मंशा की है।

उन्होंने कहा कि जींद उपचुनाव के समय दादा-पोते का रिश्ता याद नहीं आया और अस्पताल से जेल भेजा गया, तब यह भावनाएं कहां थी। उन्होंने कहा कि फोटो लगाना तो आसान है, लेकिन अगर दिल में सम्मान नहीं है, तो वो सिर्फ दिखावा है।सुनैना चौटाला ने दावा किया कि इनेलो ही असल में हरियाणा में विपक्ष की भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ने भी एक बार कहा था कि विपक्ष की भूमिका कोई निभा रहा है, तो वह इनेलो है। हमारा उद्देश्य सत्ता पाना नहीं, बल्कि जनता की आवाज को उठाना है। साथ ही कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा के साथ हुई मारपीट के सवाल पर उन्होंने संतुलित प्रतिक्रिया दी।

# साइकिल यात्रा से पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जीवन शैली व सामुदायिक एकता का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** विश्व साइकिल दिवस पर श्रीमती हस्ती देवी जन कल्याण समिति की अध्यक्ष डॉ. पवित्रा राव ने साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा गांव कुरहावटा रोड व गांव कलवाड़ी में निकाली गई। साइकिल यात्रा में समिति सदस्य व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। समिति अध्यक्षता डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जीवन शैली व सामुदायिक एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि साइकिल चलाना नए केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए




फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित करने में मदद करती हैं। समिति प्रवक्ता मनोज यादव ने बताया कि हस्ती देवी ट्रस्ट भविष्य में भी ऐसे आयोजन के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करता रहेगा। डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि यह एक छोटा सा कदम है जो हमारे भविष्य के लिए बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। कोच बस्तीराम ने कहा कि समिति द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्य वास्तव में हम सबके लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने आशा जताई कि आगे भी इस प्रकार के आयोजन कर समिति द्वारा समाज में जागरूकता लाने का काम किया जाता रहेगा।

# दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने नरेला विधानसभा क्षेत्र का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने नरेला विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक राजकरण खत्री, शिक्षा निदेशक और अन्य विभागों के अधिकारी के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने सबसे पहले नरेला दमकल केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को कहा की वह वर्षो से अनुपयोगी दमकल केंद को शीघ्रता से साफ-सफाई और शेष निर्माण कार्य पूरा करें, इसको प्रयोग में लाएं। यह दमकल केंद्र पिछली सरकार की उपेक्षा के कारण चालू नहीं किया गया था। उन्होंने अग्निशमन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नरेला के दमकल केंद्र में एक बड़ी और एक छोटी फायर गाड़ी को शीघ्र तैनात करें क्योंकि यह जगह छोटी है



और उसके आस-पास बाजार भी लगता है इसलिए यहां पर दुर्घटना के समय बड़ी गाड़ी मौके पर नहीं जा पाएगी। सूद ने बांकनेर में शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तावित स्कूल की स्थिति की भी जानकारी ली। स्थानीय निवासियों ने शिक्षा मंत्री को बताया की जिस जगह स्कूल बनाया जाएगा वह जगह स्कूल बनाने के लिए उपयुक्त नहीं है। यह ग्राम सभा की भूमि है। साथ ही स्वंतत्र नगर से यह जगह 4 किलोमीटर की दूरी पर है जहाँ से इस जगह बच्चे आसानी से नहीं पहुँच पाएंगे। स्थानीय लोगों ने मंत्री को यह भी बताया की



बरसात के दिनों में इस जगह पर पानी भी भर जाता है जिससे यहाँ आना-जाना मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ-साथ इस जगह तक पहुंचने के लिए कोई सुगम रास्ता भी नहीं है जिस कारण लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। सूद ने कहा कि पिछली सरकार ने क्या सोच कर बांकनेर में इस जगह पर स्कूल बनाने की अनुमति दी थी। वो लोग किन लोगों को खुश करने के लिए गाँव वालों की बात को भी अनसुना कर रहे थे। शिक्षा मंत्री ने ग्रामीणों की शिकायत और सुझाव को मानते हुए शिक्षा



निदेशक को निर्देश दिए कि वह बांकनेर में प्रस्तावित स्कूल की जगह को रदद् करके आस-पास का कोई उपयुक्त स्थान स्कूल बनाने के लिए तलाश करें और एक सप्ताह में सारी कार्यवाही से उनको अवगत कराएं। सूद ने बांकनेर के निवासियों को आश्वस्त किया कि वह इस सरकार के कार्यकाल खत्म होने से पहले ही कहीं और उपयुक्त स्थान पर स्कूल का निर्माण करवा देंगे। निरीक्षण के दौरान आशीष सूद ने स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के विस्तार के लिए प्रस्तावित भूमि की भी जानकारी ली।

# दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन ने निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली नगर** निगम मजदूर फेडरेशन के चेयरमैन जेपी टॉक ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम मजदूर फेडरेशन के द्वारा दिल्ली के निगम मुख्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर संतलाल चावरिया, फेडरेशन के चेयरमैन जेपी टॉक, रणधीर दागत सहित कई लोगों ने अपने-अपने विचार रखें। उन्होंने आगे बताया कि काफी समय से सफाई कर्मचारी कई समस्याओं से जूझ रहें है। आज कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने आगे बताया





कि हमारी मुख्य मांगे है कि मेडिकल कैशलेस कार्ड तुरन्त समस्त कर्मचाकरियों को दिया जाये। 1998 से 2006 तक के समस्त कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाये। करूणा मूलक आधार पर नियुक्ति 2015 तक के कर्मचारियों को पक्का किया जाये। उन्होंने आगे बताया कि सेवानिवृत कर्मचारियों को तुरंत समस्त अंतिम लाभाशों का भुगतान कराय जाये। प्रातः पांच बजे की हाजिरी तुरंत बंद कर दी जाये। कर्मचारियों की हाजिरी 6:30 से 2:30 बजें तक पहले की तरह की जाये और दो शिफ्ट में कार्य अति शीघ्र बंद किया जाये। इसके अलावा भी हमारी कई मांगे है, जिसको लेकर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों भी विचार रखें।

# चांदनी चौक में यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट और राष्ट्रवादी शिवसेना के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल पर यूनाइटेड हिन्दू फ्रंट और राष्ट्रवादी शिवसेना के जिला कार्यालय का संतों के मार्गदर्शन में उद्घाटन किया गया।
इस कार्यालय का उद्देश्य यहां के हिन्दू समाज को संगठित करना, पलायन को रोकना और सांस्कृतिक सुरक्षा के लिए आवश्यक संसाधन व सहयोग उपलब्ध कराना है।
इस अवसर पर स्वामी कृष्णा नंद, स्वामी प्रेमानंद, स्वामी



मुक्तीनंद गिरी, स्वामी मुन्नादास, स्वामी शिवनंद गिरी, स्वामी बाबा पदम गिरी, महंत चैतन्यदास (त्रिशूल वाले बाबा), स्वामी जगगिरी महाराज, स्वामी संत गुरूनंद, स्वामी श्री दिगम्बर नाना बाबा (तलवार वाले), डॉ. राधा कांत वत्स, बाबा निर्मल दास, सुनील सनी (श्री कालकाजी मंदिर) आदि संत महात्माओं ने कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जाजू द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रवादी शिवसेना एवं वरिष्ठ नेता, भारतीय जनता पार्टी जय भगवान गोयल ने कहा कि चांदनी चौक, जहां गौरी शंकर मंदिर, शीशगंज साहिब गुरुद्वारा और लाल मंदिर जैसे आस्था के केंद्र स्थित हैं, दिल्ली ही नहीं पूरे देश की आर्थिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर है।

# नरेलाः सिंघु बॉर्डर मार्ग की जर्जर हालत, राहगीर परेशान, दुर्घटनाओं का खतरा







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला रामदेव चौक से सिंघु बॉर्डर तक जाने वाला मार्ग पिछले चार वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सरकारी दावों के बावजूद इस सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, टूटी सड़क और जर्जर हालत ने आवागमन को बेहद कठिन बना दिया है। कई स्थानों पर 1 फीट तक गहरे गड्ढों ने इस मार्ग को और भी खतरनाक बना दिया है, जिससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर एक तरफ सड़क निर्माण का कार्य शुरू हुआ था, लेकिन वह भी अधूरा छोड़ दिया गया। कुछ समय पहले नरेला से सिंघु बॉर्डर की ओर एक छोटी सी पट्टी बनाई गई थी, लेकिन उसके बाद काम रुक गया। पहले इस सड़क को लेकर कोर्ट में केस चल रहा था और इस पर स्टे था, लेकिन स्टे हटने के बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई। सड़क को बनाने के लिए उखाड़ा गया हिस्सा अब और भी खतरनाक हो गया है, जिससे दोपहिया वाहनों के लिए दुर्घटना का जोखिम बढ़ गया है। इस मार्ग की जर्जर हालत से आस-पास के दर्जनों गांवों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। आए दिन लगने वाले जाम और सड़क की खराब स्थिति ने स्थानीय लोगों में रोष पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। दो स्थानीय निवासियों, जितेंद्र और मुकेश ने भी इस समस्या को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही, जिससे वे खुद को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण किया जाए।

# गुलाब सिंह राठौर बने सिविल लाईन जोन के चेयरमैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर सिविल लाइन जोन से चेयरमैन नियुक्त किए है, तो वहीं निगम पार्षद सुमन शर्मा को डिप्टी चेयरमैन घोषित किया गया है। इस मौके पर भाजपा के तमाम पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी, इसके साथ ही सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढ़ोल-नगाड़ों की थाप पर उनका स्वागत किया। इस मौके पर राठौर ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि पार्टी ने मुझे इस काबिल समझा कि सिविल लाइन जोन का चेयरमैन नियुक्त किया है, इसके लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं और साथ ही अपने साथियों और कार्यकर्ताओं का



अभिनंदन करता हूं जो कि किसी भी परिस्थिति में मेरे साथ हमेशा ही खड़े रहते है।
राठौर ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ मुझे चेयरमैन पद दिया है मैं उस विश्वास और उम्मीद पर खरा उतरूंगा व अपने कार्य क्षेत्र में रहने वाले लोगों की हर तरह से मदद करूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वैसे तो निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार ने इतना झोलझाल कर रखा है, लेकिन अब निगम में भाजपा को जगह मिलने से दिल्ली के लोगों के जो भी कार्य निगम से संबंधित अटके पड़े थे उन सभी कार्यों में गति मिलेगी। इतना ही नहीं गुलाब सिंह राठौर ने यह भी कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि अब सिविल लाइन जोन में कार्य दोगुनी गति से किए जाएंगे।

# जोन चेयरमैन बनने पर भाजपाइयों ने राठौर को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर के सिविल लाईन जोन से अध्यक्ष नियुक्त होने पर क्षेत्र के लोगों के साथ ही भाजपा के तमाम पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी। इसी सिलसिले में बुराड़ी क्षेत्र स्थित बाबा कॉलोनी में रहने वाले समाज सेवी सुनील दूबे ने गुलाब सिंह राठौर को बधाई दी। इस मौके पर सुनील ने कहा कि राठौर द्वारा अबतक किये गए विकास कार्यों को लेकर भी उनकी सराहना की और भविष्य में बेहतर करने की



उम्मीद जताई। इसके साथ ही दूबे ने कहा कि मैं पहले आम आदमी पार्टी से जुड़ा हुआ था लेकिन आप की भ्रष्ट नीतियों व भ्रष्ट नेताओं ने मुझे अंदर तक झकझोर कर रख दिया था, जिसके बाद मैंने आप को बाहिष्कार करते हुए पार्टी से विमुक्त हो गया हूं।

# केमिस्ट शॉप में गोली चलाने वाला गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** द्वारका जिले की पुलिस ने मोहन गार्डन में केमिस्ट शॉप पर लूट के इरादे से गोली चलाकर कर्मचारी को घायल करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान ओमप्रकाश के रूप में हुई है। उसके पास से एक पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए गए हैं। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि 26 मई को गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। जांच में पता चला कि स्कूटी पर सवार एक बदमाश केमिस्ट शॉप पर आया और विरोध करने पर कर्मचारी को गोली मार दी। गोली कर्मचारी के हाथ में लगी थी।

## हम सभी को शिक्षा के महत्व को पहचाना होगा: खन्ना ढिकोलिया

# समाज को जागरूक करने में अग्रणी है फ्रंट: ढिकोलिया



### फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा...

- समाज के जो बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं उनको भी सम्मानित करने का कार्य फ्रंट के द्वारा किया जाता है।
- अगर समाज का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमारी फ्रंट से संपर्क कर सकता है हम उसकी पूरी मदद करने की कोशिश करेंगे: ढिकोलिया



**जी हां** आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे हैं जो आज अपने कार्यों की बदौलत पूरे देश में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है, जी हम बात कर रहे हैं दिल्ली में रहने वाले खन्ना ढिकोलिया की। जो ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के साथ-साथ देश की कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़ाव रखते हैं।
ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट एक ऐसा संगठन है जिसने समाज को जागरूक करने का बीड़ा उठाया हुआ है इसमें समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। यह संगठन लगभग पूरे भारत में फैला हुआ है और फ्रंट के पदाधिकारी के द्वारा समाज के लोगों को जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है जिससे कि समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके।
राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने बताया कि ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट का लक्ष्य समाज को संगठित व जागरूक करना है जिससे कि समाज का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि अगर समाज का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमारी संस्था से संपर्क कर सकता है हम उसकी पूरी मदद करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन के द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है जिसके माध्यम से देश के हिंदी भाषी क्षेत्रों में वहां के प्रदेश अध्यक्ष को लेकर समाज के लोगों को जागरूक किया जाता है। जिसमें लोगों को उनके अधिकारों से अवगत कराया जाता है साथ ही उनकी जो भी समस्याएं होती हैं लोकल स्तर पर उनका प्रशासन से हल करवाया जाता है ताकि समाज के लोग किसी भी समस्या से परेशान ना रहे। उन्होंने आगे बताया की सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है इसलिए सभी को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और बड़े बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि एक रोटी बेशक कम खाओ मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलाओ, क्योंकि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। आपको बातदें कि राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया की एक अहम उपलब्धि यह भी है कि दिल्ली नगर निगम के अन्दर काफी यूनियन व संगठन अलग-अलग नामों से जाने जाते है, कई यूनियनों को एक मचं पर लाकर संगठित करने का कार्य फ्रंट के द्वारा किया गया है।
उन्होंने बताया कि इस संगठन का नाम दिल्ली नगर निगम समस्त यूनियन कोर कमेटी है। उन्होंने इस कोर कमेटी का चुनाव कराके एक नई पहल की। जिसमें सर्वप्रथम अध्यक्ष संतलाल चावरिया बने और दूसरी बार फ्रंट के बैनर पर ही राजकुमार धिगान बनें। आज चार जून को फिर सिविल लाईन जोन के अन्दर फ्रंट के द्वारा फिर कोर कमेटी चुनाव को लेकर बैठक होगी। यह बैठक यूथ फ्रंट के बैनर तले ही होगी।







# खेल-खिलाड़ी



# श्रेयस और रजत से जुड़ा अजब संयोग, सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने दोनों कप्तान

**पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है।**

**अहमदाबाद :** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच आज इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हुई थी श्रेयस-पाटीदार की टक्कर**

पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी।

**श्रेयस ने मुंबई को दिलाई थी जीत**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था।

बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।

**आज मिलेगा नया चैंपियन**

अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना हो रहा है। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा।




## कौन कह रहा था टेस्ट से रिटायर हो गया', फैंस के निशाने पर आए विराट कोहली

**अहमदाबाद :** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2025 का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जारी खिताबी मैच में आरसीबी के बल्लेबाजों पर दबाव साफ दिख रहा है। बता दें कि, बेंगलुरु के खिलाफ फाइनल में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कप्तान श्रेयस ने कहा कि उन्होंने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं, आरसीबी ने भी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। इस सीजन की शुरूआत आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच मैच से हुई थी। आरसीबी और पंजाब का प्रदर्शन इस सीजन शानदार रहा है। पंजाब जहां ग्रुप चरण में शीर्ष पर रही, वहीं आरसीबी ने दूसरे स्थान पर रहकर लीग स्टेज का अंत किया।

# इंग्लैंड के खिलाफ जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वेस्टइंडीज टी-20 टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी 20 सीरीज के लिए सोमवार देर रात अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम में जेसन होल्डर और आंद्रे रसेल की वापसी हुई है। वहीं, निकोलस पूरन को आईपीएल के व्यस्त शेड्यूल के बाद आराम दिया गया है। यह सीरीज मंगलवार को द ओवल में समाप्त हो रही वनडे सीरीज के बाद खेली जाएगी। इसके बाद वेस्टइंडीज की टीम आयरलैंड दौरे पर लौटेगी, जहां वे तीन और टी 20 मुकाबले खेलेंगे।

**रसेल-होल्डर की वापसी, पूरन को आराम:** जेसन होल्डर ने फरवरी 2024 में आखिरी बार टी20 मैच खेला था, जबकि रसेल ने नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ बारबाडोस में आखिरी बार मैदान संभाला था। दोनों खिलाड़ी अब पूरी तरह फिट हैं और टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। निकोलस पूरन ने आईपीएल के बाद आराम की मांग की थी, जिसे टीम मैनेजमेंट ने स्वीकार कर लिया है।

**शाई होप होंगे नए कप्तान, पॉवेल को बरकरार रखा गया:** शाई होप को टी 20 टीम का नया कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने रोवमैन पॉवेल की जगह ली है। पॉवेल ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में 3-0 से हार झेली थी, लेकिन उन्हें टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल रखा गया है। शरफेन रदरफोर्ड और शिमरोन हेटमायर भी टीम में लौटे हैं, जबकि जस्टिन ग्रेव्स, शमार स्प्रिंगर और टेरेंस हाइंड्स को इस बार टीम में जगह नहीं मिली।



**टी 20**

**वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी 20 सीरीज को अपनी टीम का ऐलान कर दिया है।**

**आयरलैंड सीरीज में कुछ बदलाव, नए चेहरे को मौका:** आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए ब्रैंडन किंग को छुट्टी दी गई है, उनकी जगह कीसी कार्टी को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, नए टेस्ट कप्तान रोस्टन चेज इंग्लैंड सीरीज के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे और उनकी जगह पहली बार जेड गूली को टीम में मौका मिला है। टीम के कोच डैरेन सैमी, फ्लॉयड रीफर और रवि रामपॉल भी इंग्लैंड सीरीज के बाद बारबाडोस लौटेंगे, जहां 13 से 21 जून तक टेस्ट कैंप लगेगा। आयरलैंड सीरीज के लिए रयॉन ग्रिफिथ को कोचिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

**वेस्टइंडीज की इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम:** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, आंद्रे रसेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

**आयरलैंड के खिलाफ टी 20 टीम:** शाई होप (कप्तान), कीसी कार्टी, जॉनसन चार्ल्स, मैथ्यू फोर्ड, जेड गूली, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड।

# भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच हाई-स्कोरिंग मुकाबला ड्रॉ, रनों की बारिश

**नई दिल्ली।** कैंटरबरी में भारत ए और इंग्लैंड लॉयंस के बीच चार दिवसीय अभ्यास मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। मुकाबले में लगातार चौथे दिन सोमवार को भी बल्लेबाजों का बोलबाला रहा, जिसमें दोनों टीमों के टॉप ऑर्डर ने रनों की बारिश कर दी।

**इंग्लैंड लॉयंस की पारी में आखिरी विकेट की साझेदारी ने बढ़ाया स्कोर:** मैच के चौथे दिन की शुरूआत इंग्लैंड लॉयंस की पहली पारी से हुई, जिसमें टीम ने भारत ए के 557 रन के जवाब में 587 रन बनाए। अंतिम विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी हुई जिसने टीम के स्कोर को 30 रन की बढ़त दिला दी।



**भारत ए की दूसरी पारी में तेज शुरूआत:** दूसरी पारी में भारत ए की ओपनिंग जोड़ी ने तेज शुरूआत की। यशस्वी जायसवाल और अभिमन्यु ईश्वरन दोनों ने पहले इनिंग की असफलता को पीछे छोड़ते हुए अर्धशतक जमाए। जायसवाल ने केवल 60 गेंदों में 64 रन बनाए, जिनमें 80% रन बाउंड्री से आए। दोनों ने मिलकर 123 रन की ओपनिंग साझेदारी की, वो भी रन-रेट से तेज गति से।

**जुरेल-रेड्डी की जोड़ी ने रनों की रफ्तार को और बढ़ाया:** जायसवाल के आउट होने के बाद ईश्वरन ने थोड़ी सावधानी बरती, लेकिन ध्रुव जुरेल के आते ही फिर से रनगति तेज हो गई।

## खो-खो के वैश्विक विकास को सशक्त बना रहा है केकेएफआई

**गुरुग्राम।** खो-खो के वैश्विक विकास को सशक्त बनाने और इसके वैज्ञानिक व तकनीकी आधार को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय खो-खो महासंघ के तत्वावधान में विश्वभर के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए एडवांस्ड लेवल क्कक्क-अ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया है। यह कोर्स 2 जून को श्री गुरु गोबिंद सिंह टर्सेंटेनरी विश्वविद्यालय, बुढेड़ा में शुरू हुआ है और 15 जून तक चलेगा। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्रीलंका, बांग्लादेश, ईरान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, कोरिया और मलेशिया जैसे सात देशों के लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय कोच और अधिकारी भाग ले रहे हैं।

# कबड्डी विश्व कप को हिमाचल की पांच बेटियां शामिल

**धर्मशाला :** भारत में होने वाले महिला कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के अंतिम कैंप में सूबे की पांच खिलाड़ी भाग लेंगी। इसमें कबड्डी खिलाड़ी ज्योति ठाकुर, पुष्पा राणा, भावना, चंपा और साक्षी शामिल हैं। इससे पहले 10 से 30 मई तक आयोजित इंडिया कैंप में सूबे की खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने कैंप में अन्य खिलाड़ियों के साथ तालमेल के साथ प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। इसके बाद टीम का चयन होना था। लेकिन महिला कबड्डी विश्व कप की तारीख आगे होने के कारण टीम का चयन नहीं हुआ था। पहले बिहार में 1 से 10 जून तक विश्व कप की तिथि प्रस्तावित थी। अब जब विश्व कप की तिथि घोषित होगी उसके बाद भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। बताया जा रहा है कि अब विश्व कप जुलाई में शुरू हो सकता है। इसके लिए जून के अंतिम सप्ताह में भारतीय महिला टीम का चयन भी किया जाएगा। इसके कुछ दिन पहले भारतीय कबड्डी संघ की ओर से इंडिया कैंप का आयोजन कर टीम का चयन किया जाएगा। इससे पहले भी एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी सूबे की चार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा रही हैं। उन्होंने देश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया था। साई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला की कबड्डी कोच पूजा ठाकुर ने कहा कि भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप में सूबे की चार से पांच खिलाड़ी भारतीय टीम में खेल सकती हैं। अब फाइनल इंडिया कैंप में भी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, भावना, चंबा और साक्षी भाग लेंगी।




**राष्ट्रीय सब जूनियर कोर्फबाल के लिए 20 खिलाड़ी चयनित:** अंडर-15 वर्ग की राष्ट्रीय सब जूनियर कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट में ट्रायल हुआ। इसमें हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिले के 35 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के आधार पर 10 लड़के और 10 लड़कियों सहित 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों के लिए कोचिंग कैंप बिलासपुर जिला में 14 से 20 जुलाई तक लगेगा। कैंप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से 7 लड़के और 7 लड़कियों सहित 14 खिलाड़ियों की टीम राष्ट्रीय सब जूनियर प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता स्थल के लिए हिमाचल प्रदेश की टीम 20 जुलाई को रवाना होगी।

## केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल

**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकरा दिया है और संभावना है कि वे अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। ताकि वे दुनिया भर में टी20 और अन्य लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र रहें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट किया था और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट में से नौ में खेलते हुए 1,000 से ज्यादा रन बनाए।

# डी गुकेश ने की जबरदस्त वापसी, एरिगैसी को भी हराया

**स्टावेंगर (नॉर्वे) :** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूनामेंट में जबरदस्त वापसी की है। उन्होंने दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद के सातवें दौर के मुकाबले में हमवतन अर्जुन एरिगैसी को हरा दिया। इन दोनों के खिलाफ गुकेश को शुरूआत में हार मिली थी। अब उन्होंने जबरदस्त पलटवार किया है। यह गुकेश की एरिगैसी पर क्लासिकल चेस में पहली जीत है। लगातार जीत से 19 साल के इस भारतीय खिलाड़ी ने अंक तालिका में कार्लसन को पछाड़ दिया है और वह फैबियानो कारूआना के बाद दूसरे स्थान पर आ गए हैं।



कारुआना ने एक अन्य मैच में वेई यी को मात दी थी। गुकेश एक वक्त इस टूनार्मेंट में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर चल रहे थे। अब लगातार दो जीत ने उनका दावा मजबूत कर दिया है। गुकेश की वापसी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। एरिगैसी से उनकी टक्कर रोमांचक रही। अर्जुन ने शुरूआत में मुहरों की ऐसी चाल चली की गुकेश मैच में कहीं नहीं दिखे। एरिगैसी गुकेश पर एक और कमांडिंग जीत के लिए तैयार दिखे। गुकेश की एक गलती से वहां मौजूद कई विश्लेषकों को लगा कि विश्व चैंपियन खिलाड़ी ने लगभग मैच को गंवा ही दिया है। हालांकि, गुकेश ने कार्लसन के खिलाफ मैच की तरह ट्रेडमार्क वापसी की और सामरिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बढ़ते दबाव में उन्होंने धीरे-धीरे सटीक गणना और मजबूत डिफेंस के साथ खेल में वापसी की। एक रोमांचक मोड़ पर गुकेश ने एरिगैसी को मिली बढ़त को बेअसर कर दिया। साथ ही गुकेश ने मैच में पेस बनाना शुरू किया। ऐसा ही उन्होंने कार्लसन के खिलाफ किया था। इससे एरिगैसी पर समय का दबाव बनता गया।

# कार्ल्सन से हारने के बाद खुद को अजेय समझने वाले कार्लसन की निकली हेकड़ी

**स्टावेंजर (नॉर्वे) :** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप में पहली बार शतरंज की दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। छठे राउंड में हार के बाद कार्लसन इतने निराश हो गए कि आपा खो बैठे। गुस्से में टेबल पर जोर से हाथ पटका, जिससे बोर्ड पर लगे मोहरे बिखर गए। हालांकि उन्होंने इस पर नियंत्रण कर मोहरे वापस लगाए और गुकेश की पीठ पर हाथ रखकर उन्हें बधाई दी। टूनार्मेंट के पहले राउंड में कार्लसन ने गुकेश को हरा दिया था। गुकेश की जीत इसलिए भी अहम है कि उनके वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद कार्लसन ने कहा था- मैं वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं खेलता। वहां मुझे हराने वाला कोई नहीं है। अब गुकेश से हारने के बाद कार्लसन की सारी हेकड़ी निकल गई है। साथ ही यह महान गैरी कास्पारोव को भी जवाब है, जिन्होंने कहा था कि गुकेश भले ही विश्व चैंपियन हों, लेकिन कार्लसन उनसे बेहतर हैं। गुकेश ने कार्लसन को क्लासिकल चेस में हराकर कास्पारोव को गलत साबित किया। गुकेश 8.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। कार्लसन व कारुआना 9.5 अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। कार्लसन ने 39वीं चाल में ऐसी गलती की कि सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश मुकाबले में वापस आ गए। गुकेश ने जीत के बाद कहा, 'मैं भाग्यशाली हूं कि जीत गया। कार्लसन समय के दबाव में फंस गए। ऐसी स्थिति में, मैं 100 में से 99 मुकाबलों में हार जाता।'




**शतरंज**

**पहली बार शतरंज की दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हरा दिया।**

**गुकेश ने कार्लसन को चौंकाया, लिया बदला**

गुकेश ने कार्लसन को चौंकाते हुए क्लासिकल शतरंज में उन पर पहली जीत दर्ज की। सफेद मोहरों के साथ खेल रहे कार्लसन ने अधिकांश समय मैच में इसका फायदा उठाया और लगातार दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जरूरत पड़ने पर सावधानी पूर्वक खेल खेला और फिर कार्लसन पर अटैक किया। जैसे जैसे कार्लसन पर समय से चाल चलने का दबाव बढ़ता गया, कार्लसन ने गलतियां कीं और इसने गुकेश को वापसी का मौका दिया।

# नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को

**बेंगलुरु :** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के कारण पिछले महीने स्थगित की गई नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता अब पांच जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे।




**भारत में पहली बार अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता**

भारत में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह प्रतियोगिता 24 मई को आयोजित की जानी थी। इस प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक में दो पदक जीतने वाले चोपड़ा द्वारा जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली हुई है।

**टूनार्मेंट में 12 खिलाड़ी होंगे शामिल, देखें लिस्ट**

टूनार्मेंट में विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी शामिल होंगे और नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल होंगे। चोपड़ा के अलावा इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर), जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर ( 93.90 मीटर), कीनिया के 2015 के विश्व चैंपियन

फास्ट न्यूज

## नीट-यूजी 2025 की आंसर की जारी, 5 जून तक आपत्तियां दर्ज

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार को नीट-यूजी 2025 की आंसर-की, स्कैन्ड ओएमआर इमेज तथा रिकॉर्डेड रेस्पोंसेज जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही एक नोटिफिकेशन जारी कर इसकी पूरी प्रक्रिया बताई गई है। अभ्यर्थी किसी उत्तर पर अपनी आपत्ति भी 5 जून तक दर्ज करा सकते हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार नीट यूजी 2025 का परिणाम अब बहुत जल्दी जारी किया जाना संभावित है। विद्यार्थियों को उनकी ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन पोर्टल लिंक से मिल सकेगी। इसमें एप्लीकेशन नम्बर व पासवर्ड की जानकारी कैंडिडेट को सबमिट करना होगा । सब्जेक्ट एक्सपर्ट्स की जारी की जाने वाली आंसर-की को ही फाइनल माना जाएगा तथा इसी के अनुसार रिजल्ट जारी किया जाएगा। यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो, तो वो 5 जून 2025 तक आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। दरअसल, नीट-यूजी 2025 परीक्षा 4 मई 2025 को देशभर में 552 और 14 विदेशी शहरों के केंद्रों पर संपन्न हुई थी। जिसमें लगभग 22 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था। इसके अलावा नीट-यूजी परीक्षा विदेशों में अबू धाबी, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह, सिंगापुर, दुबई, कुवैत तथा लागोस में परीक्षा हुई थी।

## तुर्किये और ग्रीस में भूकंप की दहशत से कूदे लोग

**अंकारा (तुर्किये)/एथेंस (ग्रीस)।** तुर्किये और ग्रीस में रात को आए शक्तिशाली भूकंप से घबराए लोग जान बचाने के लिए घरों की बालकनी और खिड़कियों से कूद गए। इससे कोई हाथ तुड़वा बैठा तो किसी के पैर पर चोट आई। बहुत से लोगों के शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। 70 से अधिक घायलों को अस्पताल भेजा गया। ग्रीस के द नेशनल हेराल्ड अखबार की खबर के अनुसार तुर्किये के आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी ने कहा कि सोमवार आधीरात बाद 2:17 बजे भूकंप के शक्तिशाली झटके तुर्किये के तटीय शहर के लोगों ने महसूस किए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.8 दर्ज की गई। इससे डर कर लोग अपने घरों से बाहर निकलने के लिए खिड़कियों और बालकनी से कूद गए। एक किशोरी की अस्पताल ले जाने के बाद मौत हो गई।

# योगी कैबिनेट: पूर्व अग्निवीरों को 20% आरक्षण देगी सरकार

- योगी कैबिनेट में पर्यटन विभाग की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट व होमस्टे नीति-2025' का अनुमोदन-मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में 11 में से 10 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति



**निर्णय**

- उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी गई।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में पूर्व अग्निवीरों को पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में आरक्षण देने की मंजूरी दे दी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी गई। लोकभवन के सभागार में आयोजित कैबिनेट बैठक में कुल 11 प्रस्ताव अनुमोदन के लिए रखे गए, जिसमें 10 प्रस्तावों को स्वीकृति दी है।योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पदों को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गयी सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष की छूट प्रदान की जायेगी। वित्त मंत्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा। उत्तर प्रदेश के पूर्व अग्निवीरों को प्रदेश सरकार के इस निर्णय का लाभ मिलेगा।

**6 कमरे और 12 बेड की होगी अनुमति:** उत्तर प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) एवं होम स्टे नीति-2025 को भी मंजूरी दे दी गई। इस नई नीति का उद्देश्य राज्य के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को ठहरने की बेहतर और सुलभ सुविधा उपलब्ध करना है। पर्यटन विभाग के इस प्रस्ताव से प्रमुख धार्मिक या पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों के आवास की समस्या का समाधान होगा। बीएंडबी एवं होमस्टे नीति-2025 के अनुसार धार्मिक और पर्यटन स्थलों में कोई भी व्यक्ति अपने 1 से 6 कमरों तक की इकाई को होमस्टे के रूप में रजिस्टर करा सकता है। इसके तहत, अधिकतम 12 बेड की अनुमति होगी।

कोई भी पर्यटक लगातार 7 दिन तक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए यहां ठहर सकता है। इससे अधिक ठहरने की स्थिति में रिन्यूअल की भी व्यवस्था होगी। अनुमति की प्रक्रिया जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की अगुवाई वाली कमेटी के माध्यम से पूरी की जाएगी।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत होगा अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण

*सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ करने एवं राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए मॉडल उचित दर दुकानों/अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इन भवनों के निर्माण में गति लाने के लिए राजकोषीय बचत से भी अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण का निर्णय लिया गया है। अब मनरेगा के अतिरिक्त राज्य वित्त आयोग, सांसद निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, बुन्देलखण्ड विकास निधि या अन्य किसी राज्य या केन्द्र सरकार की योजना, जिसमें इनका निर्माण अनुमन्य है, अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कराया जा सकेगा।*

### 5 मेगा श्रेणी को प्रोत्साहन धनराशि स्वीकृति

योगी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017' के तहत मेगा श्रेणी के औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा 5 इकाईयों को प्रोत्साहन धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत, एसएलएमजी बेवरेज प्रा० लि०, बाराबंकी को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन / सुविधाओं की प्रथम किस्त के रूप में 38,73,01,888 रुपए, सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स प्रा. लि. मुजफ्फरनगर को 1,88,99,905 रुपए, एसीसी लि., अमेठी को 17,28,07,828 वंडर सीमेन्ट लि. अलीगढ़ को 38,32,30,659 और मून वेबरेजेज हापुड़ को अनुमन्य वितीय प्रोत्साहन की प्रथम किस्त की धनराशि 8,68,31,672 रुपए की वितीय स्वीकृति दी गई।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. मानिक शाह का पटना डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल में सम्मान समारोह

## पुलिस की सजगता से बस में सवार 70 यात्रियों की बची जान

**जयपुर।** तूंगा थाना इलाके में उस समय दहशत का माहौल हो गया,जब मुरैना से जयपुर जा रही एक स्लीपर कोच बस में सोमवार मध्य रात्रि में अचानक आग लग गई। लेकिन थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त कर पुलिस की सजगता से बड़ा हादसा टल गया और बस में सवार करीब 70 यात्रियों की जान बच गई। पुलिस टीम ने तुरंत अपने वाहन को आगे लगाकर बस को रुकवाया और बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और स्थिति को संभाला। इस दौरान ड्राइवर को भी आग का मालूम नहीं चला। सूचना मिलते ही थाने से पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में मदद की। थोड़ी ही देर में जयपुर पूर्व पुलिस उपायुक्त तेजस्विनी गौतम और थानाधिकारी श्रीराम मीणा भी मौके पर पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। थानाधिकारी श्रीराम मीणा ने बताया कि वीर तेजाजी धर्मकांटे के पास बस के टायरों में आग लग गई।

## जैन आचार्य लोकेश जी ने किया विश्व शांति केंद्र में बच्चों के ग्रीष्म कालीन शिविर का शुभारंभ



**गुरुग्राम/नई दिल्ली:** विश्व विख्यात जैन आचार्य लोकेशजी के सानिध्य में गुरुग्राम स्थित विश्व शांति केंद्र में बच्चों के लिए ग्रीष्म कालीन शिविर का शुभारंभ हुआ शिविर के माध्यम से बच्चे जंक फूड और मोबाइल की लत से पा रहे हैं छुटकारा तथा उनमें अनुशासन, बड़ों का सम्मान एवं राष्ट्र भक्ति के प्रति जागरूकता पैदा हो रही है विश्व शांति केंद्र में जाति, पंथ, मजहब से परे बच्चों में सद संस्कारों का बीजारोपण हो रहा है विश्व शांति केंद्र के संस्थापक आचार्य लोकेशजी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग, खेल, कला व संस्कारों का प्रशिक्षण बेहद आवश्यक हैं विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेश ने उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुये कहा कि इस समर कैंप मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित और पर्यवेक्षित वातावरण में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका शारीरिक और मानसिक विकास करना है।

शिविर में बच्चों के लिए योग, खेल, नृत्य, रचनात्मक गतिविधियाँ, शिक्षा और अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ होंगी, जो उनकी शिक्षा और व्यक्तिगत विकास में मदद करती हैं अहिंसा विश्व भारती के तत्वाधान में आयोजित शिविर को सफल बनाने के लिए योगाचार्य करण, दयाराम, विनीत कुमार सहित विश्व शांति केंद्र के सभी कार्यकर्ता निरंतर प्रयासरत हैं गुरुग्राम सैक्टर 39 के विश्व शांति केंद्र में आयोजित हो रहे इस समर कैंप के लिए क्षेत्र के बच्चों में बेहद उत्साह है।

# मायावती ने दलित नाबालिंग बच्ची से दुष्कर्म पर बिहार सरकार को घेरा

**लखनऊ।** मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला है और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। मंगलवार को बसपा प्रमुख मायावती ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि बिहार के जिला मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग के साथ दुष्कर्म और उसको चाकू से मारने की घटना हुई। बाद में



घायल बच्ची के इलाज में पटना अस्पताल में लापरवाही से हुई, जिससे उसकी मौत हो गई। यह ताजा घटना राज्य की बदहाल कानून व स्वास्थ्य व्यवस्था का जीता-जागता प्रमाण है, जो अति-निन्दनीय एवं चिन्तनीय है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिहार कब बदलेगा? बसपा प्रमुख ने सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कीं।

**दलित उत्पीड़न**

- बसपा प्रमुख ने कहा कि बिहार कब बदलेगा? सभी दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कीं।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से आर्थिक असमानता की दीवार टूट रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से आर्थिक असमानता की दीवार टूट रही है। योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। यह धनराशि बढ़ने के बाद गोरखपुर में बीते 27 मई को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 1200 जोड़ों का विवाह समारोह संपन्न किया जा चुका है। अब योगी सरकार के निर्देश पर अगले सीजन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। पात्रता मानकों और सहायता राशि में बढ़ोतरी के बाद समाज कल्याण विभाग और जिला स्तरीय अधिकारी पात्र व्यक्तियों की पहचान और सत्यापन में जुट गए हैं। शासन स्तर से जनपदीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार की जाए और इस संबंध में समर्पित अभियान चलाया जाए, जिससे हर वास्तविक पात्र को योजना का लाभ मिल सके। सभी जिलों में पारदर्शी और सटीक तरीके से आवेदन की जांच की जाए।

**योजना लाभ**

- पिछले 8 वर्ष में दलित वर्ग के 2.20 लाख, पिछड़ा वर्ग के 1.30 लाख बेटियों को मिल चुका है लाभ

## पटना-जसीडीह मेमू ट्रेन में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**पटना।** बिहार के जमुई स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13208 पटना-जसीडीह मेमू के दो कोच के बीच के कनेक्शन तार में मंगलवार को अचानक आग लग गयी। ट्रेन में आग लगने की जानकारी मिलते ही यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गई, लेकिन त्वरित कार्रवाई से स्थिति पर काबू पा लिया गया और किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ट्रेन दोपहर लगभग 2 बजे मलयपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 पर पहुंची।

**बिहार सरकार** दूसरी सर्वाधिक बहाली नगर विकास एवं आवास विभाग में 1350 पदों पर होगी

# विभिन्न विभागों में 4 हजार 799 पदों पर होगी बहाली

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को राज्य सरकार ने अलग-अलग विभागों में 4 हजार 799 पदों पर बहाली करने सहित कुल 47 प्रस्ताव को मंजूरी दी। सर्वाधिक शिक्षा विभाग में 2361 अलग-अलग पदों पर नियुक्ति की जाएगी। दूसरी सर्वाधिक बहाली नगर विकास एवं आवास विभाग में 1350 पदों पर होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया कि शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षा पदाधिकारी के 935 एवं शिक्षा विकास पदाधिकारी के 568 यानी कुल



1503 पदों पर बहाली होगी। औसतन 10 पंचायतों पर एक निरीक्षण पदाधिकारी के पद का सृजन कर प्रखंड स्तर पर एक सुदृढ़ प्रशासनिक संरचना विकसित करने के उद्देश्य से पंचायतों की संख्या के आधार पर सहायक शिक्षा पदाधिकारी और शैक्षणिक प्रखंडों की संख्या के आधार पर शिक्षा विकास पदाधिकारी के पदों का सृजन किया गया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद में भी विभिन्न स्तर के 818 पदों की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग में सरकारी विद्यालयों या शैक्षणिक संस्थानों या कार्यालयों में जमीन का सत्यापन, जमीन विवरण एकत्र करने और इनके संरक्षण के लिए 2 भू-संपदा पदाधिकारी और सहायक भू-संपदा पदाधिकारी के 38 पद बनाए गए हैं। इन पर भी जल्द बहाली होगी। नगर विकास एवं आवास विभाग में 1350 पदों पर बहाली होगी। 7 आयोजन क्षेत्र प्राधिकार बोधगया, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, आरा, मुजफ्फरपुर और सहरसा में 147 को प्रत्यार्पित करते हुए 1350 पद का सृजन किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग में 653 पदों पर बहाली होगी। इसमें राज्य स्तरीय 43, जिला स्तर पर 76 (प्रत्येक जिला के लिए 2-2 पद) और प्रखंड स्तर पर 534 पद पर बहाली की जाएगी।

